संसेक्स 72,152.00 ▲ -34.09
डॉलर 82.988 ▼ -0.083

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 08.0 | 19.0 |
| धनबाद | 25.0 | 08.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 11.0 | 23.0 |
| पलामू | 24.0 | 08.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 08 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 113, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — झारखंड- बिहार में शिक्षा जगत को डीएवी के 40 वर्ष ...8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


अपीलीय अदालत के आदेश को चुनौती देंगे ...12 — देश/विदेश







### सूचना

'राष्ट्रीय नवीन मेल' कम से कम कीमत में एक साफ सुथरा अखबार आपको देने की नीति पर चलता रहा है पर महंगाई और न्यूज प्रिंट के मूल्य में वृद्धि के कारण इसकी कीमत में मामूली वृद्धि कर तीन रुपए कर दी गई है। आशा है आप सभी का सहयोग पूर्ववत मिलता रहेगा।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# शादी की सालगिरह पर हेमंत से मिलने ईडी दफ्तर पहुंचीं कल्पना

**सोशल मीडिया पर लिखा भावुक पोस्ट**

**एक्स पर लिखा : मैं भावुक नहीं होऊंगी, वीर झारखंडी योद्धा की जीवन संगिनी हूं, संघर्ष में पति की शक्ति बनूंगी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन अपनी शादी की 18वीं सालगिरह पर उनसे मिलने ईडी के दफ्तर पहुंचीं। वह करीब 15 मिनट तक पति के पास रहीं। हेमंत सोरेन पिछले पांच दिनों से ईडी की रिमांड पर हैं। इसके पहले 31 जनवरी की रात उन्हें रांची के बरियातू में करीब साढ़े आठ एकड़ जमीन के घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। कल्पना सोरेन की शादी की 18वीं सालगिरह पर हेमंत सोरेन के फेसबुक वॉल और एक्स हैंडल पर उन्होंने भावुक पोस्ट लिखा.. झारखंड के अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए हेमंत ने झुकना स्वीकार नहीं किया। उन्होंने षड्यंत्र से लड़ना और उसे हराने के लिए अपने आप को समर्पित करना बेहतर समझा। आज हमारी शादी की 18वीं सालगिरह है, पर हेमंत परिवार के बीच नहीं हैं। बच्चों के साथ नहीं हैं। विश्वास है वो इस षड्यंत्र को हराकर और विजेता बनकर शीघ्र हम सभी के साथ होंगे। मैं एक वीर झारखंडी योद्धा की जीवन संगनी हूं। आज के दिन मैं भावुक नहीं होऊंगी। हेमंत की तरह ही विषम परिस्थितियों में भी मुस्कुराते हुए उनके साहस और संघर्ष की शक्ति बनूंगी। मालूम हो कि हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन की शादी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



# पलामू में महिला की गोली मारकर हत्या

**बाइक से आये अपराधियों ने होटल में घुसकर दिया घटना को अंजाम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के शदीक चौक के पास अज्ञात अपराधियों ने शहर के भट्टी मोहल्ला निवासी नमिता देवी उम्र 55 वर्ष की गोली मार कर हत्या कर दी। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर 2:30 बजे नमिता देवी शदीक चौक स्थित एक होटल में बैठी हुई थी। इस दौरान बाइक से पहुंचे अपराधियों ने होटल में घुसकर उनके सिर में गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को स्थानीय लोगों के द्वारा मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों के द्वारा उन्हें बेहतर इलाज के लिए शहर के एक निजी क्लीनिक में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### पति और बेटे की भी हो चुकी है हत्या

बताया जाता है कि नमिता देवी जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि जमीन को लेकर कुछ लोगों के साथ उसका विवाद भी चल रहा था। परिजनों ने विवाद की जानकारी पुलिस को भी दी थी। कुछ वर्ष पहले उसके बेटे और पति की भी हत्या हुई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि कुछ दिनों से एक जमीन के मामले में दो युवकों के साथ नमिता देवी का विवाद चल रहा था। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएम ने ऊर्जा विभाग को दिए खास निर्देश

# राज्य के लोगों को 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की नई सरकार ने बुधवार को राज्य के लोगों को बड़ा मोहफा देते हुए 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने इसके लिए ऊर्जा विभाग को प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। राज्य में अब तक उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक बिजली के लिए कोई बिल नहीं चुकाना पड़ता है। सीएम ने अफसरों को कहा कि वंचित टोलों तक बिजली पहुंचाने के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं। इस तरह वर्तमान उपभोक्ताओं को अतिरिक्त 25 यूनिट का शुल्क नहीं देना होगा। सीएम चंपई सोरेन बुधवार को झारखंड मंत्रालय में वित्तीय वर्ष 2023- 24 की राजस्व प्राप्तियों और व्यय को लेकर विभिन्न विभागों के अफसरों के साथ रिव्यू मीटिंग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब दो महीने से कम का समय बचा है। ऐसे में सभी विभाग अपने बजट की राशि के खर्चे में तेजी लाएं ताकि जो लक्ष्य निर्धारित है, उसे पूरा कर सकें। सीएम ने राज्य में लाई गई यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के लिए 50 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने वाली महिलाओं के चयन का अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर पिछले वर्ष 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित लिए गए आवेदनों पर हुई कार्रवाई के बारे में भी सीएम ने जवाब मांगा। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 59 लाख 28 हजार से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

- **25 यूनिट अतिरिक्त बिजली का शुल्क अब नहीं देना होगा**
- **9,000 किमी सड़क मरम्मत की दी जा चुकी है स्वीकृति**
- **50 वर्ष वाली महिलाओं का चयन पेंशन के लिए शुरू करें**
- **02 माह का समय चालू वित्तीय वर्ष के समापन में है बाकी**
- **59 लाख से ज्यादा आवेदन मिले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में**
- **60 से ज्यादा आवेदनों का किया जा चुका है निष्पादन**



### मुख्यमंत्री के दिये गये अन्य निर्देश

- सभी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए
- सरकार द्वारा धान क्रय को लेकर किसानों को समय पर राशि का भुगतान किया जाए
- हरा राशन कार्डधारियों को हर महीने अनाज देने और पीडीएस डीलरों के कमीशन बढ़ाने की प्रक्रिया जल्द पूरी करने का निर्देश
- जनजातीय भाषाओं के लिए शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द पूरी हो
- 12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की पहल जल्द शुरू करें
- 5 वर्ष से पुराने सभी सड़कों की मरम्मत कराने का भी मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया
- मुख्यमंत्री ने सिदो- कान्हू क्लब के गठन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने का निर्देश दिया
- अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 28 हजार सिदो- कान्हू क्लब का गठन हो चुका है
- इसके रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है, सभी रजिस्टर्ड क्लब को हर वर्ष 25 हजार रुपए दिए जाएंगे।

# चतरा में पुलिस टीम पर नक्सलियों का हमला, दो जवान शहीद

**तीन जवान घायल, एक की स्थिति गंभीर, पुलिस का दावा-मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों को भी लगी गोली**

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**





चतरा जिले के जोरी वशिष्ट नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरियों जंगल में बुधवार को नक्सलियों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी शहीद हो गये। वहीं तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। इनमें गंभीर रूप से घायल आकाश सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायलों का सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। शहीद जवानों में सिकंदर सिंह वजीरगंज गया के रहने वाले और सुकन राम पलामू तरहसी गांव के रहने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि मुठभेड़ स्थल पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। उग्रवादियों के धर-पकड़ के लिए जिला मुख्यालय से अतिरिक्त बल को रवाना किया गया है। अभियान का नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक स्वयं कर रहे हैं। प्राप्त सूत्रों के अनुसार सदर और वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित गंहरतरी गांव में अवैध अफीम की खोती नष्ट करने के लिए पुलिस बल और वन कर्मियों की टीम गई हुई थी। अभियान में सदर व वशिष्ठ नगर थाना के पुलिस कर्मी शामिल थे। अवैधा खेती नष्ट करके वापस लौटने के क्रम में भुइयांडीह गांव से कान्हाचट्टी जाने वाली सड़क बेरियों जंगल में पहले से घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस बल पर हमला बोल दिया, जिसमें पांच जवान जख्मी हो गए। जख्मी जवानों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। इसी क्रम में सिकंदर सिंह और सुकुर राम बलिदान शहीद हो गए, जबकि आकाश सिंह, कृष्ण लाल हाजरा और संजय लुगुन को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती किया गया। वहीं मुठभेड़ के बाद अतिरिक्त बल के साथ जंगल में पुलिस नक्सलियों की टोह में सघन छापामारी कर रही है। रुक-रुक कर दोनों तरफ से गोलियां चल रही हैं। पुलिस का दावा है कि मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों को भी गोलियां लगी हैं। वहीं घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त अबु इमरान घायलों से मिलने सदर अस्पताल पहुंचे और कहा कि घटना दुखद है।

### पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,470
चांदी (किलो) 70,400

### एक नजर

**हेमंत सोरेन की ईडी रिमांड और पांच दिन के लिए बढ़ी**

**रांची।** रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ईडी रिमांड की अवधि पांच दिनों के लिए बढ़ा दी है। ईडी उनसे 3 फरवरी से लगातार पूछताछ कर रही है। पूर्व में मंजूर की गई रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोरेन को बुधवार दोपहर 2.30 बजे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पेशी के दौरान परिसर में झामुमो कार्यकर्ता और सोरेन के समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उन्होंने हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए। सोरेन की कोर्ट में पेशी के दौरान ईडी ने न्यायाधीश से कहा कि अभी सोरेन से पूछताछ पूरी नहीं हुई है। उन्होंने सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दिए हैं, इसलिए रिमांड की अवधि सात दिन और बढ़ाई जाए। इस पर कोर्ट ने और पांच दिन की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### विश्वविद्यालयों में पठन-पाठन होगा चुस्त-दुरुस्त

# राज्यपाल राधाकृष्णन ने किया सलाहकार कमेटी का गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विश्वविद्यालयों और उसके अंतर्गत आने वाले कॉलेजों में पठन-पाठन को चुस्त दुरुस्त करने के लिए 17 सदस्य सलाहकार समिति का गठन किया है। इस 17 सदस्यीय सलाहकार समिति के गठन की अधिसूचना महामहिम के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने जारी की है। समिति के अध्यक्ष राज्यपाल के शैक्षिक सलाहकार ई बाला गुरु स्वामी हैं। इसमें झारखंड राज्य के छह विश्वविद्यालयों के कुलपति भी शामिल किये गये हैं। जिनमें पलामू प्रमंडल के एकमात्र राज्य विवि एनपीयू के प्रभारी कुलपति तपन कुमार शांडिल्य भी हैं। राज्यपाल के प्रधान सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के सचिव को भी इस 17 सदस्यीय समिति का सदस्य बनाया गया है। सलाहकार समिति राज्य के 12 विश्वविद्यालयों और उसके अंतर्गत आने वाले कॉलेजों में पठन-पाठन का अंकेक्षण (ऑडिट) करेगी। समिति हर तीन महीने में बैठक कर आवश्यक योजना बनायेगी।

## इंडिया: भाषाओं की जानकारी से आंकी जा रही है स्वास्थ्य की स्थिति



सुनील बादल

**अक्सर** हम देखते हैं हमारे आसपास ऐसे लोग होते हैं जिन्होने उम्र पर विजयी पाई होती है । वरिष्ठ पत्रकारों, वकीलों, प्राध्यापकों और व्यावसायियों के अलावा चिकित्सकों के अनुभव और उनकी स्मरण शक्ति के कारण जीवनपर्यंत उन्हें समाज के अलावा बाजार भी महत्व देता है । अब तो सरकारों ने भी प्राध्यापकों और चिकित्सकों की सरकारी नौकरी से सेवानिवृति की आयु 65 वर्ष तक बढ़ा दी है । विश्व में आज एक नई शुरूआत हुई है एक 57 साल के व्यक्ति ने उन्होंने फ्रेंच भाषा सीखने का फैसला किया। उन्होंने एक ट्यूटर तलाशा और पूरी लगन से पढ़ाई की। उनके पिता और दादी अपनी वृद्धावस्था में अल्जाइमर्स रोग की शिकार हुई थीं और उन्होने एक ताजा शोध के बारे में पढ़ा कि द्विभाषी लोगों में अल्जाइमर्स रोग से ग्रसित होने की आशंका कम होती है। यही वजह थी कि उन्होने फ्रेंच भाषा सीखने का फैसला किया।भाषा सिखाने वाले एक अग्रणी ऐप द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार, 57 फीसदी लोग मानसिक तौर पर ज्यादा स्वस्थ होने की चाह के चलते दूसरी भाषा सीखना चाहते थे। सवाल यह है कि क्या इस तरह आकस्मिक ढंग से दूसरी भाषा सीखने के वही लाभ मिलते हैं, जो कम आयु से ही कई भाषाओं का ज्ञान रखने से होते हैं ? सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मार्क एंटोनियो के अनुसार, 'दैनिक जीवन में हम भाषा का उपयोग कई तरह से करते हैं। ऐसे में, एक द्विभाषी मस्तिष्क लगातार काम करता रहता है। यह उसके लिए कसरत की तरह होता है।' जाहिर है कि जो लोग युवावस्था से ही एक से ज्यादा भाषाएं बोलते हैं, वे वृद्धावस्था में भी मानसिक तौर पर ज्यादा स्वस्थ होते हैं। पेरिस के ब्रोका अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य के एक शोधार्थी कैटलिन वेयर के अनुसार, 'आप किस उम्र में दूसरी भाषा सीखते हैं, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आप उसका अभ्यास कितना कर रहे हैं।' 2007 में इस विषय पर एक ऐतिहासिक शोध पत्र प्रकाशित हुआ था, जिसके अनुसार डिमेंशिया से पीड़ित लोगों में, जो दो भाषाओं को बोलने वाले थे, उनमें रोग के लक्षण दूसरे मरीजों की तुलना में चार साल बाद विकसित हुए। डॉ. एंटोनियो के शोध में यह भी पाया गया कि 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के चीनी वयस्कों द्वारा छह महीने तक दूसरी भाषा सीखने के बाद उनकी हालत में सुधार देखा गया। एक अन्य प्रयोग में इटली में वृद्ध लोगों के एक समूह ने चार महीने तक अंग्रेजी भाषा सीखी, लेकिन उनमें कोई सुधार तो नहीं आया, अलबत्ता उसी समूह के कुछ दूसरे वृद्धों, जिन्होंने कोई भाषा नहीं सीखी, उनकी स्थिति में गिरावट जरूर दिखी।जर्मनी की हीडलबर्ग यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर जूडिथ ग्रॉसमैन कहती हैं, 'यह कोई नहीं कहता कि वृद्धावस्था में छह महीने तक दूसरी भाषा सीखने का वही प्रभाव होगा, जो जीवन भर दो भाषाएं बोलने का होता है। लेकिन देर से सही, दो भाषाएं सीखने का कुछ प्रभाव तो हर स्थिति में होता है।' दूसरी भाषा सीखने से आपको लगातार दूसरे समुदायों से जुड़ने का मौका मिलता है और आप मानसिक तौर पर भी सतर्क बने रहते हैं। भारत की बात करें तो रतन टाटा, हीरो समूह के चेयरमैन व संस्थापक बृजमोहन लाल मुंजाल, वकील राम जेठमलानी,वरिष्ठ पत्रकार बलबीर दत्त,सुषमा स्वराज सहित अनेकों लोग हमारे आसपास मिल जाएंगे जो सादगी,तनावरहित और मेहनत के बलबूते वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रेरणा के स्त्रोत बने हुए थे या हैं जबकि अनेकों लोग बड़ी झबड़ी पोजीशन से अवकाश लेने के बाद अवसाद या भूलने की बीमारी जैसे रोगों से ग्रस्त हो जाते हैं।



## एक नजर

### टेंपो खड़ा करने को लेकर मारपीट में एक घायल

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के डिहरी विश्रामपुर गांव में घर के सामने टेंपो खड़ा करने को लेकर हुयी मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। भुक्तभोगी नागेंद्र कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाने में गांव के ही रंजय सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। नागेंद्र ने थाने में प्रेषित आवेदन में बताया है कि उनके घर के सामने आरोपी रंजय सिंह अपना टेंपो खड़ा कर देता है। मना करने पर वह गाली-गलौज करते हुये उनके साथ मारपीट करने लगा। पत्थर से प्रहार कर देने के कारण उनकी पीठ में गंभीर चोट लगी है। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को जुटता देख आरोपी उनके गले से सोने की चेन नोच कर भाग गया। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### प्लास्टिक व माइक्रो वैस्कुलर सर्जरी पर परामर्श कल

**मेदिनीनगर।** शहर के हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अरुण शुक्ला के जेलहाता स्थित क्लीनिक वनजा आरोग्य केंद्र में नौ फरवरी को प्लास्टिक एवं माइक्रो वैस्कुलर सर्जरी के झारखंड के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. विवेक गोस्वामी बाहरी मरीजों को चिकित्सीय परामर्श देंगे। डॉ अरूण शुक्ला ने बताया कि आमतौर पर दुर्घटना में किसी भी प्रकार के क्षतिग्रस्त अंगों को ठीक करने, जलने के पश्चात हुए शारीरिक विकृतियों को ठीक करने या शरीर के किसी भी अंग का जन्मजात या उसके पश्चात आये विकृतियों का प्लास्टिक सर्जरी द्वारा उत्तम इलाज संभव है। उन्होंने बताया कि सुप्रसिद्ध प्लास्टिक एवं माइक्रो वैस्कुलर सर्जन डॉ. विवेक गोस्वामी ने नौ फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक मरीज चिकित्सकीय परामर्श ले सकते हैं।

### पांकी में लोकसभा संवाद कार्यक्रम का आयोजन, बुलंद की आवाज

# विधायक कमलेश ने चतरा लोस से पेश की दावेदारी



**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** प्रखंड के थाना रोड स्थित प्रसिद्ध समाजसेवी प्रिंस सिंह के आवास में बुधवार की दोपहर एनसीपी के प्रदेश संगठन मंत्री बीनू सिंह की अध्यक्षता में विधायक कमलेश कुमार सिंह के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की ओर से अपनी दावेदारी पेश करने को लेकर लोकसभा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम के शुरूआत में प्रखंड क्षेत्र के कोने-कोने से पहुंचे ग्रामीणों ने चतरा लोकसभा की स्थिति को प्रदर्शित करते हुए कहा कि वर्तमान सांसद क्षेत्र से लगातार गायब रहते हैं। जिस कारण चतरा लोक सभा क्षेत्र में विकास कार्यों का घोर अभाव है। सड़कें, पुल-पुलिया, शिक्षा, रोजगार सहित अन्य विकास कार्य पूरी तरह से बाधित हैं। ग्रामीणों ने एक स्वर में आगामी लोकसभा चुनाव में प्रतिनिधि बदलने की ठान ली है। उन्होंने बेहतर विकल्प के रूप में हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह को इस बार सांसद बनाने की अपनी सहमति भी प्रदान की। जिला परिषद सदस्य मुकेश सिंह चंदेल ने कहा कि हुसैनाबाद विधायक अपनी कार्य कुशलता एवं बेहतर कार्य को लेकर पूरे झारखंड में अलग पहचान बनाये हुये हैं। मौके पर उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, मुखिया मुकेश सिंह, अरविंद सिंह, पूर्व मुखिया रणधीर सिंह, निरंजन सिंह, विजय सिंह, सत्यदेव सिंह, राजेंद्र ओझा, सुनील ठाकुर उपस्थित थे।

### एनसीपी अजीत गुट की घड़ी बरकरार

**प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई**

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ चुनाव चिन्ह घड़ी बरकरार रखने संबंधी मंगलवार को चुनाव आयोग के निर्णय का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने स्वागत किया है। उन्होंने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि सच्चाई की हमेशा जीत होती है। उन्होंने पार्टी को मान्यता मिलने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार व झारखंड प्रभारी प्रफुल्ल पटेल को दूरभाष पर बधाई दी है। उन्होंने इस निर्णय की खुशी में एनसीपी के प्रदेश कार्यालय समेत राज्य के विभिन्न जिलों व प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता व कार्यकर्ताओं को इससे अवगत कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी एनडीए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। केंद्र में नरेंद्र भाई मोदी को झारखंड से 14 की 14 सीटें देने का काम पार्टी करेगी। साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाकर राज्य में स्वच्छ और जनता के भरोसे वाली सरकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

# राहुल गांधी से मिले झारखण्ड कांग्रेस के प्रवक्ता ऋषिकेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विधानसभा क्षेत्र निवासी ऋषिकेश सिंह ने मणिपुर से मुंबई तक कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान झारखण्ड के गुमला जिला में मुलाकात की। इस अवसर पर ऋषीकेश सिंह ने राहुल गांधी को प्रदेश के साथ जिले के राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिकों को भी पलामू में न्याय यात्रा के पहुंचने का बेसब्री से इंतजार है। जिले में न्याय यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत होगा। श्री सिंह भारत जोड़ो यात्रा में भी राहुल गांधी के साथ कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत यात्री रहे थे। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा को पूरे देश में जनता का अपार समर्थन मिल रहा है।

### प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा पात्रों को ही मिलेगा लाभ

# अबुआ आवास योजना के लाभुकों की होगी जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राज कुमार प्रसाद यादव ने बुधवार को बताया कि अबुआ आवास के लाभुकों के चयन में भारी गड़बड़ी की आशंका के मद्देनजर लाभुकों की नये सिरे से जांच की जायेगी। अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि बड़े पैमाने पर अबुआ आवास में गड़बड़ी की शिकायत मिल रही है। जिनको पहले आवास मिल चुका है। उसी परिवार वालों के नाम भी आवास लाभार्थी की सूची में है। पैसे उगाही की बात भी सामने आ रही



है। एक - एक आवास लाभार्थी की जांच होगी। जांच में गलत पाये जाने पर कार्रवाई के लिए पलामू उपायुक्त को लिखेंगे। अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड सरकार ने गरीब-गुरबों, वंचितों के लिए अबुआ आवास की योजना लाई है। इसे लूट की योजना नहीं बनने देंगे। झारखंड सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना हर गरीबों तक हर हालत में पहुंचेगी। ज्ञात हो कि छह जनवरी को धावाडीह पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास लाभुकों के चयन के लिए बुलाई गई ग्राम सभा में अबुआ आवास में गड़बड़ी का मामला उठा था। इसी प्रकार चार जनवरी को सदर प्रखंड के लहलहे पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा में भी आवास चयन में गड़बड़ी को लेकर हंगामा हुआ था।

### पांच दिनों से अधेड़ लापता, परिजन चिंतित



**हरिहरगंज।** सीमावर्ती बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुटुंबा थाना क्षेत्र के पिपरा बगाही गांव के एक अधेड़ व्यक्ति के पांच दिनों से घर से लापता होने पर परिजनों को चिंता सता रही है। लापता 55 वर्षीय धुकूर भुइयां दो फरवरी को रोज की तरह घर से टहलने के लिये निकले थे, लेकिन लौटकर घर नहीं पहुंचे। उनके बड़े लड़के संजय भुइयां का कहना है कि उनके पिताजी की याददाश्त कमजोर है। काफी खोजबीन करने और कुटुंबा थाना में सनहा दर्ज करने के बाद भी कहीं पता नहीं चलने से परिजनों को किसी अनहोनी की चिंता सता रही है।

# क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता

### मुकेश मेहता ने अनुमंडल के 13वें एसडीपीओ के रूप में दिया योगदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अपराध पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता है। पुलिसिंग के तहत जो कार्य है, उसकी जिम्मेवारी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उक्त बातें हुसैनाबाद के 13वें एसडीपीओ के रुप में मुकेश कुमार महतो ने बुधवार को अनुमंडल मुख्यालय में योगदान लेने के बाद वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि थाना स्तर का कोई भी शिकायत हो तो निर्भिक होकर मिलें,समस्यायों का निष्पादन किया जाएगा। एसडीपीओ ने कहा की पुलिस से भयभीत ना हों। पुलिस का काम है न्याय दिलाना। अगर जनता के साथ किसी तरह का क्राइम होता है तो पुलिस तक मामला पहुंचायें। पुलिस और पब्लिक के संबंधों को बेहतर बनाने की जरुरत है। उन्होंने मीडिया से बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिसिंग व्यवस्था में सुधार करने की बात कही। बैठक में शामिल संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वाहन चेकिंग अभियान अपने -अपने क्षेत्रों में सुचारू रूप से चलाएं। इस बैठक में मुख्य रूप से डीएसपी दीपक कुमार, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सौरभ कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी सह हैदरनगर थाना प्रभारी राजीव रंजन, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार, महिला थाना प्रभारी सुरबाल, देवरी ओपी के अखिलेश यादव, दंगवार ओपी प्रभारी रविशंकर कुमार, कमगारपुर पिकेट प्रभारी सचिदानंद शर्मा, डीएसपी रीडर चंद्रशेखर कुमार मौजूद थे।

### मुखिया संघ ने प्रखंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# ग्रामसभा की सूची का अनुपालन नहीं तो आंदोलन तय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड मुखिया का प्रतिनिधि मंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग को अबुआ आवास से जुड़े मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही ग्राम सभा में निर्धारित प्राथमिकता सूची का अनुपालन करते हुए आवास बनवाने की मांग की। मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि अबुआ आवास के लिए ग्राम सभा कर तैयार की गई प्राथमिकता सूची और विभाग से प्रकाशित प्राथमिकता सूची में विसंगति है। इस कारण योग्य लाभुक अबुआ आवास से वंचित हो जा रहे हैं। मुखिया संघ ने बीडीओ से प्राथमिकता सूची में सुधार करने का आग्रह किया है। आवेदन में बताया गया है कि पिछले माह पांच जनवरी को ग्राम सभा से चयनित प्राथमिकता सूची को विभाग ने अनुमोदित भी किया है, इसके बावजूद सुधार नहीं किया गया । मुखिया ने प्राथमिकता सूची में सुधार और ग्रामसभा के अनुसार आवास का आवंटन और जियो टैग नहीं किए जाने के बाद चरणबद्ध आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है। रजवाडीह के मुखिया अनुज त्रिपाठी, चियांकि की मुखिया बिको उरांव, जोड़ की मुखिया प्रभा देवी, सुआ की मुखिया दुलारी देवी, कौडिया की मुखिया कुमारी अंजना सिंह आदि ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा है।

### आरसीयू परिसर में कार्यशाला का आयोजन, किया गया मंथन

# हक-अधिकार के लिए एकजुट होना होगा : अमरकांत

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** झारखंड जर्नलिस्ट एशोसिएशन के बैनर तले पत्रकारों का कार्यशाला विश्रामपुर के रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। बुधवार को आयोजित उक्त कार्यशाला में काफी संख्या में विभिन्न इलाकों के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे। कार्यशाला की अध्यक्षता जेजेए प्रदेश अध्यक्ष सह रांची प्रेस क्लब के महासचिव अमरकांत ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अभी भी सरकार की ओर से जरूरी अनेकों सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। हर सरकार पत्रकारों के अधिकारों की अनदेखी ही की है। इसका मुख्य कारण है पत्रकारों का अलग-अलग समूहों में बंटा होना। उन्होंने कहा कि हक-अधिकार के लिये सभी को एकजुट होना होगा। आपसी मतभेदों को भूलकर सभी एक मंच पर आकर आवाज बुलंद करें।

### बदलते परिवेश में दायित्व बढ गया है : डा. ईश्वर सागर

रामचंद्र चंद्रवंशी यूनिवर्सिटी के चेयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना जी ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आलोचना से हमें खुशी होती है। आलोचना से ही कोई नेता बनता है। बदलते परिवेश में जिम्मेवारी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि उनके शिक्षण संस्थानों से निकले बच्चे देश और दुनिया में झारखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। जेजेए के प्रदेश महासचिव सियाराम शरण वर्मा ने कहा कि संगठन आपसी समन्वय से चलता है। संगठन से जुड़े साथी समय पर एक दूसरे के काम आएं यही प्रयास करना चाहिए। कार्यशाला में विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सामाजिक कार्यकर्ता इदरीश हवारी, अर्जुन चौधरी, आशुतोष गुप्ता, राजू सिंह, अनिल गुप्ता उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को दी गयी विदाई

# पठन-पाठन को सुदृढ़ बनाने की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर प्रस्तावित उच्च विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक योगेंद्र कुमार सिंह को भावभीनी विदाई दी गयी। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक इंद्रमणि कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में रामवि बिलासपुर की छात्राओं द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत की गयी। विद्यालय परिवार द्वारा सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को अंगवस्त्र व धार्मिक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति सचिव सह बक्शी उवि के पूर्व प्रधानाध्यापक सीताराम सिंह,ग्रामीण अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने उनके कार्यो की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं योगेंद्र सिंह ने कहा कि आपसी समन्वय से विद्यालय को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यहां से जो प्रेम मिला वह हमेशा याद रहेगा। मौके पर विनय कुमार सिंह, राम उमेद सिंह, प्रभात कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, जितेंद्र प्रसाद, सतीश कुमार, निरंजन प्रसाद, अक्षय कुमार चौहान, पंकज पासवान, कौशल किशोर मौजूद थे।

## हम सबों की एक ही पुकार, ओबीसी को मिले उसका अधिकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संकल्प हमारा, लड़ाई आपकी को पूरा करने के लिए आप सभी रविवार को मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में आयोजित विशाल जनसभा में पहुंचें और अपने हक व अधिकार की लड़ाई को मजबूती के साथ आगे बढ़ाएं। उक्त बातें ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के मंडल संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कही। अधिकार रथ के गांव भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि पूरे पलामू प्रमंडल में भ्रमण कर यह रथ नुक्कड़ सभा के माध्यम से ओबीसी समाज को जागृत करने का काम कर रहा है। ब्रह्मदेव प्रसाद ने नारायण पटेल, विनोद कुमार, शौंडिक समाज के अध्यक्ष सतीश कुमार साहू, विनय प्रसाद, संजय कुमार आदि के साथ अन्य लोगों को हनसभा में आने के लिए निमंत्रण भी दिया। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि यह आमंत्रण ओबीसी के पूरे समाज को है और हम सभी से आग्रह करते हैं कि लाखों की संख्या में लोग शिवाजी मैदान में उपस्थित होकर अपनी आवाज को बुलंद करें ताकि सत्ता के गलियारों में बैठे हुक्मरानों की नींद खुले और उन्हें भी पता चले कि हमें हमारा हक अधिकार मांगने आता है।

# इंटर की परीक्षा में 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जैक द्वारा संचालित इंटर की परीक्षा के दूसरे दिन बुधवार को हरिहरगंज के तीन परीक्षा केंद्रों पर इंग्लिश विषय की परीक्षा में 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान सीता टेन प्लस टू उच्च विद्यालय केंद्र पर पांच, बालिका उच्च विद्यालय केंद्र पर पांच व मोतीराज महिला कॉलेज केंद्र पर तीन परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुये। परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के दौरान प्रभारी बीडीओ सह सीओ कुमार अरविंद बेदीया ने बताया कि सभी केंद्रों पर विधि व्यवस्था के बीच कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि इंटर की परीक्षा कदाचार मुक्त बनाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान बीड़ीओ के साथ केंद्राधीक्षक डॉ. अजय कुमार राय, धर्मेंद्र कुमार सिंह, रंजीत कुमार, दंडाधिकारी सोनू सोनल, धर्मेंद्र कुमार, वीक्षक ओरेंद्र कुमार यादव, अंजली कुमारी, चंदन कुमार सिंह, डॉ. राजकुमार, योगेंद्र कुमार राम, डॉ. नागदेव यादव, डॉ. गोपाल शरण राणा, एसआई संजय सिंह मौजूद थे।

## संकल्प

## लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर का हुआ शपथ ग्रहण

# अधिकार व जवाबदेही की दिलाई गई शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर का चार्टर प्रेजेंटेशन एवं क्लब इंस्टॉलेशन भव्य तैयारी के साथ किया गया। बैरिया स्थित होटल सुमति में आयोजित समारोह में सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों के अलावा लायंस इंटरनेशनल क्लब के जिला 322 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल जैन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। श्री जैन ने लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर को चार्टर प्रेजेंटेशन किया। साथ ही सभी को चार्टर्ड पिन व चार्टर्ड सदस्यता प्रमाण पत्र दिया। वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2 संजय कुमार ने क्लब को इंस्टॉल करने की जिम्मेदारी संभाली। लायन समीर खन्ना ने क्लब का इंडक्शन करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन, के अध्यक्ष विजय सोनी व संचालन निलेश चंद्र ने किया। नवनियुक्त अध्यक्ष लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर डॉ प्रवीण सिद्धार्थ व उनकी पूरी टीम को उनके अधिकार एवं जवाबदेही के बारे में शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ प्रवीण ने अपना विजन एवं मिशन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि टीम में समाजसेवियों एवं महिला शक्ति के साथ डॉक्टरों की पूरी टीम है जिनके अलग-अलग क्षेत्र के एक्सपर्ट होने के के कारण हमें पूरा विश्वास है कि हर निर्णय में हमेशा सफल होंगे। अमुक प्रियदर्शी को सचिव व डॉ. निशांत को कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई गई। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव विशाल, डॉ. अभय कुमार, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. रवीश कुमार, स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. उदय सिंह, फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार के अलावा एडवोकेट लिली मिश्रा, समाजसेवी पुष्पा चंद्र, अनुराधा मिश्रा ने भी महिला शक्ति का परिचय दिया। व्यावसायिक एवं सामाजिक क्षेत्र से निलेश चंद्र, राघवेंद्र सिंह, नवीन पांडे, फिरोज अंसारी, अनूप कुमार, मनोज सोनी, सुमित पाठक, नवनीत कुमार, गुरवीर सिंह, रंजन अग्रवाल, रोहित जैन, आनंद केशव व रणजीत मिश्रा शामिल हैं। मौके पर आलोक माथुर, संजय पाठक, इंद्रजीत सिंह डिंपल, पियूष तुलस्यान, डॉ विनीत कुमार सिंह, लायंस फेमिना डाल्टनगंज के अध्यक्ष रेखा शर्मा, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव सत्यजीत गुप्ता, पलामू क्लब के सुधीर सिंह, एडवोकेट चितेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# क्रिकेट में बेलौदर व भलूवाड़ी ने जीते मैच



क्रिकेट मैच का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत बंजारी स्थित मैदान में टाइटन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित डू एंड डाई क्रिकेट टूनार्मेंट के दूसरे व तीसरे मैच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षक एहतेशाम अनवर व इंडियन पब्लिक स्कूल तथा जूनियर आरआर प्ले स्कूल के प्रिंसिपल इंजीनियर मो. राशिद फैजी तथा मैनेजिंग डायरेक्टर सह बीएसपी नेता इसरार आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि मोहल्ला स्तर पर नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने आयोजक कमेटी को आर्थिक मदद भी की। दूसरा मैच हरिहरगंज व बेलौदर की टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें बेलौदर की टीम ने बाजी मारी। भलूवाड़ी व मनसारा के बीच खेले गये तीसरे मुकाबले में भलूवाड़ी की टीम विजयी रही। इस अवसर पर डॉ. आरआर मिश्रा, तशाम आलम, मो. नियाज जेयाबुल्लाह, कादिर, महमूद, मनीष, जुबैर, मुजफ्फर, राजू रहमान, शाहनवाज ताहिर मौजूद थे।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

कहतें हैं शिक्षक ही मजबूत परिवार, समाज व देश के शिल्पकार होते है। शिक्षा ऐसी दी जाये कि विद्यार्थी महज किताबी कीड़ा न बनें। वे वैचारिक व चारित्रिक रूप से भी सबल हों।

अविनाश सिन्हा, असिस्टेंट प्रोफेसर, बीएड कॉलेज।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात की मौत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा ओवर ब्रिज के पास बुधवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। राहगीरों के द्वारा इस घटना की जानकारी जीआरपी थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना के एएसआई रविन्द्र उरांव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास में जुट गयी है।




आखिरकार मां तो मां ही होती है। खुद भले हीं पथरीली राहों पर घिसटे, किन्तु उसकी दुलारी को कोई शिकन न आये। यह सिर्फ मां ही कर सकती है। (छाया- भोला)

# छतरपुर में प्रार्थना सभा का आयोजन, वातावरण भक्तिमय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर के सरईडीह रोड स्थित सत्यनारायण सिंह भवन में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। दो दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान के दौरान सद् गुरुदेव की पूजा-अर्चना के बाद स्वर्वेद का अखंड पाठ हुआ। इसके बाद एकल कुंडीय विश्व शांति वैदिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। स्वर्वेद महा मंदिर धाम वाराणसी से आये यज्ञ पुरोहित संजीव पाठक एवं प्रदीप कुमार शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य यजमान राजेश भारद्वाज एवं उनकी धर्मपत्नी पूनम देवी सहित सैकड़ों भक्तों ने विश्व शांति की कामना को लेकर हवन कुंड में आहुति प्रदान की। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में डा. अभय कुमार ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। मुख्य अतिथि राज्य के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह ने सद् गुरुदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण कर विशेष सत्संग गोष्ठी का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री ललित सिंह ने कहा कि विहंगम योग की साधना से ही आत्मा और परमात्मा का साक्षात्कार होता है। सुभाष कौशिक एवं अनिल विश्वकर्मा ने भेदिक भजन प्रस्तुत किया। बिहार की उपदेष्टा कांति सिन्हा, बसंत पांडेय, विष्णुदेव मेहता, जनेश्वर सिंह आदि वक्ताओं ने सद्गुरु की महिमा, विहंगम योग के सिद्धांत एवं सद्गुरु सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला। मौके पर उत्पाद विभाग के पदाधिकारी सुधीर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अमीर तांती, आदि मौजूद थे।

**सद्गुरु की पूजा के बाद स्वर्वेद का अखंड पाठ**



## एक नजर

### सघन वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के निर्देश पर एसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में बुधवार को शहर थाना गेट के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहनों को रोककर सघन तलाशी ली गयी। इस दौरान बिना कागज,हेलमेट और लाइसेंस के वाहन चलाने वालों को सख्त हिदायत दी गयी। एसआई प्रवीण कुमार ने बताया कि हेलमेट व लाइसेंस लेकर न चलने वाले वाहन चालकों को अंतिम चेतावनी दी गयी है। ट्रिपल लोडिंग वालों को सशर्त चेतावनी दी गयी है।

### आदिवासी मेले में शिरकत करेंगे मंत्री व विधायक

**मेदिनीनगर।** पलामू में 11 फरवरी से आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ के लिये आयोजन समिति द्वारा मंत्री सत्यानंद भोक्ता के साथ प्रमंडल के सभी विधायकों को आमंत्रित किया है। मेला समिति के संपर्क प्रमुख भरदूल सिंह के नेतृत्व में मेला समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित प्रमंडल के विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर, रामेश्वर उरांव,रामचंद्र सिंह एवं आलोक कुमार चौरसिया से मिलकर उन्हें निमंत्रण पत्र दिया। मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, उपाध्यक्ष उपाध्याय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हृदया सिंह,रविंद्र सिंह,आदिवासी संस्कृति कार्यक्रम के प्रमुख एवं मेला समिति संयोजक अवधेश सिंह चेरो उपस्थित थे।

### खेल से होता है शारीरिक विकास

**मेदिनीनगर।** स्थानीय ओरियाकला में हिंदू एकता जीनियस क्रिकेट मैच का उद्घाटन अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष अजीत मेहता एवं युवा अध्यक्ष रणधीर उर्फ रिंकू मेहता के द्वारा फीता काट कर किया गया। मौके पर अध्यक्ष श्री मेहता ने कहा कि खेलकूद का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है ,बल्कि सामाजिक सौहार्द भी बढ़ता है। उन्होंने 13 फरवरी को अखिल भारतीय कुशवाहा महासमा के छात्रावास के उद्घाटन के कार्यक्रम में सभी को आमंत्रित भी किया। मौके पर नगर निगम अध्यक्ष रौशन मेहता, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मीडिया प्रभारी दिनेश मेहता, अभिमन्यु मेहता, प्रदीप मेहता, रवि मेहता शशि मेहता आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन,उमड़े फरियादी

# नक्सली हिंसा पीड़ित महिला ने लगाई मुआवजा व नौकरी की गुहार

**जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया**

### उपायुक्त ने महिला को आवश्यक कार्रवाई के लिये आश्वस्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के जनता दरबार में बुधवार पहुंची चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरहा निवासी नक्सली हिंसा पीड़ित विधवा सुमित्रा देवी ने उपायुक्त से जीवन निर्वाह के लिए मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने की गुहार लगाई । जनता दरबार में विधवा ने बताया कि उनके पति संतोष यादव उर्फ सत्यप्रकाश यादव की हत्या अगस्त 2023 में नक्सलियों द्वारा कर दी गई थी। जिसके बाद वह बेसहारा हो गई हैं। जीवनयापन का कोई साधन नहीं हैं। उपायुक्त ने महिला को आवश्यक कार्रवाई के लिये आश्वस्त किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम डंडिला कला निवासी मो. आशिक अंसारी ने उपायुक्त से अंचल कार्यालय विश्रामपुर द्वारा एक ही भूमि को दो बार अलग-अलग नाम से दाखिल खारिज करने की शिकायत की । लेस्लीगंज प्रखण्ड क्षेत्र की स्मृति दुबे, पांडु थाना क्षेत्र की नीलम देवी, ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के हसबुन खातून सहित कई लोगो ने उपायुक्त से अबुआ आवास योजना का लाभ देने का अनुरोध किया। पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सकलदीपा निवासी जितेंद्र कुमार पांडेय ने उपायुक्त से शिकायत किया कि अंचलाधिकारी पाटन द्वारा उनके जमीन को गलत तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम से ऑनलाइन कर दिया गया है। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इटहे निवासी विक्रम सिंह ने उपायुक्त से लगान रशीद ऑनलाइन करवाने का अनुरोध किया।



**लोगो ने उपायुक्त से अबुआ आवास योजना का लाभ देने का अनुरोध किया**

### छाये रहे भू-विवाद संबंधी मामले

जिले में लाख जतन के बाद भी भू-विवाद कम होने का नाम नहीं ले रहें हैं। उपायुक्त के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, अबुआ आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**अभिभावकों ने अलग काउंटर खोलने की बुलंद की आवाज**

# बैंकों में स्कूलों का फीस जमा करना टेढ़ी खीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बैंकों में अपने बच्चों का स्कूल फीस जमा करना अभिभावकों के लिये टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। अभिभावकों ने स्कूल फीस के लिये बैंकों में अलग काउंटर स्थापित करने की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि निजी स्कूलों में भारी-भरकम फीस वैसे ही परेशानी का कारण है। ऊपर से निर्धारित समय सीमा के भीतर बैंकों में भारी भीड़ में फीस जमा करना कड़ी चुनौती साबित हो रहा है। समय से नहीं पहुंचे तो बिना फीस जमा किये ही घर वापस लौटना पड़ता है। दरअसल फाइनल एग्जाम के कारण इन दिनों स्कूलों की फीस जमा करने के लिये बैंकों में अभिभावकों की भारी भीड़ एकत्रित हो रही है। अपना आवश्यक कार्य छोड़कर अभिभावक बैंक पहुंच रहे हैं, किंतु समय बीत जाने के कारण कई अभिभावक फीस जमा किये बिना ही वापस लौटने को विवश हैं। अभिभावकों ने स्कूल व बैंक प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये फीस जमा करने के लिये बैंकों में अलग काउंटर स्थापित किये जाने की मांग की है।

## ईंट भट्ठे पर गिरने से मजदूर गंभीर

**मेदिनीनगर।** लातेहार जिला अंतर्गत बरवाडीह थाना क्षेत्र के ग्राम कचनपुर निवासी मनदुलार सिंह उम्र 45 वर्ष मंगलवार की रात ईंट भट्ठे पर काम करने के दौरान गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मनदुलार सिंह छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक यादव के ईंट भट्ठे पर कई वर्षों से काम कर रहा है। बीती रात काम करने के दौरान गिर जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अचेतावस्था में साथी मजदूरों के द्वारा उसे इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।



**पांकी विधायक ने सदन में उठाया सड़क की निम्न गुणवत्ता का मामला**

# भ्रष्टाचार कोई भी करे बर्दाश्त नहीं: डॉ. शशिभूषण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निमार्णाधीन बेदानी से सेवती पथ, जिसका निर्माण मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन करा रहा है का मामला संज्ञान में लाया। साथ ही इससे जनता को हो रही परेशानी को दूर करने के लिए सरकार को निर्देश देने की मांग अध्यक्ष से की है। विधायक ने सदन में कहा कि घटिया निर्माण करने की अपनी पुरानी कार्यशैली को कायम रखते हुए संवेदक द्वारा इस सड़क में भी ऐसा ही किया जा रहा था। घटिया निर्माण के कारण ग्रामीणों ने कार्य बंद करा दिया है। उन्होंने इसकी सूचना जेएसआरआरडीए के मुख्य अभियंता को दी है। पत्र के माध्यम से घटिया निर्माण को हटाकर पुनः गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने तथा मनमाने ढंग से किए गए भुगतान पर अविलंब रोक लगाने की कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। विभागीय अभियंताओं ने संवेदक को लिखित रुप से कार्य में सुधार करने का निर्देश दिया है। इसका अनुपालन करने के विपरीत संवेदक स्तर से विभागीय अभियंताओं पर दबाव बनाया जा रहा है। जनता को सुगम आवागमन के लिए बन रही सड़क का घटिया निर्माण करनेवाले संवेदक किसी भी सूरत में जनता के हितैषी नहीं हो सकते। जनता के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार करनेवाले लोग वर्तमान की राज्य सरकार में संरक्षण प्राप्त कर सकते हैं, परंतु भ्रष्टाचार कोई भी करे इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

विधायक डॉ. मेहता ने बुधवार को नई दिल्ली में भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात भी की है। साथ ही पांकी में आने के लिए आमंत्रित किया। अश्विनी कुमार चौबे ने विधायक को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द उनका आगमन पांकी विधानसभा क्षेत्र में होगा।

# 400 रुपए प्रति किलो बिक रहा लहसुन



**आसमान छूती कीमत से रसोई का जायका बिगड़ा**

### क्यों बढ़ रहे हैं लहसुन के दाम ?

कई राज्यों में खराब मौसम के चलते लहसुन की फसलें खराब हो चुकी है। जिसके चलते कीमतों में उछाल आया है। लहसुन की नई फसल आने में देरी हो रही है। जानकारी के अनुशार मध्य प्रदेश में लहसुन की सबसे ज्यादा खेती होती है, लेकिन मौसम की मार के चलते इस बार फसल काफी खराब हुई है। जिस वजह से नई फसल आने में देरी हो रही है। मंडी व्यापारियों के अनुसार खरीफ लहसुन के आने के बाद कीमतों में कमी आने की उम्मीद है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में प्याज, टमाटर के बाद अब लहसुन के दाम आसमान छू रहे हैं। मार्केट में लहसुन के दाम 400 रुपये किलो पहुंच जाने से लोगों की रसोई का जायका बिगड़ गया है। एक महीने में लहसुन के दाम में दोगुना इजाफा हुआ है। महीने भर पहले बाजार में लहसुन का रिटेल भाव 200 से 250 रुपये प्रति किलो था, परंतु इस साल लहसुन की फसल खराब होने की वजह से बाजार में लहसुन के भाव बढ़ गए हैं। फसल खराब होने से सप्लाई कम हो गई है और मांग बढ़ गई है। इसका असर लहसुन के दाम पर पड़ा है। हाल में आम जनता को महंगाई की मार खूब झेलनी पड़ रही है। सभी उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गयी हे। इससे विशेषकर निम्न व मध्यम वर्ग की परेशानी बढ़ गयी है।

# राजनीति शास्त्र के विद्यार्थियों का मिलन समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** जनता शिवरात्रि कॉलेज में मंगलवार को छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राजनीति विज्ञान विभाग के सभी सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया तथा एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। बतौर मुख्य अतिथि सह कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसके पांडेय ने लक्ष्य हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को लक्ष्य पर केंद्रीत होकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ बासुदेव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किया। प्रज्ञा, अनु, चांदनी, सेजल, तृप्ति, प्रीति, अमृता, दीपांशी, पूर्णिमा, हेमा, भारती, रिचा, आकाश, भास्कर, सचिन, अनीश, पायल, आदर्श एवं नीतीश की भूमिका सक्रिय रही।

## न्यूज बॉक्स

### साफ-सफाई के अभाव में नाली जाम, लोग परेशान



**मेदिनीनगर।** बसपा के लोकसभा प्रभारी सह डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार सोनी एवं जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने साफ-सफाई के अभाव में शहर में नालियों के जाम होने की समस्या पर गहरा रोष जताया है। पदाधिकारी द्वय ने कहा कि विशेषकर वार्ड नंबर 29 में समस्या अत्यंत गंभीर हो गया है। लंबे समय से नाली और नालों का सफाई और पुनर्निर्माण नहीं होने की वजह से नालियां जाम हो गयी हैं। इससे नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। वार्ड का धोबी मुहल्ला घनी आबादी का मोहल्ला है। यहां पर सरकारी विद्यालय एवं धार्मिक स्थल भी हैं। ऐसे में सड़क पर ही नाली का गंदा पानी बहने के कारण बच्चों व पूजा करने जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके साथ ही छह मुहान चौक पर नाली नहीं होने से स्थिति नारकीय हो गयी है। राहगीर सड़क पर ही लघुशंका कर देते हैं जो जिला स्कूल चौक से होते हुए सीधे मोहल्ले में प्रवेश कर जाता है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक पहल करने की मांग की है।

### छात्रों ने एनपीयू के परीक्षा विभाग का किया घेराव

**मेदिनीनगर।** एनपीयू के छात्रों परीक्षा विभाग का घेराव किया। छात्रों ने कहा कि परीक्षा विभाग और आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ से त्रस्त होकर घेराव कर रहे है। छात्र नेता अभिषेक राज के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक छात्र घेराव में हिस्सा लिया। अभिषेक राज ने कहा कि परीक्षा विभाग और आउट सोर्सिंग कंपनी की कई वृहद त्रुटियां सामने आई है। इससे छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। कुलपति प्रो. डॉ तपन कुमार शांडिल्य भी विश्वविद्यालय पहुंचे और छात्रों के आक्रोश को देखते हुए छात्रों से वार्ता की।


**तैयारी**

## तैयार खड़े बोमा ट्रक के आसपास भी नहीं फटक रहे चीतल


# बोमा ट्रक सजकर तैयार, चीतलों के प्रवेश का इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में अब चीतलों के आने का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है, किंतु चीतलों के लाने के लिये बेतला नेशनल पार्क में खड़े बोमा ट्रक के आसपास भी चीतलों के नहीं फटकने से वन कर्मियों की परेशानी बढ़ती जा रही है। विदित हो कि बेतला नेशनल पार्क से पीटीआर के लोकैया और हिरण डेगुवा सॉफ्ट सेंटर पर चीतलों को लाने के लिये जबलपुर मप्र से विशेष बोमा ट्रक मंगाये गये हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि वन्य प्राणी चाहे वह हाथी हो या फिर चीतल जंगल में किसी नई चीज को देखकर सशंकित रहते हैं। वह जल्द उसके आसपास नहीं आते हैं। संभवतः बोमा ट्रक के साथ भी ऐसा ही हो रहा है। क्योंकि इन चीतलों को सबसे पहले हरे रंग की जाली की घेराबंदी में लेना है। चीतल इस जाली के मुहाने तक आकर बिदक जा रहे हैं। जिससे उन्हें अभी तक बोमा ट्रक पर चढ़ाया नहीं जा सका है। श्री जैना ने बताया की चीतलों को बोमा ट्रक की ओर आकर्षित करने के लिए महुआ के पत्ते, फल भी रखे गए हैं, किंतु सतर्क चीतल अपने मनपसंद



### पीटीआर में बोमा ट्रक का पहला प्रयोग



पीटीआर में वन्य जीवों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाने के लिये बोमा ट्रक तकनीक का पहली बार प्रयोग किया जा रहा है। हालांकि देर भले ही हो रहा है, किंतु पीटीआर प्रबंधन को उम्मीद है कि जल्द ही चीतलों का झुंड घेरेबंदी की जद में आयेगा। उसके बाद चीतलों के पीटीआर में आने का सिलसिला शुरू हो जायेगा। फिलहाल बोमा ट्रक अपनी चितल सवारियों का इंतजार कर रहा है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### बीडीओ ने सीओ का पदभार ग्रहण किया

**मझिआंव।** प्रखंड के अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने स्थानांतरण के बाद बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार भगत को सभी पदों का पदभार सौंपा। इस दौरान प्रखंड कार्यालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अंचल कर्मियों ने सीओ श्री गुप्ता को फूलमाला व बुके देकर स्वागत किया। संचालन शैलेश कुमार महतो ने किया। मौके पर प्रखंड कर्मी परमानंद ,सीआई धनलाल उरांव, राजस्व कर्मचारी संजीव कुमार, अशोक कमलापुरी, गौरव दुबे, धनंजय सोनी मौजूद रहे।

### वर्मी कम्पोस्ट का भुगतान कराने की मांग

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल परती कुशवानी पंचायत के ग्रामीणों ने बीडीओ सावित्री कुमारी को आवेदन देकर वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की राशि भुगतान कराने का अनुरोध किया है। ग्रामीणों ने आवेदन में उल्लेख किया है की वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कार्य पूर्ण किये छह माह बीत जाने के बाद भी इसकी राशि का भुगतान लाभुकों को नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने इसका भुगतान जल्द कराने की मांग की है। आवेदन देने वालों में नागेन्द्र प्रजापति,मनोहर उरांव, रंजय यादव, उपेंद्र घेर शामिल हैं।

### उच्च विद्यालय मेरौनी में दसवीं के विद्यार्थियों की विदाई

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के लोहरगाडा.पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेरौनी में समारोह का आयोजन कर दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामानंद प्रसाद ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत के बल पर जीवन की रूपरेखा तैयार करें। खुद पर विश्वास और कड़ी मेहनत से सफलता अवश्य मिलेगी। वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को दसवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर करने का आशीर्वाद दिया। विदाई समारोह के अवसर बच्चों को मिठाई खिलाकर कापी-कलम गिफ्ट किया गया। इस बार 102 छात्र-छात्रा बोर्ड परीक्षा देंगे। इस मौके पर शिक्षक अमरेश तिवारी, सतीश विश्वकर्मा, धीरेन्द्र कुमार, हरिनंदन मेहता, जनार्दन तिवारी, जितेन्द्र तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विद्यालय के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य सम्मानित

**श्रीबंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक को विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर ललमटिया( गिरीडीह ) में आयोजित प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सत्र 2022-23 में आयोजित माध्यमिक परीक्षा में शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी से भैया-बहनों के उत्तीर्ण होने के लिये दिया गया। सम्मेलन में प्रधानाचार्य श्री पाठक को शॉल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

चिनिया में अंचलाधिकारी शेखर वर्मा ने दिया योगदान कहा-

# आमजन की सभी समस्याओं का किया जायेगा निष्पादन



नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** प्रखंड के अंचल कार्यालय में बुधवार को नए अंचलाधिकारी के रूप में शेखर वर्मा ने योगदान दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कालिदास मुंडा ने अंचल का प्रभार नए अंचल अधिकारी को दिया। योगदान देने के बाद नये अंचल अधिकारी श्री वर्मा ने कहा कि अंचल से संबंधित सभी कार्यों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। क्षेत्र के लोगों की कोई भी समस्या हो बेहिचक अंचल कार्यालय पहुंचकर मिलें। सभी समस्याओं का निदान किया जायेगा। विदित हो कि इससे पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी के अधीन ही अंचल का कार्य भार था। नये अंचलाधिकारी के आ जाने से प्रखंड के लोगों को काफी सहूलियत होगी। मौके पर सीआई विनय कुमार, राजस्व कर्मचारी विनोद कुमार दुबे, नाजिर अधिराज टोपो, अमित कुमार मौजूद थे।

---

अबुआ आवास सूची में अयोग्य लाभुकों का नाम देख भड़की

# महिलाओं ने बीडीओ के समक्ष किया हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** सूची में अयोग्य लाभुकों का नाम देख भड़की प्रखंड के खरौंधी पंचायत की महिला लाभुकों

**उनके वार्ड में अनुसूचित जाति की संख्या सबसे अधिक है, लेकिन इस वार्ड के सिर्फ दो लोगों का नाम सूची में है : वार्ड सदस्य**

ने प्रखंड कार्यालय पर बीडीओ रविन्द्र कुमार के सामने जमकर हंगामा किया। लाभुकों ने कहा कि खरौंधी पंचायत में अबुआ आवास की की सूची मे वैसे लाभुकों का नाम शामिल है। जिनका पहले से पक्का मकान है। इसमे स्वयं सेवकों के परिजनों का भी नाम शामिल है। उनके घरों में परिवार के सदस्यों के नाम पर पहले से दो या तीन प्रधानमंत्री आवास मिल गया है। इस सूची मे कच्चा मकान, गरीब, असहाय लोगों का नाम शामिल नहीं है। लाभुकों ने बीडीओ से मांग करते हुए कहा कि संपन्न लोगों का नाम हटाकर योग्य लाभूकों का नाम सूची में शामिल किया जाये। वार्ड सदस्य मुन्नी देवी ने बताया कि उनके वार्ड में अनुसूचित जाति की संख्या सबसे अधिक है, लेकिन इस वार्ड के सिर्फ दो लोगों का नाम सूची में है। उन्होंने कहा कि यह कारनामा ब्लाक कोआर्डिनेटर, स्वयं सेवक एवं मुखिया की मिलीभगत से किया गया है। वार्ड सदस्य ने तत्काल जांच करते हुए योग्य लाभुकों का नाम शामिल करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो हमलोग उपायुक्त के पास शिकायत करने के लिए विवश होंगे। मौके पर बसंती देवी, कौशल्या देवी, सीता देवी, सरस्वती कुंअर, तेतरी देवी, पटनी देवी, फुलवंती देवी, प्रभावती देवी, उषा देवी, सोनी देवी, कश्मीरा देवी, सुजांती देवी, किरण देवी, फूल कुमारी देवी, कश्मीरा देवी, विंध्याचल राम, सविता देवी, शिव मित्री देवी, कुसुमर कुंअर, चानो देवी, विद्यावती देवी, रूपा देवी, अखिलेश राम उपस्थित थे।



वर्जन.... सूची में शामिल सभी लाभुकों की जांच स्वयं के स्तर पर की जायेगी। सरकार के मंशानुसार हर हाल में योग्य लाभुकों को ही आवास मिलेगा। रविन्द्र कुमार, बीडीओ

---

### नवोदय में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा दस को



**गढ़वा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2024-25 में वर्ग नवम और एकादश में नामांकन को लेकर 10 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है। स्कूल के प्राचार्य भुवनेश्वर शाह ने बताया कि पार्श्व चयन प्रवेश परीक्षा के लिये सम्बंधित अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र जवाहर नवोदय विद्यालय अन्नराज, नावाडीह में बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नवम वर्ग में कुल 129 और 11वी कक्षा के लिए 104 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा प्रभारी शिक्षक अजीत कुमार को बनाया गया है। सभी परीक्षार्थी 10 बजे पूर्वाह्न तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

---

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में सिलाई प्रशिक्षण शुरू

# टाइम पास के नहीं, रोजगार के लिये लें प्रशिक्षण

**वर्तमान दौर में स्वरोजगार जीविकोपार्जन का सशक्त माध्यम बन गया है**

**हुनरमंद लोग कभी किसी के सामने हाथ नहीं फैलाते हैं और न ही भूखा मर सकते है**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में सिलाई-कटाई प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुशील कुमार दास, जिला प्रबंधक लाइवली हुड जुलियस तिर्की, संस्था के फैकल्टी मिथिलेश कुमार सिंह और पंकज कुमार वर्मा ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर कार्यक्रम प्रबंधक श्री दास ने कहा कि वर्तमान दौर में स्वरोजगार जीविकोपार्जन का सशक्त माध्यम बन गया है। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी हुनरमंद बनकर स्वरोजगार अपनायें। हुनरमंद लोग कभी किसी के सामने हाथ नहीं फैलाते हैं और न ही भूखा मर सकते हैं। हुनर सम्मान देने का काम करता है। उन्होंने कहा की पहले महिला को सम्मान नहीं मिलता था। क्योंकि वे अर्थ उपार्जन नहीं कर पाती थीं। जब से महिला समूह से जोड़कर महिला अपना खुद का रोजगार कर पैसा कमाने लगी हैं। समाज व परिवार में उनका सम्मान काफी बढ़ गया है। आप लोग टाइम पास के लिये नहीं, बल्कि रोजगार के लिए ट्रेनिंग करें। सरकार रोजगार के लिए महिलाओं को हर संभव मदद करने को तैयार है। इस मौके पर संस्था के रुस्तम अली, अभिषेक तिवारी, सुरेंद्र रवि, प्रेम नाथ कुशवाहा, प्रद्युम्न मौजूद थे।



---

डीसी व एसपी ने लिया डुमरो स्थित मैदान का जायजा

# सीएम के संभावित गढ़वा आगमन की तैयारी तेज

नवीन मेल संवाददाता

**साफ-सफाई एवं साज-सज्जा, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं अस्थाई शौचालय की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री के गढ़वा जिले में संभावित कार्यक्रम की तैयारी तेज हो गयी है। उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे द्वारा संयुक्त रूप से डुमरो स्थित मैदान का जायजा लिया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे। डीसी व एसपी द्वारा पूरे मैदान का निरीक्षण करने के बाद मंच की व्यवस्था, वीवीआईपी इंट्री, पहुंच पथ की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लाभुकों एवं लोगों के बैठने की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई एवं साज-सज्जा, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं अस्थाई शौचालय की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को सक्रिय होकर कार्यक्रम की तैयारियों को निर्धारित समय के अंदर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, गोपनीय शाखा प्रभारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, नजारत उप समाहर्ता सह जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश कुमार मुर्मू उपस्थित थे।

---

डंडई बाजार पहुंचा ओबीसी एकता व अधिकार जागरूकता रथ

# ओबीसी के अधिकारों को किसी ने भी नहीं उठाया



नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** पिछड़ा ओबीसी एकता व अधिकार जागरूकता रथ बुधवार को डंडई मुख्य बाजार के अंबेडकर चौक परिसर पहुंचा। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायत से बड़ी संख्या में ओबीसी समुदाय के लोगो ने भाग लिया। इस दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग ओबीसी अधिकार मंच के संयोजक अजय वर्मा ने कहा की ओबीसी समुदाय को आजादी के बाद से आज तक हक व अधिकार से वंचित रखने का काम किया गया है। देश में किसी की भी सरकार रही हो। आज तक किसी ने भी ओबीसी समुदाय के हक व अधिकार की आवाज को नहीं उठाया। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में ओबीसी समुदाय आबादी 52 प्रतिशत है। जनसंख्या के आधार पर सभी क्षेत्रों में ओबीसी समुदाय को बराबर की हिस्सेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में आज तक ओबीसी मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू नहीं किया गया। पिछड़ा वर्ग ओबीसी अधिकार मंच का उद्देश्य किसी राजनीतिक पार्टी या संगठन को ठेस पहुंचाना नहीं है। ओबीसी समुदाय को उचित हक व अधिकार को लेकर यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। राज्य में रघुवर की सरकार में ओबीसी समुदाय को 14 प्रतिशत आरक्षण मिलता था, लेकिन वर्तमान सरकार ने ओबीसी समुदाय का आरक्षण ही खत्म कर दिया है। मंच के प्रमंडलीय संयोजक गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि जब तक देश में ओबीसी को संवैधानिक हक व अधिकार नहीं मिलेगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने ओबीसी समाज के लोगों को 11 फरवरी को मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। कार्यक्रम को वरुण बिहारी यादव,अख्तर अंसारी, शिवकुमार विश्वकर्मा आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर कपिलदेव रावत, नंदू यादव, राम जन्म मेहता, क्यामुद्दीन अंसारी, हनीफ शेख उपस्थित थे।

---

10 से 25 फरवरी तक चलेगा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम

# लापरवाही से भयावह हो जाता है फाइलेरिया : सिविल सर्जन




नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। फाइलेरिया ग्रसित रोगी अपने पूरे जीवनकाल में बीमारी से छुटकारा नहीं पाते हैं तथा सामाजिक उपेक्षा का सामना करते हैं। लेकिन फाइलेरिया रोधी खुराक लेते रहने से इस बीमारी के होने की संभावनाएं नहीं के बराबर रह जाती हैं। उक्त बातें सिविल सर्जन डा.अशोक कुमार ने अपने कार्यालय में आयोजित वार्ता में कही। मौके पर जिला वीबीडी कंसलटेंट अरविंद कुमार द्विवेदी भी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन ने कहा कि 10 से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के तहत लक्षित जनसंख्या 1449158 लोगों को फाइलेरियारोधी दवा एल्बेंडाजोल एवं डीइसी की गोली खिलाई जाएगी। इसके लिए 1387 बूथ बनाए गए हैं। कार्यक्रम के पहले दिन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालय, सार्वजनिक स्थानों, स्वास्थ्य उप केंद्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में बने बूथों पर दवा प्रशासकों द्वारा दवा की एकल खुराक खिलाई जाएगी। जबकि 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक घर-घर जाकर दवा खाने से वंचित लोगों को दवा खिलाएंगे। इसके लिए 2774 दवा प्रशासक लगाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दवा प्रशासक अपने सामने ही दवा खिलाएंगे। किसी को घर ले जाने के लिए दवा नहीं देना है। जबकि खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है। इसमें एक वर्ष तक के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, गंभीर रुप से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं खिलानी है। जबकि एक वर्ष से दो वर्ष तक के बच्चों को सिर्फ एल्बेंडाजोल की आधी गोली पानी में घोल कर देनी है। वहीं दो वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को एल्बेंडाजोल की एक गोली देनी है। जबकि दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीइसी की एक गोली देनी है। वहीं छह से 14 वर्ष उम्रवालों को डीइसी की दो गोली तथा उससे अधिक उम्रवालों को डीइसी की तीन गोली देनी है।

### 90 प्रतिशत लक्ष्य हासिल

**1449158 लोगों को फाइलेरियारोधी दवा एल्बेंडाजोल एवं डीइसी की गोली खिलाई जाएगी। इसके लिए 1387 बूथ बनाये गये**

सिविल सर्जन ने कहा कि जिले में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का यह 18वां राउंड है। पिछले राउंड में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का अच्छा रिस्पांस मिला है। 90 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि दवा बिल्कुल सुरक्षित है। कोई साइड इफेक्ट नहीं है। हालांकि विभिन्न स्थानों में रैपिड रिस्पांस टीम तैनात रहेगी, जो दवा खाने से किसी को परेशानी होने पर तुरंत इलाज मुहैया करायेगी। पूरे कार्यक्रम की निगरानी के लिए 277 सुपरवाइजर तैनात किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी आदि से भी सहयोग लिया जा रहा है। मौके पर वीबीडी के सतीश कुमार उपस्थित थे।

---

**उदासीनता**

## केतार में भवन विभाग को हैंड ओवर करने के बाद भी नहीं प्रारंभ हुआ पठन-पाठन

# डीसी साहब! बालिका आवासीय विद्यालय में कब से शुरू होगी पढ़ाई

बिट्टू सिंह

**केतार।** प्रखंड के नावाडीह गांव में भवन निर्माण विभाग द्वारा पांच करोड़ रुपए की लागत से निर्मित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का भवन उद्घाटन की बाट जोह रहा है। केतार प्रखंड कार्यालय से सटे उक्त विद्यालय निर्माण के बाद विभाग को सौंपे जाने की प्रकिया चार माह पहले ही पूरी कर ली गई है। बावजूद उद्घाटन और विद्यालय संचालन को लेकर विभाग गंभीर नहीं है। भवन को देख ग्रामीण जिले के हाकिम से पूछ रहे हैं। साहब कब तक इसमें पठन-पाठन शुरू होगा। पढ़ाई शुरू नहीं होने के कारण केतार प्रखंड के सूदरवर्ती गांवों की 180 बालिकाएं 25 किलोमीटर दूर भवनाथपुर के आवासीय विद्यालय में पढ़ाई करने को विवश हैं। जिससे छात्राओं और उनके अभिभावकों को परेशानी होती है। विद्यालय में नामांकन व सम्बन्धित जानकारी के नहीं मिलने के कारण गरीब अभिभावक बच्चियों को उक्त विद्यालय में शिक्षा नहीं दिला पा रहे हैं। प्रखंड के गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर करने वाली बच्चियों के लिए इस विद्यालय में सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। रहने के लिए हॉस्टल के साथ पठन-पाठन के लिए कमरे, और स्वास्थ्य जांच के लिए पांच सौ मीटर की दुरी पर उप स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध है। वही लगभग दो किलोमीटर की दुरी पर केतार थाना है। अभिभावकों ने बताया की विद्यालय भवन चालू नहीं होने से इस क्षेत्र की बच्चियां समुचित शिक्षा से वंचित हो रही हैं। इस आवासीय विद्यालय में कक्षा छह से बारहवीं तक की पढ़ाई होनी है। वर्गाकार यूनिट के अनुसार 50 छात्राओं का नामांकन होगा। इसके अनुसार करीब 300 छात्राओं का भाग्य संवारने की योजना है, जो इस विद्यालय का उद्घाटन के बगैर अधूरा है।



### शिक्षा विभाग ने नामांकन के लिए जारी की विज्ञप्ति

इधर झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए विज्ञप्ति जारी की गयी है। जिसमें 50 छात्राओं का नामांकन किया जायेगा। इसमें एसटी 6, एससी 12, ओबीसी 17, अल्पसंख्यक 2 एवं बीपीएल वर्ग की 13 छात्राओं का नामांकन होगा,लेकिन केतार प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार नहीं होने से लोग अब तक अनजान हैं।

शिक्षक की बहाली और फर्नीचर का टेंडर हो गया है। फर्नीचर अभी तक विद्यालय में पहुंचा नहीं है,जल्द ही विद्यालय में छात्राओं को शिफ्टिंग कर कक्षा संचालित कराया जायेगा।
**आकाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गढ़वा।**

---

### नौका के श्रवण मोबलाइजर चयनित

**भंडरिया।** भंडरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना के मोबलाइजर का चयन पर्ची के जरिये किया गया। सबसे अधिक 286 मत पाकर नौका गांव के स्वयंसेवक श्रवण कुमार ठाकुर का चयन किया गया। स्वयंसेवक विनोद प्रजापति को 264, निशा देवी को 80 व अभय कुमार सिंह को 29 मत मिला। जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह से मोबलाइजर चयन को लेकर भंडरिया में गहमागहमी का माहौल बना रहा। ग्राम सभा में अपने पक्ष में लोगों का समर्थन पाने की जुगाड़ में भंडरिया के चार स्वयंसेवक जुटे रहे। भारी विरोध के कारण पिछले सोमवार को ग्राम सभा रद्द् करना पड़ा था। वहीं बुधवार को आयोजित ग्राम सभा में विरोध की आशंकाओ को लेकर चयन समिति ने मतदान की प्रक्रिया अपनाई।

इस मौके पर मुखिया विनय सिंह, पंचायत सचिव मोजेश किस्फोटा, उपप्रमुख श्रद्धा देवी, उपमुखिया रविन्द्र सिंह, रोजगार सेवक विजय कच्छप, वार्ड सदस्य विश्वनाथ सिंह, रिंकी देवी, असरिता लकड़ा, हरिदास तिर्की, झगरू मिंज उपस्थित थे।

### पीडीएस व्यवस्था में सुधार की होगी चुनौती

**डंडई।** प्रखंड के 33वें सीओ सह एमओ के रूप में मंगलवार को प्रभार लिये जसवंत नायक के लिए प्रखंड की पीडीएस व्यवस्था में सुधार लाना एक बड़ी चुनौती होगी। प्रखंड क्षेत्र में पीडीएस लाभुकों का शोषण इतिहास बन कर रह गया है। मामले में नवनियुक्त पदाधिकारी किस तरह उस पर विराम लगाते हैं। यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन प्रखंड के पीडीएस लाभुक अपनी समस्या के निदान को लेकर उनकी ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। बताया जाता है कि प्रखंड में कुल कार्डधारियों की संख्या 17 हजार है। जिन्हें सरकार की ओर से हर माह पांच किलोग्राम चावल दिया जाता है, किंतु जन वितरण दुकानदारों के द्वारा एक प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती कर लेने से कार्डधारी खुद को छला हुआ महसूस कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाये जाने से कार्डधारी शोषण का शिकार होने को विवश हैं।

## एक नजर

### विद्युत विभाग ने दस बकायेदारों का काटा बिजली कनेक्शन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बघमरी गांव में बुधवार को विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार ने किया। इस क्रम में दस बकाएदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया, जबकि उन्हें बिजली बिल जल्द जमा करने की हिदायत दी गई। बैगर बिजली बिल जमा किये बिजली जलाते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई के साथ प्राथमिकी दर्ज की भी चेतावनी दिया गया। छापेमारी दल में विद्युत सहायक कर्मी संतोष कुमार, पंकज कुमार, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

### जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारियातु पंचायत सचिवालय भवन में जल जीवन मिशन हर घर नल जल को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार से प्रारंभ हुआ। इसका उद्घाटन मुखिया डेगन गंझु व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य के अलावे प्रबुद्ध ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रशिक्षण जन जागरण केंद्र हजारीबाग के तत्वाधान में आयोजित किया गया है। प्रतिभागियों को अशोक कुमार यादव, अजीत कुमार सिंह व जन जागरण केंद्र के प्रबंधक अमरेंद्र कुमार द्वारा प्रशिक्षित किया गया।


### गांव चलो अभियान को लेकर बीजेपी मंडल की बैठक आयोजित

**गिद्धौर।** भाजपा गिद्धौर मंडल की बैठक बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार की अध्यक्षता एवं सांसद प्रतिनिधि के संचालन में हुई। इसमें गांव चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से युवा मंडल अध्यक्ष बब्लू कुमार साव, नीतीश कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

ग्रामीणों ने पंचायत सचिव के खिलाफ उपायुक्त से की शिकायत

# मनिका प्रखंड में अबुआ आवास चयन में धांधली

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिले के मनिका प्रखंड के पल्हेया पंचायत में अबुआ आवास चयन में पंचायत सचिव राजेश रजक पर जमकर धांधली करने का आरोप लगा है। आरोप के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा कई योग्य और गरीबों का नाम अंबुआ आवास की सूची से हटा दिया गया है। पंचायत के ग्रामीणों ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से इसकी लिखित शिकायत कर और पंचायत सेवक पर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।



पल्हेया पंचायत के ग्रामीण जगन्नाथ उरांव, राजदेव उरांव ने बताया कि 4 जनवरी को पंचायत में एक ग्राम सभा हुआ था जो अब वह आवास योजना योग लाभुकों का चयन किया गया था। इसमें पंचायत सेवक ग्राम सभा की कॉपी अपने पास रखे हुए थे कुछ दिन के बाद जब हम सभी ग्रामीण जनता रजिस्टर देखें तो ग्राम सभा के पेज को फाड़ कर फेंक दिया गया। पंचायत के ग्रामीणों ने कहा कि अंतिम सूची में कई गरीब महिला, जो कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं, का नाम नहीं है। पंचायत सचिव ने धांधली कर गरीब तो गरीब विधवा महिला का भी नाम काट दिया है। वैसे योग्य गरीबों का नाम पुनः जोड़ने के लिए बीते कुछ दिन पहले मुखिया पंचायत सेवक निवेदन किया गया। फिर भी गरीबों का नाम नहीं जुड़ पाया। ग्रामीणों ने बताया कि अबुआ आवास की सूची से हटाए गए ग्रामीण ग्राम सभा में पहुंचे तो उन्हें समझा बुझाकर घर भेज दिया गया। ग्राम सभा से केवल खानापूर्ति के नाम पर ग्रामीणों का ठप्पा लगवाया जा रहा है। कहा कि एक तरफ पंचायत सचिव द्वारा अभी आवेदन की जांच की जा रही है और दूसरी ओर ग्राम सभा करा ली गई है। बताया जाता है कि अबुआ आवास के चयन में प्रखंड कार्यालय और पंचायत सचिव की ही मुख्य भूमिका है, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों को भी ग्रामीणों से दो चार होना पड़ रहा है।

अबुआ आवास सूची से हटाए गए योग्य गरीबों, महिलाओं में असमंजस की स्थिति है कि उनके नाम जुड़ेंगे कि नहीं। यह अधर में है। ऐसे में अबुआ आवास की सूची से बाहर किए गए योग्य गरीब करे तो क्या करे। आवास के लिए नाम जोड़ने को लेकर गरीब ग्रामीण अब भी प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इस संबंध में पंचायत सेवक राजेश रजक ने बताया कि आरोप बेबुनियाद है है।

### 'अबुआ आवास के योग्य लाभुकों का जियो टैग करते हुए अभिलेख तैयार करें'

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को अबुआ आवास योजना को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें जिला द्वारा आवंटित 322 अबुआ आवास निर्माण को लेकर कार्य योजना बनाते हुए उपस्थित आवास योजना के प्रखंड समन्वयक व पंचायत सचिव को योग्य लाभुकों का जियो टैग करते हुए अभिलेख तैयार करने का निर्देश दिया। बताया गया कि फिलहाल जिला द्वारा 322 अबुआ आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें गिद्धौर में 51, मंझगांवा व बारिसाखी में 53-53, पहरा में 48, बारियातु में 58 व द्वारी में 59 आवास निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें एससी एसटी के लिए 161, अल्पसंख्यक के लिए 32, ओबीसी के लिए 113 व सामान्य कोटी के लिए 16 आवास निर्माण का लक्ष्य निर्धारित है। बैठक में प्रखंड समन्वयक फरहत नाजनी, पंचायत सचिव, पंचायत स्वयंसेवक मो. शादाब सहित अन्य उपस्थित थे।

# सम्मेलन में गिद्धौर, पत्थलगड़ा, मयूरहंड व इटखोरी के 276 सहिया ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को सहीया सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने किया। सम्मेलन में गिद्धौर के अलावा पत्थलगडा, मयूरहंड व इटखोरी के 276 स्वास्थ्य सहिया ने भाग लिया। सम्मेलन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम आरआई, फैमिली प्लानिंग, एनीमिया, मासिक मानदेय सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा किया गया।



जबकि सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर संचालित करने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। इस सम्मेलन में डीपीसी उदय सारण, डॉ. अंजलि भगत, डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, डॉ. प्रभात कुमार, बीटीई व स्वास्थ्य सहिया आदि उपस्थित थे।

# फांसी के फंदे से लटका मिला सीआरपीएफ जवान

**नवीन मेल संवादददाता। चतरा**
जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ 190वीं बटालियन में पदस्थापित जवान कैलाश चंद मेहरा ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक जवान मध्यप्रदेश के नरसिंगपुर जिला अंतर्गत लोहड़ी गांव का रहने वाला है। घटना की जानकारी मिलते ही बैरक के अन्य जवान उसे तुरंत फंदे से उतारा। वहीं सीआरपीएफ के चिकित्सकों ने उसे जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कमांडेंट रामभरोस कुमार बैरक पहुंच कर घटना की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, जहां मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मेडिकल बोर्ड ने शव का पोस्टमार्टम किया। साथ ही

### घटना की जांच में जुटी पुलिस व सीआपीएफ अधिकारी

पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके बाद शव पुलिस लाइन ले जाया गया, जहां वरीय पुलिस पदाधिकारियों एवं सीआरपीएफ के अधिकारियों ने सलामी दी। उसके बाद शव को उसके पैतृक घर भेज दिया गया। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि जवान ने सुबह का नाश्ता किया। नाश्ते के बाद वह अपने बैरक लौट गया, जहां रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं।

### इंटर व मैट्रिक की परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न

**बारियातु।** प्रखंड में बनाये गए परिक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा बुधवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रथम पाली में मैट्रिक के वाणिज्य विषय की परिक्षा में कुल 138 परिक्षार्थियीं में सभी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के विषय हिंदी ए, इंगलिश ए, और हिन्दी बी की परिक्षा में कुल 452 में 447 परिक्षार्थी उपस्थित रहे व 5 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक अनिल कुमार कुजुर व दंडाधिकारी आशिस गुप्ता ने परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। मौके पर शिक्षक अजय बैठा, मिथिलेश मेहता, लालचंद पासवान, सत्येन्द्र राम, इमरेंसिया कुजुर, द्वारिका राम, रामाधार राम की भूमिका रही।

### बीडीओ ने की अबुआ निर्माण की समीक्षा

**बरवाडीह।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में अबुआ आवास की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर शामिल थे। बीडीओ ने सभी पंचायतों से मिले अबुआ आवास के आवेदन की समीक्षा की गई। बीडीओ ने पंचायत सचिवों को प्राथमिकता सूची के आधार पर अत्यधिक जरूरतमंद लाभुकों का चयन कर सूची बनाते हुए जिओ टैगिंग एवं अभिलेख तैयार कर 9 फरवरी तक कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि जल्द से जल्द अत्यधिक जरूरतमंदों का अबुआ आवास निर्माण कर शुरू करवाया जा सके।

# डीडीसी ने विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण, बीडीओ को दिए दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
लातेहार उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह ने बुधवार को प्रखंड के कुचिला, उकामाड़ छिपादोहर पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज के साथ पंचायत में जलछाजन, मनरेगा समेत अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया। डीडीसी ने उकामाड़ पंचायत में जलछाजन योजना से निर्माणधीन तालाब निर्माण, मेडबंदी रुबान अर्बन मिशन द्वारा कराया जा रहे वेपरब्लॉक सड़क निर्माण आदि विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। डीडीसी ने जल स्रोत बढ़ाने के लिए तालाब निर्माण, मेड़बंदी, वॉटर स्टारबेरी आदि कामों को अधिक से



अधिक करने पर जोर दिया, जिससे जल स्रोत को बढ़ाया जा सके। उन्होंने बीडीओ मिंज को निरीक्षण के दौरान कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। इसके साथ ही डीडीसी ने कुचिला, छिपादोहर पंचायत में चल रहे कई विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी त्रिवेणी राम, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक, जल साजन प्रभारी, उकामाड़ मुखिया पूनम, कुचिला मुखिया सत्रोहन सिंह, पंचायत सचिव अरविंद रवि, निर्माण योजनाओं के लाभुक पंचायत प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

# रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
11 वीं वाहिनी सीआरपीएफ के द्वारा परिचालनिक रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी द्वारा चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें पलामू रेंज की 4 बटालियन भाग ले रही हैं। इस दौरान फुटबॉल, हॉकी, टग आफ वार, टेनिस एवं राइफल शूटिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उद्घाटन 11वीं बटालियन और 172वीं बटालियन के बीच फुटबॉल मैच से किया गया।

समारोह में वेद प्रकाश त्रिपाठी, कमांडेंट-11 बटालियन, विनोद कुमार कनौजिया, द्वितीय कमान अधिकारी, जुगल किशोर जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. अमूल्या कूजूर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रणव आनंद झा, सुबेदार मेजर राजा सिहं तोमर, निरीक्षक जितेंद्र कुमार पांडेय, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह और बटालियन के जवान उपस्थित थे। साथ ही साथ प्रतियोगिता को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए मैच रेफरी एवं लाइनमैन रोशन लोहरा, अभिनंदन सिंह एवं कमलेश भगत मौजूद रहे।

# आयुष विभाग के हेल्थ कैंप में 200 लोगों ने कराई जांच



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
आयुष विभाग द्वारा बुधवार को प्रखंड के गड़वाटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश ने किया। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ ओम प्रकाश ने कहा कि कोरोनाकाल के दौरान शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने व विभिन्न रोगों के निदान में आयुर्वेद के महत्व को दुनिया ने समझा है। इसमें होम्योपैथी चिकित्सा का भी अपना एक अलग महत्व है। इस वर्ष की थीम होम्योपैथी पीपल्ज च्वाइस फार वेलनेस है। डा. शुभांकुर कुमारी ने रक्त अल्पता/एनिमिया, कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने के बारे में जबकि डा. पवन कुमार ने ईएनटी-शालाक्य तंत्र तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की जानकारी दी। आयुर्वेदिक, पंचकर्म, होम्योपैथिक तथा योगा ओपीडी के माध्यम से लोगों की चिकित्सा जांच की गई। शिविर में 200 से अधिक लोगों की जांच के उपरांत निशुल्क औषधियां वितरित की गई। वहीं निदान के लिए वजन, बीपी, ब्लड शुगर तथा हिमोग्लोबिन एवं बोन मिनरल डेनस्टी आदि की जांच भी की गई। शिविर में डॉ. शशि शालिनी, डॉ राजीव, डॉ. अम्बे, योगा शिक्षक रहमत अंसारी, पूजा आदि मौजूद थे।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
(समाज कल्याण शाखा)

–::आम सूचना::–

ALIMCO द्वारा प्रस्तावित चिन्हित वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदान करने RVY योजनान्तर्गत चिन्हित वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण का वितरण माननीय सांसद/माननीय मंत्री, झारखण्ड सरकार/माननीय विधायक, सिमरिया विधानसभा /माननीय अध्यक्ष, जिला परिषद एवं माननीय उपाध्यक्ष, जिला परिषद, चतरा की उपस्थिति में करायी जाएगी।

उपरोक्त के आलोक में निम्न प्रकार वितरण शिविर हेतु तिथि एवं स्थान निर्धारित की जाती है।

| क0सं0 | तिथि | वितरण शिविर का स्थान | शिविर में सम्मिलित होने वाले प्रखण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | 15.02.2024 | प्रखण्ड सभागार, चतरा | सभी प्रखण्ड, चतरा जिला |

उपरोक्त शिविर में पूर्व में चिन्हित सभी वरिष्ठ नागरिक उपस्थित होकर सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते है। सभी वरिष्ठ नागरिकों को उक्त शिविर में आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करेंगें।

उपायुक्त, चतरा

PR 318125 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

**Walk In Interview हेतु आम–सूचना**

दिनांक 02.12.2023 को सम्पन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में पलामू जिला अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों हेल्थ एण्ड वेल्नेस सेन्टर में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न स्वास्थ्य चिकित्सक एवं कर्मियों का नियुक्ति किया जाना है। उपरोक्त हेतु इच्छुक एवं योग्य नीजी चिकित्सकों/अभ्यर्थियों से निम्न प्रकार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| | | |
|---|---|---|
| Mode of Selection | :- | Walk in Interview |
| आवश्यक दस्तावेज | :- | बायोडाटा, पहचान पत्र, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति। |
| आवेदन करने की अंतिम तिथि | :- | दिनांक 16.02.2024 को अपराहन 04:00 बजे तक। |
| आवेदन जमा करने का स्थान | :- | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| साक्षात्कार की तिथि | :- | दिनांक 17.02.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे |

पदों की विवरणी :–

| क्र0 | पद का नाम | विवरणी | शैक्षणिक योग्यता | अधिकतम उम्र सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | General Duty Medical Officer | कुल रिक्ति– 01 मानदेय– 63000/– | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री। | 67 वर्ष |
| 2 | Dentist | कुल रिक्ति– 01 मानदेय– 63000/– | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से BDS | 40 वर्ष |
| 3 | Staff Nurse | कुल रिक्ति– 01 मानदेय– 16564/– | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से GNM/B.Sc Nursing, I.Sc Bio | 40 वर्ष |
| 4 | MPW (Male) | कुल रिक्ति– 01 मानदेय– 11466/– | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से LT/ANM, I.Sc Bio | 40 वर्ष |
| 5 | Guard | कुल रिक्ति– 01 मानदेय– 11000/– | मैट्रिक उत्तीर्ण | 50 वर्ष |

नोट :–
1. चयनित चिकित्सकों/कर्मियों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
2. मानदेय भुगतान में नियमानुसार कटौति की जायेगी।
3. Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. आवेदन पत्र हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी (E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com) में स्वीकार्य होंगे।
5. विस्तृत जानकारी www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 318193 (District)23-24*D



## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 296 /2023-24 | दिनांक :- 06.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-PAL-09 / 2023-24 | पाटन | 1 | पी०डब्लू०डी० रोड से पोखरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 4.600 कि०मी०) | 1109.249 | ग्यारह करोड़ नौ लाख चौबीस हजार नौ सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | पाटन | 2 | पी०डब्लू०डी० रोड से बोरादाह हाते हुए धंगरडीहा भाया बोरादह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.800 कि०मी०) | | | |
| | | पाटन | 3 | पदमा रोड (महुलिया) से पकरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.200 कि०मी०) | | | |
| | | पाटन | 4 | महूलिया से टंडवा रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.100 कि०मी०) | | | |
| | | पाटन | 5 | दुल्ही से नागेसर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.100 कि०मी०) | | | |
| | | पाटन | 6 | बैदाकला से गमहेथा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.200 कि०मी०) | | | |
| | | पाटन | 7 | बरडीहा से चेतमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.500 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–15.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 27.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–28.02.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची–834004, झारखण्ड।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 318145 Rural Work Department(23-24)#D



## OFFICE OF THE DISTRICT EDUCATION OFFICER, LATEHAR
### ADVERTISEMENT FOR TEACHING FELLOWSHIP PROGRAMME

- **Only candidates of Latehar district** are eligible for this fellowship program. Preference will be given to the Local residents of the respective Blocks.
- Office of District Education officer Latehar district invites applicants for the fellowship program for 2 years only. Candidates can't claim for the further continuation of the fellowship program.
- Selection of the candidates for this fellowship will be based on their academic marks.
- All Selected applicant's performance will be monitored regularly, in case of unsatisfactory performance or in case of undisciplined activities, fellowship will be terminated with immediate effect by DistrictEducation officer, Latehar.
- All selected Teaching Fellows will be deputed at Government Schools across Latehar District.
- This Fellowship Programme is only applicable for TGT (Class 09 to 10) and PGT Level (Class 11-12) candidates.
- Last date to Submit this Application 23.02.24 till 05:00 PM
- Eligibility criteria and Stipend details will as below for this programme:
  Minimum Qualifications and Stipend Details:

| Program | Subjects | No. of Fellows | Minimum Qualification | Stipend |
|---|---|---|---|---|
| For TGT Fellowship (Class 09-10) | Math & Physics | 30 | Candidate must have Graduation in Physics or Math with B.Ed. | Rs. 20,000/- |
| | Biology &Chemistry | 30 | Candidate must have Graduation in Bio or Chemistry with B.Ed. | |
| | English | 15 | Candidate must have Graduation in English with B.Ed. | |
| For PGT Fellowship, Class (11 – 12) | Physics | 10 | Candidate must have Master degree in Physics with B.Ed. | Rs. 22,000/- |
| | Chemistry | 10 | Candidate must have Master degree in Chemistry with B.Ed. | |
| | Math | 10 | Candidate must have Master degree in Math with B.Ed. | |
| | Biology | 10 | Candidate must have Master degree in Biology with B.Ed. | |
| | English | 10 | Candidate must have Master degree in English with B.Ed. | |
| TOTAL | | 125 | | |

For further details you must visit www. latehar.nic.in
It is the sole authority of Deputy Commissioner to cancel or change this advertisement.

District Education Officer,
Latehar

PR 318188 Human Resource Developement(23-24)D

## एक नजर

### चैनपुर अनुमंडल के नए एसडीपीओ ने की समीक्षा बैठक

**चैनपुर(गुमला)।** अनुमंडल के नव पदस्थापित एसडीपीओ अमिता लकड़ा ने बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र के 6 थाना चैनपुर डुमरी जारी कुरुमगढ़ रायडीह एवं सुरसांग के थाना अध्यक्षों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर अपराध नियंत्रण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही पुलिस पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि क्राइम मीटिंग प्रत्येक माह की जाएगी। साथ ही कहा कि पुराने कांड को निष्पादन करने के साथ-साथ क्षेत्र में नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से साइड में चल रहे विकास कार्य स्थल का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि साइड में चल रहे विकास कार्यों से लेवी मांगने जैसे मामले सामने आते हैं। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर उन्होंने बूथ एवं सेक्टर की जानकारी लेकर निर्देश दिए।

### 'फाइलेरिया की दवा खायेंगे और सभी को खिलायेंगे' की शपथ

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु दवा सेवन कार्यक्रम के तहत परिमल सेवा संस्थान द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन का जानकारी दिया गया। वहीं एमटीएस इचार्ज, एमपीडब्ल्यू और पिरामल टीम सदस्य द्वारा लोगों को फाइलेरिया बीमारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें फाइलेरिया के लिए एमडीए कार्यक्रम आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाने का निर्देश दिया गया। सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा सेवन कराने की बात कही गई। दवा कितनी है कब कब खानी है और किन किन लोगों को नहीं खानी है इसकी जानकारी दी गई। फाइलेरिया की दवाई खानी क्यों जरूरी है इसके बारे में बताया गया। उपस्थित मुखियाओं के साथ अपने अपने पंचायत को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी लोगों ने शपथ ली। मौके पर पिरामल टीम के सदस्य अजय राठौड़, मुखिया, एमटीएस इचार्ज व एमपीडब्ल्यू उपस्थित थे।

# सेन्हा थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय गेट के समीप बुधवार अहले सुबह एन एच 143 ए पर हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना थाना प्रभारी अभिनव को मिलते ही उनके निर्देश पर गस्ती दल घटना स्थल पहुंच दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। बताया जाता है कि बाइक पर सवार हो चार लड़के लोहरदगा उर्स मेला देख घर लौट रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने पर बिजली खंभे में सीधा जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें भड़गांव निवासी स्वर्गीय सगीर अंसारी के पुत्र सलाउद्दीन अंसारी तथा अरु बांधटोली निवासी नईम अंसारी के पुत्र कलाम अंसारी को गम्भीर चोटें आई हैं, जबकि दो लोगों को चोट नहीं लगने की बात ग्रामीणों द्वारा बताई गई।



### समय रहते पहुंच गया अग्निशमन दल, वरना हो जाती बड़ी अनहोनी

# झोपड़ीनुमा होटल में गैस लीक से लगी आग

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा में बुधवार सुबह शुशील उरांव के झोपड़ी होटल में गैस लीक होने के कारण आग लग गया, जिससे होटल में रखा कंबल तथा खाद्यान सामग्री जलकर नष्ट हो गई। वहीं घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नहीं है। आगजनी घटना की सूचना तत्काल अग्निशमन दल को मिलते ही तत्परता दिखाते हुए घटना स्थल बक्सीडीपा पहुंच आग बुझाने की दिशा में पहल करते हुए होटल में लगे आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि होटल में समोसा बनाने के दौरान गैस लीक होने के कारण होटल में आग लग गई थी। इससे होटल का समान जलने की बात बताई जा रही है। वहीं सूचना मिलते ही ससमय अग्निशमन दल घटना स्थल नहीं पहुंचता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी और आसपास की झोपड़ियों में भी आग की लपटें पकड़ सकता था, लेकिन बड़ी दुर्घटना होने से बचाने में अग्निशमन दल द्वारा सफल प्रयास रहा, जिससे होटल संचालक शुशील उरांव के साथ आसपास के दुकानदारों को बड़ी राहत मिली। घटना में खाद्यान सामग्री सहित कंबल जलने से लगभग पांच हजार का नुकसान होने की बात बताई जा रही है।



# सखी मंडल व एफपीओ से जुड़ आत्मनिर्भर हो रही हैं महिलाएं

### कुडू प्रखंड में महिलाएं कृषि के साथ घरेलू उत्पाद व्यवसाय में भी आजमा रहीं हाथ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं अब जिले की महिलाएं सखी मंडल और एफपीओ सेरेम निरेम फार्मर पोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है।

कुडू प्रखंड क्षेत्र में एपीओ की महिलाएं कृषि के क्षेत्र के साथ-साथ घरेलू उत्पाद व्यवसाय में भी हाथ आजमा रही है और अपनी आय को बढ़ा रही है। प्रदान और नाबार्ड के द्वारा एफपीओ सेनेम निरेम फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का निर्माण कर 800 महिला किसान को जोड़ा गया है ताकि उनके उत्पादन को बड़े बाजार तक पहुंचाने का कार्य किया जा सके। कंपनी द्वारा उद्धमी महिलाओं को जोड़कर उन्हें व्यवसाय के क्षेत्र में व्यायशायिक शिक्षा के साथ खाद्य बीज और उत्पाद वस्तुओ को बड़े बाजार तक पहुंचाने में मदद करती है जिससे महिलाओं को घर बैठे उत्पाद का मूल्य मिल जाता है। कुडू प्रखंड क्षेत्र में अब महिलाएं पारंपरिक खेती के साथ साथ स्ट्रॉबेरी, हल्दी, मधुरस, आचार, मड़वा आटा की उत्पादन कर अच्छी आमदनी कर रही है। कृषक महिलाओं की आमदनी को बढ़ाने के लिए प्रदान संस्था की मदद से अब क्षेत्रों में अपना बाजार लगाया है ताकि कृषक दीदियों की आय बढ़ सके और लोगों को ताजी सब्जी मिले। इन कृषक महिलाओं द्वारा रसायन मुक्त हरी सब्जियों की खेती की जाती है जिसमें सिर्फ जैविक खाद का उपयोग किया जाता है। लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर सखी मंडल की दीदियों द्वारा यह कदम उठाया गया ताकि लोग रसायन मुक्त सब्जियां खाकर स्वस्थ रहे। सखी मंडल की दीदियों द्वारा लगाए गए बाजार में लोगों की भीड़ देखी गई और लोग भी रसायन मुक्त ताजा हरी सब्जियां पाकर खुश हैं। वहीं सखी मंडल के बाजार में सहयोग करने वाले प्रदान संस्था के फहाद खान, सूरज प्रकाश मंडल और विकास मिश्रा मौजूद होकर एपीओ सेनेम नीरेम फार्मर पोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़ी दीदियों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सखी मंडल की कृषक दीदियां मौजूद रहीं, जिनमें एमलिन कांडुलना, तेतरी देवी, अंजू खाखा, देवंती देवी, अनीता देवी शामिल रहीं।



## बिजली चोरी के खिलाफ चलाया गया सघन छापामारी अभियान

**भंडरा।** प्रखंड में बुधवार को छापेमारी दल ने कुम्हरिया अम्बाटोली में बिजली चोरी करने के आरोप में थाने में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इनमें कुर्बान अंसारी, करीम अंसारी, कयूम अंसारी, मुनिया बेबी पति अमीर अंसारी एवं गुड़िया खातून पति नईमुद्दीन अंसारी सभी कुम्हरिया अम्बाटोली शामिल हैं। दल में सहायक विद्युत अभियंता मो. जिशान, कुशल किंडो, प्रकाश दीप, मानव दिवसकर्मी सुनील, सुचिनंद प्रजापति शामिल थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–20 (2023–24)**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापन दाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 23/02/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक)
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26/02/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :– 26/02/2024 को 03:30 बजे अपराह्न से।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल सं0–2, राँची द्वारा कार्यालय परिसर में।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0 सं0–1 के स्थान पर।
8. कार्य विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 02 Bedded Police Barrack in Campus of D Type Quarter (Judicial Quarter) at Nagar Untari, Garhwa. | ₹ 10,15,400/- | ₹ 21,500/- | ₹ 2500/- | 1 माह |

परिमाण विपत्र की शर्तें:– परिमाण विपत्र क्रय हेतु बैंक ड्राफ्ट और आवेदन पत्र प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग देना होगा, आचरण स्वच्छता (उपायुक्त द्वारा निर्गत आचरण स्वच्छता एक वर्ष के लिए वैधता होना अनिवार्य है) PAN, GST Return File Latest, पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक का हीं डी0डी0/बी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.318153 Building(23-24):D


# समारोह में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**



चैनपुर के संत जेवियर स्कूल में बुधवार को एक समारोह का आयोजन कर दसवीं क्लास के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। सर्वप्रथम विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल व्यातोर एक्का के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल अगस्तीयुस खलखो ने दसवीं क्लास के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप जो कुछ भी इस विद्यालय से सीखे हैं उसे अपने जीवन में प्रयोग करें और ऐसा काम करें कि इस विद्यालय एवं इस क्षेत्र का नाम रोशन हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा की गई सख्ती बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने का प्रयास होता है। वहीं विद्यालय परिवार की ओर से दसवीं क्लास के सभी विद्यार्थियों को उपहार देकर विदाई दी साथ ही इस मौके पर बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मौके पर मुख्य रूप से वाइस प्रिंसिपल सह जिप सदस्य मेरी लकड़ा, शिक्षक पुष्कर भारती, शशि भूषण बड़ाइक, विवेक सिंह, सुशील लकड़ा सरोज तिग्गा आदि उपस्थित रहे।

# चैनपुर बीडीओ ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर(गुमला)**



बीडीओ यादव बैठा ने मुख्यालय क्षेत्र में बने मैट्रिक एवं इंटर के परीक्षा केंद्र बारवे हाई स्कूल, संत अन्ना हाई स्कूल एवं लुथरन हाई स्कूल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं उपस्थित सभी केंद्रों के प्रभारियों को कदाचार मुक्त परीक्षा सफल बनाने का निर्देश दिया। वहीं बीडीओ द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरा, शौचालय एवं पेयजल इत्यादि का निरीक्षण कर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं एक्जाम दे रहे विद्यार्थियों से कदाचार मुक्त परीक्षा देने की अपील की।

### कदाचार मुक्त हुई मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा

**सेन्हा।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा के दूसरे दिन बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई। प्रखंड क्षेत्र स्थित नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में वाणिज्य व गृह विज्ञान की परीक्षा ली गई, जिसमें सभी 80 छात्र-छात्राओं ने वाणिज्य और गृह विज्ञान का परीक्षा दिया। वहीं केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा ने कहा कि परीक्षा कदाचारमुक्त तथा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। वरीय पदाधिकारीयों के निर्देशानुसार परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी की जा रही है। परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो जिस के लिये मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह, एएसआई राजेश राम लोहरा दल बल के साथ उपस्थित थे।

## भंडरा में लड़की के बयान पर रेप का आरोपी युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

थाना क्षेत्र में बुधवार को बलात्कार का एक मामला प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र के छोटा अम्बेरा गांव निवासी 18 वर्षीय युवती ने बुधवार को लिखित आवेदन देकर गांव के ही महावीर लोहरा के 20 वर्षीय पुत्र गुड्डू लोहरा पर बलात्कार का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने लड़की के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर आरोपी युवक गुड्डू लोहरा को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि लड़की के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल जांच कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक ने बताया कि लड़की द्वारा अपने अभिभावकों के जोरदार दबाव के कारण मुझ पर रेप का झूठा मामला दर्ज करवाया गया है, जबकि हम दोनों का पिछले दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा है। पिछले कुछ महीनो से मैं रांची में काम कर रहा था। लड़की एक सप्ताह पहले खुद मेरे पास अपनी मर्जी से आई थी। लड़की के परिजन को पता चलने पर लड़की को जबरदस्ती घर लाकर मारपीट कर गलत बयान दिलाकर मेरे उपर झूठा रेप केस दर्ज किया गया है। ग्रामीणों ने भी बताया कि दोनों का प्रेम प्रसंग चल रहा था।


## समाहरणालय, गढ़वा (महात्मा गाँधीनरेगा कोषांग)

**आवश्यक सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक– 4729 दिनांक– 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक– 6440 दिनांक– 17.07.2012 नियुक्ति सेवा शर्तकर्त्तव्य (संशोधन) नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक– 848 दिनांक– 21.03.2017 के आलोक में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु लेखा सहायक एवं कंप्यूटर सहायक के स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों की योग्य/अयोग्य आवेदनों की सूची, कोटिवार औपबंधिक मेधा सूची एवं कोटिवार दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सूची गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

दक्षता परीक्षा दिनांक 12.02.2024 दिन सोमवार को अपराहन् 12:00 बजे से NIC गढ़वा में आयोजित की जाएगी। परीक्षा कंप्यूटर आधारित अर्हक प्रवृति की होगी। परीक्षा हेतु जारी आवेदकों की सूची में अंकित सभी उम्मीदवार दिनांक 12.02.2024 को पूर्वाहन् 10:00 बजे अपनी उपस्थिति NIC गढ़वा में दर्ज करायेंगे। अभ्यर्थी अपने साथ कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र यथा मतदाता पहचानपत्र/ आधार कार्ड/ पैन कार्ड/ ड्राईविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट एवं पासपोर्ट साईज का दो फोटो लाना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले आवेदक की अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी एवं उनके किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगात था उनका पुनः परीक्षाका आयोजन नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त –सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,गढ़वा

PR 318198 Rural Development(23-24).D



## कार्यालय, प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन, व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**

**कोटेशन संदर्भ सं0 व्य0न्या0, लोहरदगा/03/2023–24**

व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा, झारखंड के कार्यालय के लिए एक श्रेडर मशीन की भाड़े पर पंद्रह दिनो के लिए आवश्यकता है।

अतः इच्छुक एजेन्सियों से बंद लिफाफे में पंद्रह दिनो के लिए न्यूनतम भाड़े मूल्य पर कोटेशन आमंत्रित की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| 01. | कार्य का नाम | व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा, झारखंड के कार्यालय लिए भाडे पर श्रेडर मशीन । |
| 02. | आपूर्ति करने की अवधि | 15 दिन |
| 03. | कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथि | 24/02/2024, समय 02:00 बजे अपराहन तक |
| 04 | कोटेशन खुलने की तिथि | 24/02/2024, समय 02:00 से 04:00 बजे अपराहन तक |
| 05. | कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के नाम एवं पता | प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन, व्यवहार न्यायालय लोहरदगा |
| 06. | कॉनटेक्ट नंबर | 8825206756 |
| 07. | हेल्पलाइन नंबर | 9430121770 |

ह0/–
प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन,
व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा

PR.NO.318165 Lohardaga(23-24):D



## झारखण्ड सरकार
## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/01/2023–24 (2nd call)**

**15वें वित्त आयोग मद**

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | भवनाथपुर | ग्राम–कोणमण्डरा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह |

2 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–10.02.2024
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :–दिनांक–10.02.2024 से 20.02.2024 तक
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 21.02.2024 को 3:00 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–7004019730
7 ई–निविदा खोलने का स्थान–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
8 परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10 निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
11 भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
12 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा

PR 318175 District (23-24)_D



## समाहरणालय, लातेहार (जिला भू-अर्जन शाखा)

**–:इच्छा की अभिव्यक्ति:–**

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 एवं झारखण्ड भू–अर्जन नियमावली 2015 के नियम 6 के आलोक में जिला लातेहार अन्तर्गत परियोजना –राजबार ई0एण्ड डी0 कोल ब्लॉक में सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–14 दिनांक–13.01.2024 के द्वारा S.I.A. व्यय प्राक्कलन, कार्य अनुभव सहित बंद लिफफा में दिनांक–02.02.2024 तक मांग किया गया, जिसमें 02(दो) S.I.A.एजेंसी से प्राप्त व्यय प्राक्कलन को कमिटि के द्वारा दिनांक–05.02.2024 खोला जाना था, किन्तु अहर्ता पूरी नहीं के फलस्वरूप कमिटि द्वारा निविदा को निरस्त करते हुए पुनः चिन्हित S.I.A. इकाईयों से व्यय प्राक्कलन, की मांग करने का निदेश दिया गया।

अतः उक्त संबंध में सूचित करना है कि राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखण्ड, रॉची के पत्रांक –619/नि0रा0 दिनांक–24.08.2022 के द्वारा चिन्हित S.I.A. इकाईयों को सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना में S.I.A. व्यय प्राक्कलन, कार्य अनुभव सहित बंद लिफाफा में दिनांक–26.02.2024 को समय–05:00 बजे शाम तक जिला भू–अर्जन कार्यालय, लातेहारपिन कोड़–829206 (झारखण्ड) में आमंत्रित किया जाता है। जिसे दिनांक–29.02.2024 को समय–11:00 बजे पूर्वाहन में उपायुक्त, लातेहार के समक्ष कार्यालय कक्ष में बंद लिफफा खोला जायेगा। न्यूनतम व्यय प्राक्कलन पाये जाने पर S.I.A. करने हेतु कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

**राजस्व भूमि संबंधी विवरणी**

| क्र0सं0 | अंचल का नाम | मौजा का नाम | थाना सं0 | रकबा (एकड़ में) | टिप्पणियॉ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बालूमाथ | लेजांग | 191 | 7.73 | |
| 2. | बालूमाथ | राजबार | 195 | 399.38 | |
| 3. | चन्दवा | सेरक | 246 | 1.02 | |
| 4. | चन्दवा | डडेया | 247 | 280.58 | |
| 5. | चन्दवा | रेंची | 248 | 436.09 | |
| 6. | लातेहार | जडयांग | 351 | 212.67 | |
| | कुल योग– | | | 1337.47 | |

कुल रकबा–1337.47 एकड़

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.318108 Land Reforms(23-24):D

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट की बैठक में लोगों को उनके हक और अधिकार से अवगत कराने का निर्णय



**गिरिडीह।** राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट डुमरी प्रखंड की एक बैठक बुधवार को भरखर पंचायत सचिवालय में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष इरफान अंसारी और महिला जिलाध्यक्ष काजल कुमारी उपस्थित हुए। अध्यक्षता महिला प्रखंड अध्यक्ष कुरेशा खातुन और संचालन प्रखंड अध्यक्ष संजय जायसवाल ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य एक-एक मानव तक पहुंचना है ताकि उन्हें अपने हक अधिकार से अवगत कराया जा सके। वहीं महिला जिलाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकार की लड़ाई लड़नी है क्योंकि महिलाओं के अधिकार का हनन किया जा रहा है। महिला प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट के माध्यम से डुमरी प्रखंड के एक-एक महिलाओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है और बहुत जल्द महिला संगठन को मजबूत कर लिया जाएगा। बैठक में गायत्री कुमारी, रीना देवी, सुमित्रा देवी, रेखा देवी, बेबी देवी, सुषमा देवी, ललिता देवी, शहजादी बीवी, अनूप कुमार ठाकुर, जुमेदा खातुन, साजदा खातून, छोटेलाल राम, मुसर्रत परवीन, रुखसाना खातून, बजरंगी शर्मा, सुरेंद्र सिंह उपस्थित थे।

### लोयला पब्लिक स्कूल में *परीक्षा पर चर्चा* कार्यक्रम का आयोजन



सरिया क्षेत्र के बगोडीह स्थित लोयला पब्लिक स्कूल में परीक्षा पर चर्चा विषय का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सरिया कॉलेज सरिया के राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो अरुण कुमार उपस्थित हुए। मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव व भय से निजात रहना है व परीक्षा को कैसे आसान बनाया जाए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा की परीक्षा एक मूल्यांकन का माध्यम है। परीक्षार्थियों को परीक्षा के दौरान सिर्फ रिवीजन करने की जरूरत है। नकारात्मक सोच से दूर रहकर अपने आत्मविश्वास पर भरोसा रखना है। तभी बेहतर परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा की परीक्षा के दौरान भय और चिंता से मुक्त रहते हुए सही, सटीक, स्पष्ट एवं अच्छी भाषा शैली में प्रश्नों का उत्तर देने की आवश्यकता है। इधर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक रोहित रंजन ने कहा की विगत वर्ष पढ़ाए गए शैक्षणिक कार्यों का मूल्यांकन परीक्षा के द्वारा किया जाता है। जिसके आधार पर विद्यार्थियों के ज्ञान के स्तर का मूल्यांकन किया जाता है। मैट्रिक परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार के ओर से प्रवेश पत्र और कलम देकर सम्मानित किया गया। जिसमें अर्चना कुमारी, रुखसार परवीन, आकाश कुमार, विशाल कुमार, सोनम कुमारी, तृषा कुमारी, रानी कुमारी आदि छात्रों व छात्राओं को विदाई दी गई। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र कुमार, बबन कुमार, नैना कुमारी, काजल कुमारी, संजीता रंजन, दीपेश कुमार, प्रकाश कुमार, संतोषी समेत सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

### आजसू पार्टी का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न



**गिरीडीह।** सरिया प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत भवन में बुधवार को आजसू पार्टी का एकदिवसीय बैठक आयोजित की गईं। बैठक की अध्यक्षता वीरेंद्र यादव एवम संचालन रोहित मंडल ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आजसू पार्टी हमेसा युवाओं के संघर्षों को धार देने का कार्य किया हैं छात्रों के अधिकार के लिए लड़ा हैं, पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने महिला सुरक्षा की गायरेंटी व छात्रों के रोजगार के लिए सकारात्मक पहल किये हैं। वंही कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कमिटी सदस्य सह सरिया प्रखंड विस्तार प्रमुख कंचन राय ने कहा कि आजसू लगातार जनमुद्दों एवम संघर्षों के कारण जाना जाता हैं विगत दिनों बिरनी प्रखंड में 260 मीट्रिक टन अनाज गबन के मामले में आजसू ने धरना प्रदर्शन एवम सड़क जाम किया था जिसके बाद सरकारी कर्मचारियों की नींद खुली थी उसके बाद भी बगोदर विधानसभा के अंदर भरष्टाचार व्याप्त हैं जिसे राजनीतिक संरक्षण मिला हैं। कार्यक्रम में बिरनी प्रखंड अध्यक्ष अनिल रजक, लखन मेहता, अमित गुप्ता, चंद्रशेखर कुमार, अनिल शर्मा, समीर यादव, राजेंद्र यादव, राज कुमार, संजीत साव, मिलन यादव, पप्पू साव, दिलीप रवानी, सोनू यादव, अमर पासवान, सुभाष विश्वकर्मा, जमाल अंसारी, भोला साव, महेश साव आदि शामिल थे।

### तिसरी में सशस्त्र सीमा बल ने 300 देशी चूजों को किया निःशुल्क वितरण

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड में 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, दुमका के कमांडेंट मनोरंजन कुमार पांडेय की अगुवाई में ए समवाय थानसिंहडीह के सहायक कमांडेंट अविनव कुमार ने गिरिडीह के सुदूर क्षेत्र में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत जरुरतमंद व्यक्तियों को देशी चूजों का वितरण प्रमुख राजकुमार यादव एवं थानसिंहडीह मुखिया रोहिता देवी की मौजूदगी में किया है। मौके पर उपस्थित सहायक कमांडेंट अविनव कुमार ने लाभार्थी व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि सशस्त्र सीमा बल अपने मूल वाक्य सेवा सुरक्षा बंधुत्व के साथ आप सभी की सेवा और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। भारत एक कृषि प्रधान देश है जिसकी अधिकतर जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। कुक्कुट पालन को बढ़ावा देने के लिए हमारी 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, दुमका के द्वारा देशी चूजों का वितरण किया जा रहा है।

## कार्यालय, कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

### शुद्धि–पत्र

पी.आर. सं०–317764 Minor Irrigation(23-24)#D के द्वारा प्रकाशित ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं.– WRD/MID/GUMLA/$F_2$-40/2023-2024 Date :-1/2/2024 (3rd Call) को निम्न प्रकार पढ़ा जाए:–

| | |
|---|---|
| Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 12.02.2024 up to 5:00 PM |
| Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 12.02.2024 up to 5:00 pm |
| Date of Opining Tender | 15.02.2024 at 2:00 PM |

निविदा सूचना शेष शर्त्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 318181 (Minor Irrigation)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

### अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय का कार्य सूचारू रूप से संचालन हेतु VC Set, Fax Machine, AC & Furniture इत्यादि का क्रय किया जाना है।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता VC Set, Fax Machine, AC & Furniture इत्यादि का न्यूनतम दर मूहरबंद लिफाफे में दिनांक 16.02.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है, जो उसी दिन अपराह्न 5:00 बजे दरदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

उक्त VC Set, Fax Machine, AC & Furniture इत्यादि की सूची एवं शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 318151 Rural Development(23-24).D

## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

बीर बुद्धू भगत भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id- lohardagadaho@gmail.com

### आम सूचना

माह–फरवरी 2024 में विभिन्न पंचायतों के पंचायत भवनों एवं पशु अस्पतालों में **"दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर"** आयोजन हेतू सूची एवं कार्यक्रम विवरण तिथिवार :–

| क्र. स. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन की तिथि | शिविर स्थल का नाम | उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू | जीमा | 08.02.2024 | पंचायत भवन | डा0 शकुन्तला सुरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडू लोहरदगा 9934038731 / 9431361554 |
| | | | 09.02.2024 | पंचायत भवन | |
| 2 | | कोलसिमरी | 12.02.2024 | उमरी | |
| | | | 13.02.2024 | उमरी | |
| 3 | | लावागांई | 15.02.2024 | ननतिलो | |
| | | | 16.02.2024 | ननतिलो | |
| 4 | | उडूमुडू | 19.02.2024 | मेरले | |
| | | | 20.02.2024 | मेरले | |
| 5 | | जिंगी | 22.02.2024 | तान | |
| | | | 23.02.2024 | तान | |
| 6 | | चन्दलासो | 26.02.2024 | राजरोम | |
| | | | 27.02.2024 | राजरोम | |
| 7 | | पण्डरा | 28.02.2024 | जिलिंग | |
| | | | 29.02.2024 | जिलिंग | |
| 8 | | सलगी | 16.02.2024 | कटई टोली | डा0 राहित कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कंडरा लोहरदगा 9709095993 |
| | | | 17.02.2024 | रोचो | |
| 9 | | सुन्दरू | 21.02.2024 | ओपा | |
| | | | 22.02.2024 | सुकुमार | |
| 10 | | चीरी | 28.02.2024 | बरवाटोली | |
| | | | 29.02.2024 | सरना टोली | |
| 11 | | चाँपी | 09.02.2024 | छोटकी चांपी | |
| | | | 10.02.2024 | होटवार | |
| 12 | लोहरदगा | जोरी | 09.02.2024 | ओसा | डा0 अभिषेक उराँव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212 |
| | | | 10.02.2024 | जोरी | |
| 13 | | हरमु | 12.02.2024 | नदिया | |
| | | | 13.02.2024 | हरमु | |
| 14 | | हिरही | 16.02.2024 | हेन्दलासो | |
| | | | 17.02.2024 | बराटपुर | |
| 15 | | हेसल | 19.02.2024 | कारीटोली, हेसल | |
| | | | 20.02.2024 | कुज्जी | |
| 16 | | मन्हो | 22.02.2024 | बक्सी | |
| | | | 23.02.2024 | कैमो, महुआ टोली | |
| 17 | | बाघा | 26.02.2024 | ऐने | |
| | | | 27.02.2024 | बाघा | |
| 18 | | निंगनी | 28.02.2024 | बमनडीहा | |
| | | | 29.02.2024 | गंगुपारा | |
| 19 | | जुरिया | 09.02.2024 | करमटोली | डा0 मनीषा लकडा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी लोहरदगा 8969860976 |
| | | | 10.02.2024 | सोबरन टोली | |
| 20 | | अरकोसा | 12.02.2024 | नवाटोली | |
| | | | 13.02.2024 | भक्सो | |
| 21 | | तिगरा | 16.02.2024 | बेजवाली | |
| | | | 17.02.2024 | अंबाटोली | |
| 22 | | भटखिजरी | 19.02.2024 | मुन्दो | |
| | | | 20.02.2024 | इरगांव | |
| 23 | | रामपूर | 26.02.2024 | रामपूर | |
| | | | 27.02.2024 | रूगडी टोली | |
| 24 | सेन्हा | मुर्की तोडार | 12.02.2024 | मुर्की तोडार | डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738 |
| | | | 13.02.2024 | बंसरी | |
| 25 | | अरू | 15.02.2024 | अरू | |
| | | | 16.02.2024 | जोगना | |
| 26 | | बदला | 19.02.2024 | बदला | |
| | | | 20.02.2024 | चन्दलासो | |
| 27 | | डाडू | 21.02.2024 | डांडू | |
| | | | 22.02.2024 | एकागुडी | |
| 28 | | झालझमीरा | 27.02.2024 | झालझमीरा | |
| | | | 28.02.2024 | घाटा | |
| 29 | | अलौदी | 12.02.2024 | अलौदी | डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993 / 8809426652 |
| | | | 13.02.2024 | हेसवे | |
| 30 | | बुटी | 15.02.2024 | बुटी | |
| | | | 16.02.2024 | कंडरा | |
| 31 | | उगरा | 19.02.2024 | उगरा | |
| | | | 20.02.2024 | कोराम्बे | |
| 32 | | भडगांव | 12.02.2024 | भडगांव | डा0 अमर दीपक तिग्गा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सेन्हा 7250757243 |
| | | | 13.02.2024 | कुन्दगडी | |
| 33 | | सेन्हा | 15.02.2024 | सेन्हा पंचायत | |
| | | | 16.02.2024 | उराँव टोली | |
| 34 | | तोडार | 27.02.2024 | तोडार | |
| | | | 28.02.2024 | बरही | |
| 35 | भण्डरा | भण्डरा | 10.02.2024 | प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय भण्डरा | डा0 अंजिला श्रद्धा तृप्ति कुजूर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 8974749989 |
| | | | 11.02.2024 | आंगनबाडी | |
| 36 | | गडरप्पो | 12.02.2024 | पंचायत भवन/ गडरप्पो | |
| | | | 13.02.2024 | पंचायत भवन/आंगनबाडी | |
| 37 | | मसमानो | 15.02.2024 | पंचायत भवन/मसमानो | |
| | | | 16.02.2024 | पंचायत भवन/मसमानो | |
| 38 | भण्डरा | भौरों | 07.02.2024 | पंचायत भवन, भौरों | डा0 मनोज कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, भण्डरा 7903325460 |
| | | | 08.02.2024 | आंगन बाडी भौरों | |
| 39 | | उदरंगी | 15.02.2024 | पंचायत भवन | |
| | | | 16.02.2024 | पंचायत भवन | |
| 40 | | आकाशी | 21.02.2024 | पंचायत भवन | |
| | | | 22.02.2024 | पंचायत भवन | |
| 41 | | भीठा | 12.02.2024 | धोबाली | डा0 संजय उरांव भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चट्टी , भण्डरा 9905411330 |
| | | | 13.02.2024 | नगडी | |
| 42 | | बडागांई | 15.02.2024 | खिजरी | |
| | | | 16.02.2024 | कांजो | |
| 43 | | जमगाई | 17.02.2024 | कोटा | |
| | | | 19.02.2024 | डुमरी | |
| 44 | किस्को | खरकी | 05.02.2024 | सेमरडीह, | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी खरचा, 9430190718 |
| | | | 06.02.2024 | छेछरा नवाडीह | |
| 45 | | परहेपाट | 07.02.2024 | जनवल | |
| | | | 08.02.2024 | नगडाटोली | |
| 46 | | नवाडीह | 09.02.2024 | फटेयाटोली | |
| | | | 10.02.2024 | नीनी | |
| 47 | | पाखर | 12.02.2024 | हुटाप | |
| | | | 13.02.2024 | नागपुर | |
| 48 | | बेटठ | 15.02.2024 | पतगच्छा | |
| | | | 16.02.2024 | लावांगाई | |
| 49 | | देवदरिया | 20.02.2024 | खरचा | |
| | | | 21.02.2024 | जोबांग | |
| 50 | | आरेया | 10.02.2024 | निरहू | डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969 / 9798078205 |
| | | | 11.02.2024 | चरहू | |
| 51 | | हिसरी | 12.02.2024 | जोगियारा | |
| | | | 13.02.2024 | अगरडीह | |
| 52 | | बगडू | 14.02.2024 | बगडू | |
| | | | 15.02.2024 | उपर बगडू | |
| 53 | पेशरार | पेशरार | 06.02.2024 | नवाटोली | डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969 / 9798078205 |
| | | | 07.02.2024 | कानीटोली | |
| 54 | | रोरद | 04.02.2024 | रोरद स्थल टोली | |
| | | | 05.02.2024 | लटकी टोड | |
| 55 | | हेसांग | 08.02.2024 | पंचायत भवन हेसांग | |
| | | | 09.02.2024 | गढकसमार | |
| 56 | | तुईमू | 16.02.2024 | सिंदूर | |
| | | | 17.02.2024 | टूडूरडीपा | |
| 57 | | सिरम | 22.02.2024 | सिरम | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी खरचा, 9430190718 |
| | | | 23.02.2024 | माँची | |
| 58 | कैरो | कैरो | 09.02.2024 | विराजपूर | डॉ0 अमर दीपक तिग्गा, प्रभारी, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कैरो |
| | | | 10.02.2024 | जामुनटोली | |
| 59 | | गजनी | 17.02.2024 | चालहो | |
| | | | 19.02.2024 | उलटी | |
| 60 | | नरौली, | 20.02.2024 | चरीमा | |
| | | | 21.02.2024 | 1पंचगाई | |
| 61 | | सढावे | 22.02.2024 | डुमरटोली | |
| | | | 23.02.2024 | सढ़ावे | |
| 62 | | गुड़ी | 28.02.2024 | चीपो | |
| | | | 29.02.2024 | गुडी | |

नोटः– 1. लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि/मुखियागणों को सभी विशेष पशुचिकित्सा शिविरों में सादर आमंत्रित किया जाता है एवं पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अपने पशुओं को बीमाररियों से बचाव हेतु टीकाकरण/औषधियाँ अवश्य दिलाएँ।
2. विशेष परिस्थिति में शिविर आयोजन की तिथि एवं शिविर स्थल में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 318183 Lohardaga (23-24)_D

## झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के अंतर्गत जप्त वनोपज, वाहन एवं अन्य उपस्कर जहाँ है जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में दिनांक–26.02.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न को निर्धारित की गई है। विषयक आम नीलामी में उल्लेखित राज्यसात वाहनों पर किसी भी व्यक्ति को यह आपत्ति हो कि विषयक मामले में सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो, वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में दिनांक–26.02.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक या उसके पूर्व समर्पित कर सकते हैं। यदि उक्त निर्धारित तिथि तक उल्लेखित राज्यसात वाहनों पर कोई दावा गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित नहीं किया जाता है तो यह समझा जाएगा कि उक्त राज्यसात वाहनों की आम नीलामी द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। आम नीलामी हेतु प्रकाशित की गई राज्यसात वाहनों की सूची, वन वाद संख्या एवं अधिहरण वाद संख्या की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | वन वाद संख्या | अधिहरण वाद संख्या | अपराध प्रतिवेदन संख्या | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या/ इंजन संख्या/ चेचिस संख्या | वाहन जहाँ स्थित है। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | CF-150/ 2014 | 15/2014 | 63पी. दिनांक–02.06. 2014 | महिन्द्रा 475-DI ट्रैक्टर, ट्रेलर सहित, रंग–लाल | Reg. No. - UP64L 0259 / Engine No. - RFV9642 / Chassis No. - RFV9642 | नगर वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। |
| 2 | C-347/ 2023 | 05/2023 | 07पी. दिनांक–28.02. 2023 | महिन्द्रा 475-DI MKMDLX ट्रैक्टर, ट्रेलर सहित, रंग–लाल | Reg. No. - JH14H4037 / Engine No. - NKH2KBE0152 / Chassis No. - MBNABAJAKKNH01832 and Trailer Reg. No. - JH14H3041 | भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। |
| 3 | C-179/ 2023 | 03/2023 | 04पी. दिनांक–04.02. 2023 | महिन्द्रा पिकअप, रंग–सफेद | - | गढ़वा वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। |
| 4 | C-1140/ 2023 | 27/2023 | 27पी. दिनांक–04.07. 2023 | महिन्द्रा B275DI ट्रैक्टर, ट्रेलर सहित | Sr. No. - RDTL003611A | गढ़वा वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। |
| 5 | C-1249/ 2023 | 30/2023 | 31पी. दिनांक–20.07. 2023 | EICHER TRUCK | Reg. No. - UK07CA-7783 | गढ़वा वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। |
| 6 | C-1536/ 2023 | 39/2023 | 52पी. दिनांक–15.09. 2023 | जॉन डियर ट्रैक्टर, मॉडल नं0–JOHN DEERE 5042D V3, रंग–हरा, ट्रेलर सहित | Reg. No. - JH03AB6430 / Engine No. - PY3029D561171 / Chassis No. - 1VY5042DCLA008558 | रमना वन परिसर का कार्यालय परिसर। |
| 7 | C-1053/ 2023 | 15/2023 | 17पी. दिनांक–16.06. 2023 | महिन्द्रा पिकअप, मॉडल नं0–BOLERO PIK UP FB MS 1 3T, रंग–सफेद | Reg. No. - JH19D6824 / Engine No. - TNN1A38464 / Chassis No. - MA1ZN2TNKN1A18801 | गढ़वा वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। |
| 8 | CF-34/ 2012 | 02/2012 | 07पी. दिनांक–20.03. 2012 | Tractor Mahindra B275 DI | Chassis No. - 0A5558519R4 | धुरकी वन परिसर का कार्यालय परिसर। |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।

PR.NO.318142 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

## झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

### आम निलामी सूचना

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत गढ़वा वन प्रक्षेत्र के गढ़वा वन परिसर एवं रमना वन परिसर; नगर वन प्रक्षेत्र के नगर वन परिसर एवं धुरकी वन परिसर, भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र के भवनाथपुर वन परिसर के आहाते में तथा गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में रखे गये जप्त वनोपज, वाहन एवं अन्य उपस्कर जहाँ है जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में दिनांक–26.02.2024 को 11:30 बजे पूर्वाहन को निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन गढ़वा वन प्रक्षेत्र के गढ़वा वन परिसर के कार्यालय परिसर में रखे गये लौट संख्या–1 से 4 के लिए; रमना वन परिसर में रखे गये लौट संख्या–1 से 8 के लिए तथा भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र के भवनाथपुर वन परिसर में रखे गये लौट संख्या–1 के लिए 1,00,000.00 (एक लाख) रूपये एवं वाहनों को छोड़कर शेष अन्य सभी लौटों के लिए 5,000.00 (पाँच हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के पदनाम से गढ़वा स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा में भुगतेय हो) या नकद राशि गेटमनी के रूप में लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल क्रेता को शीघ्र बैंक ड्राफ्ट या नकद राशि वापस कर दी जायेगी। वनोपज, वाहन एवं अन्य उपस्करों के लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बन्दी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत निबंधित/पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। विक्रय मूल्य के अतिरिक्त यथा लागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेष कर भी देय होगा। शर्ते एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्ते https://garhwa.nic.in/ एवं https://forest.jharkhand.gov.in पर भी उपलब्ध है। मोबाईल नं0–6205861551 से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

वनोपज एवं अन्य उपस्करों के लॉट से संबंधित विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | वनोपज (प्रकाष्ठ, जलावन एवं बल्ली) के लौट के रखे हुए स्थल का नाम | नीलामी स्थल का नाम | नीलामी की तिथि | वनोपज (प्रकाष्ठ, जलावन एवं बल्ली) का लौट संख्या एवं अनुमानित आयतन | अन्य उपस्करों का लॉट संख्या/उपस्करों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा वन परिसर के आहाते, गढ़वा वन प्रक्षेत्र, गढ़वा। | गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल का प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा | 26.02.2024 | 17 एवं अनुमानित आयतन 34.3798 घनमीटर | – |
| 2 | रमना वन परिसर के आहाते, गढ़वा वन प्रक्षेत्र, गढ़वा। | | 26.02.2024 | 17 एवं अनुमानित आयतन 27. 6317 घनमीटर, 23 पीस बल्ली | 6 |
| 3 | धुरकी वन परिसर के आहाते, नगर वन प्रक्षेत्र, नगर। | | 26.02.2024 | 1 एवं अनुमानित आयतन 1.8176 घनमीटर | – |
| 4 | भवनाथपुर वन परिसर के आहाते, भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र, भवनाथपुर। | | 26.02.2024 | 3 एवं अनुमानित आयतन 5.5784 घनमीटर | – |
| 5 | गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा। | | 26.02.2024 | – | 81 |

राज्यसात एवं आम नीलामी द्वारा बिक्री हेतु अन्य वाहनों से संबंधित विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या/ इंजन संख्या/ चेचिस संख्या | वाहन जहाँ स्थित है। | आवेदन पत्र के साथ जमा की जाने वाली अग्रधन की राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | महिन्द्रा 475-DI ट्रैक्टर, ट्रेलर सहित, रंग–लाल | Reg. No. - UP64L 0259 / Engine No. - RFV9642 / Chassis No. - RFV9642 | नगर वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। | 5000.00 |
| 2 | महिन्द्रा 475-DI MKMDLX ट्रैक्टर, ट्रेलर सहित, रंग–लाल | Reg. No. - JH14H4037 / Engine No. - NKH2KBE0152 / Chassis No. - MBNABAJAKKNH01832 and Trailer Reg. No. - JH14H3041 | भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। | 10000.00 |
| 3 | महिन्द्रा पिकअप, रंग–सफेद | - | गढ़वा वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। | 10000.00 |
| 4 | महिन्द्रा B275DI ट्रैक्टर, ट्रेलर सहित | Sr. No. - RDTL003611A | गढ़वा वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। | 10000.00 |
| 5 | EICHER TRUCK | Reg. No. - UK07CA-7783 | गढ़वा वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। | 50000.00 |
| 6 | जॉन डियर ट्रैक्टर, मॉडल नं0–JOHN DEERE 5042D V3, रंग–हरा, ट्रेलर सहित | Reg. No. - JH03AB6430 / Engine No. - PY3029D561171 / Chassis No. - 1VY5042DCLA008558 | रमना वन परिसर का कार्यालय परिसर। | 10000.00 |
| 7 | महिन्द्रा पिकअप, मॉडल नं0–BOLERO PIK UP FB MS 1 3T, रंग–सफेद | Reg. No. - JH19D6824 / Engine No. - TNN1A38464 / Chassis No. - MA1ZN2TNKN1A18801 | गढ़वा वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। | 10000.00 |
| 8 | Chetak 12 v Electronic Scooter | - | नगर वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। | 1000.00 |
| 9 | Bajaj 12v Electronic Scooter | - | | 1000.00 |
| 10 | Scooter | Reg. No. - UP64B/613 | | 1000.00 |
| 11 | Scooter Bajaj Bravd | Reg. No. - BR15/3524 | | 1000.00 |
| 12 | Classic Scooter | - | | 1000.00 |
| 13 | Enfield India | Reg. No. - BR0/2720 | | 1000.00 |
| 14 | Enfield India | Reg. No. - BR0/2719 | | 1000.00 |
| 15 | Enfield India | - | | 1000.00 |
| 16 | Tractor Mahindra B275 DI | Chassis No. - 0A5558519R4 | धुरकी वन परिसर का कार्यालय परिसर। | 5000.00 |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR 318147 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D

## ईमानदार केजरीवाल को इडी का कैसा डर ?

दिल्ली में मुख्यमंत्री केजरीवाल के कई नजदीकियों के ठिकानों पर पड़े छापों के बाद अब कानूनी दांव पेंच से आगे बढ़कर बड़ी कार्रवाई का लगता है समय आ गया है क्योंकि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समन को पांच बार अस्वीकार कर चुके हैं। यह संविधान को अस्वीकार करना और उसका उल्लंघन करना ही है। ईडी दिल्ली ह्यशराब घोटाले के बारे में केजरीवाल से पूछताछ करना चाहती है। लेकिन स्वयं को कट्टर ईमानदारी का प्रमाण पत्र देने वाले कट्टर ईमानदार केजरीवाल जांच का सामना करने की बजाय राजनीतिक दाव पेंच कर इसे प्रचारित कर रहे हैं। केजरीवाल सरकार पर औषधि से लेकर मदिरा तक, शिक्षा से लेकर कक्षा तक और मोहल्ला क्लीनिक के लैब टेस्ट तक में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जब शराब घोटाले के आरोप लगे थे, तब आम आदमी पार्टी ने ईडी की कार्रवाई का समर्थन किया था। मगर केजरीवाल स्वयं ईडी के नोटिस को अस्वीकार कर रहे हैं। 17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। विपक्ष का आरोप है कि नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ। प्रश्न यह है कि, अगर शराब घोटाले में केजरीवाल का हाथ नहीं है, तो वह क्यों जांच में शामिल होने से घबरा रहे हैं? अगर शराब घोटाला हुआ ही नहीं, तो पॉलिसी में बदलाव क्यों किया और नई नीति क्यों लाई गई? केजरीवाल तो कई बार कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे डरते हैं, लिहाजा चुनावों में निष्क्रिय करने के मद्देनजर ईडी जांच और जेल के जाल बिछाए जा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाले को लेकर स्वयं को निर्दोष मानते हैं, इसलिए घोटालों के आरोपों का स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं। केजरीवाल के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते 11 माह से, शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों के कारण, कारागार में हैं। उनकी जमानत के तर्क सर्वोच्च न्यायालय तक अस्वीकार कर चुका है। केजरीवाल की पार्टी के ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी घोटालों के आरोपों और साक्ष्यों के मद्देनजर कारागार में बंद हैं। यदि इतने महत्त्वपूर्ण साथी कारागार में हैं, तो क्या उन्होंने ह्यशराब नीतिह्न का निर्णय स्वयं ही लिया था? प्रश्न यह भी है कि कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता किसने की थी? कारागार वाले साथियों ने शराब माफिया के कुछ चेहरों को, जो कारागार में बंद हैं, मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर उनसे मिलवाया था, तो उसके प्रयोजन क्या थे? जिस मनी ट्रेल की ओर सर्वोच्च न्यायालय ने भी संकेत किए हैं, क्या मुख्यमंत्री और ह्यआपह्न के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर केजरीवाल उसमें संलिप्त नहीं थे? आम आदमी पार्टी ये दावा कर रही है कि जो शराब नीति उसने बनाई थी वही हरियाणा में भी चल रही है। लेकिन मोदी सरकार उसे निशाना बना रही है। अगर ऐसा है तो आम आदमी इसका पदार्फाश क्यों नहीं करती। सिर्फ ये कहने से काम नहीं चलेगा कि मोदी सरकार केजरीवाल सरकार को निशाना बना रही है।

**केजरीवाल सरकार पर औषधि से लेकर मदिरा तक, शिक्षा से लेकर कक्षा तक और मोहल्ला क्लीनिक के लैब टेस्ट तक में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जब शराब घोटाले के आरोप लगे थे, तब आम आदमी पार्टी ने ईडी की कार्रवाई का समर्थन किया था। मगर केजरीवाल स्वयं ईडी के नोटिस को अस्वीकार कर रहे हैं। 17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। विपक्ष का आरोप है कि नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ।**

इन दिनों

## झारखंड- बिहार में शिक्षा जगत को डीएवी के 40 वर्ष



देवेश कु घोष

***बिहार*** और झारखंड के लगभग सभी जिलों में प्रतिष्ठा अर्जित करते हुए विगत चालीस वर्षों से डी ए वी पब्लिक स्कूल चल रहे हैं। वैसे तो बिहार के पटना, दानापुर, सीवान और अन्य शहरों में बहुत पहले से ही डी ए वी विद्यालय हैं परंतु दोनों के प्रबंधन दो हैं। पूरे देश में पुराने डी ए वी, दयानन्द आर्य विद्यालय के नाम से जाने जाते हैं (पब्लिक स्कूल नहीं) जिसका प्रबंधन स्थानीय स्तर पर आर्य समाजियों के हाथों होता है। बिहार, झारखंड और देश के विभिन्न प्रान्तों में 900 से अधिक अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय दयानन्द एंग्लो वैदिक पब्लिक स्कूल डी ए वी कॉलेज प्रबंधकर्तृ समिति ( डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमीटी ) नई दिल्ली द्वारा संचालित हैं । सन 1886 में स्थापित डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी के कर्ता धर्ता भी आर्यसमाज के समर्पित लोग ही हैं। अंग्रेजी माध्यम में पब्लिक स्कूल की तर्ज पर चल रहे, आकर्षक भवन तथा आधुनिक शिक्षा संसाधनों से युक्त डी ए वी पब्लिक स्कूल ने देश भर में बहुत ख्याति अर्जित की है। बिहार और झारखंड का तो इन विद्यालयों ने काया ही पलट दिया है। शिक्षा की गुणवत्ता, ठोस प्रबंधन, अच्छे परीक्षा परिणाम और देश के नामी गिरामी मेडिकल, इंजीनीयरिंग, प्रबंधन, महाविध्यालयों में डी ए वी के बच्चों का अच्छी संख्या में नामांकन भी चर्चा का विषय होता है और अभिभावक भी इस संस्था के प्रति बहुत उपकृत हैं। डी ए वी ने देश के अन्य प्रान्तों सहित बिहार और झारखंड में एक उल्लेखनीय मुकाम हासिल कर लिया है। इन विद्यालयों को खोलने में जिनकी अहम भूमिका रही, उनका नाम था महात्मा नारायण दास ग्रोवर। अपने अथक प्रयास से कर्मयोगी महात्मा नारायण दास ग्रोवर ने बिहार, झारखंड, बिहार की सीमा से जुटे मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओड़ीसा, सिक्किम में पूर्व क्षेत्र के निदेशक के रूप में लगभग तीन सौ विद्यालय खोले। महात्मा नारायण दास ग्रोवर का जन्म 15 नवंबर 1923 में पाकिस्तान के ईसाखेल में हुआ था। 2008 में उन्होने अंतिम सांस ली । 6 फरवरी को महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्य तिथि है। ग्रोवर साहब बहुत पढ़ा करते थे । उनका ज्ञान अद्यतन होता था। वैसे तो रसायन शास्त्र के स्नातकोत्तर थे लेकिन चाहे कोई भी विषय हो, गहरी पकड़ थी उनकी। सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक घटनाओं की जानकारी सभी को रखने के हिमायती थे। अङ्ग्रेजी शब्द ज्ञान को वेदों से भी ज्यादा अहमियत देते थे। अङ्ग्रेजी बोलने पर बहुत जोर देते थे। अङ्ग्रेजी व्याकरण का भी अच्छा ज्ञान



भी कोई थकान नहीं। अक्सर गाड़ी में कुछ न कुछ पढ़ते रहते या फाइल देखते रहते। एक-एक क्षण का सदुपयोग करना कोई ग्रोवर साहब के काम करने के तरीका से सीखे! ग्रोवर साहब पर नये विद्यालय खोलने का धुन सवार रहता था । केवल शहरों में ही नहीं, निर्जन स्थानों पर भी यदि भूमि उपलब्ध हो और नामांकन के लिए बच्चे मिलने की संभावना हो तो विद्यालय खोलने की प्रक्रिया आरंभ कर देते थे। कई स्थानों पर जब विद्यालय भवन बनना आरंभ हुआ तो अगल बगल में चाय की दूकान तक नहीं थी। बहुत

**सन 1886 में स्थापित डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी के कर्ता धर्ता भी आर्यसमाज के समर्पित लोग ही हैं। अंग्रेजी माध्यम में पब्लिक स्कूल की तर्ज पर चल रहे, आकर्षक भवन तथा आधुनिक शिक्षा संसाधनों से युक्त डी ए वी पब्लिक स्कूल ने देश भर में बहुत ख्याति अर्जित की है। बिहार और झारखंड का तो इन विद्यालयों ने काया ही पलट दिया है। शिक्षा की गुणवत्ता, ठोस प्रबंधन, अच्छे परीक्षा परिणाम और देश के नामी गिरामी मेडिकल, इंजीनीयरिंग, प्रबंधन, महाविध्यालयों में डी ए वी के बच्चों का अच्छी संख्या में नामांकन भी चर्चा का विषय होता है और अभिभावक भी इस संस्था के प्रति बहुत उपकृत हैं। डी ए वी ने देश के अन्य प्रान्तों सहित बिहार और झारखंड में एक उल्लेखनीय मुकाम हासिल कर लिया है। इन विद्यालयों को खोलने में जिनकी अहम भूमिका रही, उनका नाम था महात्मा नारायण दास ग्रोवर। अपने अथक प्रयास से कर्मयोगी महात्मा नारायण दास ग्रोवर ने बिहार, झारखंड, बिहार की सीमा से जुटे मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओड़ीसा, सिक्किम में पूर्व क्षेत्र के निदेशक के रूप में लगभग तीन सौ विद्यालय खोले। महात्मा नारायण दास ग्रोवर का जन्म 15 नवंबर 1923 में पाकिस्तान के ईसाखेल में हुआ था। 2008 में उन्होने अंतिम सांस ली । 6 फरवरी को महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्य तिथि है। ग्रोवर साहब बहुत पढ़ा करते थे । उनका ज्ञान अद्यतन होता था। वैसे तो रसायन शास्त्र के स्नातकोत्तर थे लेकिन चाहे कोई भी विषय हो, गहरी पकड़ थी उनकी। सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक घटनाओं की जानकारी सभी को रखने के हिमायती थे। अङ्ग्रेजी शब्द ज्ञान को वेदों से भी ज्यादा अहमियत देते थे।**

था। विद्यालयों में निरीक्षण के लिए आते तो सीधे कक्षाओं में पढाने चले जाते। किसी शिक्षक की कक्षा में उसकी पढ़ाई का निरीक्षण शायद ही कभी किया हो । बच्चों से खूब सवाल पूछते और जीवन में कुछ अच्छा करने को प्रेरित करते थे । सही मायने में एक शिक्षाविद थे। शिक्षकों के लिए सम्पूर्ण आदर्श। एक बार किसी ने पूछ लिया था कि आपकी उम्र क्या हो रही है तो अवकाश प्राप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य ने उत्तर दिया था कि मेरी उम्र तीस साल की है। फिर अपने आदत के अनुसार ठहाका लगाते हुए स्पस्ट किया था, 'श्री मान, मैं चाहता हूँ कि मेरे शिक्षक एक पच्चीस साल के व्यक्ति की तरह ऊजार्वान हो कर काम करें, तो मुझे भी तीस साल का रहना पड़ेगा।' अजश्र ऊर्जा थी ग्रोवर साहब में। क्या मजाल की कोई उनके कदम से कदम मिला ले ! लंबा कद, झटकती हुई चाल और टनक भरी आवाज । किसी भी युवा को मात देते थे। लगातार बारह से चौदह घंटे इंटरव्यू लेते हुए देखा है मैंने उन्हें। थकावट कभी आने ही नहीं देते थे चेहरे पर। लंबी सड़क यात्रा के बाद साहसी थे ग्रोवर साहब। हथेली पर घास उगा लेते थे। विद्यालय खोलना सोच लिया तो सोच लिया । डी ए वी के शिक्षक, कर्मचारी, प्राचार्य, यहाँ तक की जो भी उनको जानते थे और श्रद्धा करते थे, उनके लिए प्रेरणा की श्रोत थे । उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला। अच्छी तरह से समझता था कि यह अद्वितीय चरित्र इतिहास में दर्ज होगा।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

## आपकी बात

### सफाई के अभाव में नालियां जाम



विनोद सोनी

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में जाम नालियां विकराल रूप धारण करती जा रही हैं। नालियों के जाम होने के कारण समाज के हर तबके के नागरिकों को परेशान होना पड़ रहा है। वैसे तो शहर के हर वार्ड में नाली जाम की समस्या आम बात है, किंतु वार्ड नंबर 29 में यह समस्या दुष्कर होती जा रही है। क्योंकि शहर के पुराने व घनी आबादी वाले इस वार्ड से ही शहर का मुख्य नाला प्रवाहित होता है। लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण नालियों के साथ बड़े नाले से भी जल निकासी पूरी तरह अवरूद्ध हो गयी है। लंबे समय से नाली और नालों की सफाई भी नहीं करायी गयी है। इसकी वजह से नालियां पूरी तरह से जाम हो गयी हैं। इससे नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। वार्ड का धोबी मुहल्ला घनी आबादी का मोहल्ला है। यहां पर सरकारी विद्यालय एवं धार्मिक स्थल भी हैं। ऐसे में सड़क पर ही नाली का गंदा पानी बहने के कारण बच्चों व पूजा करने जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके साथ ही छह मुहान चौक पर नाली नहीं होने से स्थिति नारकीय हो गयी है। राहगीर सड़क पर ही लघुशंका कर देते हैं जो जिला स्कूल चौक से होते हुए सीधे मोहल्ले में प्रवेश कर जाता है। अनवरत पानी बहने से जहां सड़क क्षतिग्रस्त हो रहा है। वहीं आये दिन दुर्घटनायें भी हो रही हैं। इसके साथ ही नगर निगम के अन्य वार्डों में भी स्थिति अत्यंत दयनीय है। जाम नालियां शहर की पहचान बनती जा रही हैं। गंदे पानी के साथ कूड़ा-कचरा भी इधर-उधर फैला हुआ है। साथ ही गंदगी मिश्रित पानी की सड़ांध से लोगों का सांस लेना भी दूभर हो गया है। मच्छरों की तादात बढ़ जाने से मच्छरों का आंतक बढ़ने के साथ ही मलेरिया आदि संक्रामक बीमारियों का प्रसार भी बढ़ गया है। एक वर्ष से अधिक समय से चुनाव नहीं होने के कारण जन प्रतिनिधि विहीन नगर निगम में अधिकारियों से गुहार लगाते-लगाते नागरिक थक चुके हैं। जन प्रतिनिधि नहीं होने के कारण निगम कर्मियों द्वारा कूड़ा निस्तारण में घोर लापरवाही बर्ती जा रही है। लगातार अनदेखी के कारण समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हॉस्पिटल के आस-पास स्थिति और भी खराब बनी हुई है। कब समस्या का निराकरण होगा नागरिक नहीं समझ पा रहें है। नगर निगम को इस संबंध में निश्चित ही सकारात्मक पहल करनी चाहिये।

**( पलामू लोकसभा प्रभारी बसपा)**

राजनीति

## स्त्री और पुरुष समानता के हक में है यूसीसी



डॉ.मयंक चतुर्वेदी

***उत्तराखंड*** में चल रहे विधानसभा सत्र के बीच अपने घर से निकलते समय संविधान की मूल प्रति को लेकर सदन पहुंचने के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक ओर यह कहकर देश में नई बहस शुरू कर दी है कि ''देश के संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 को सार्थकता प्रदान करने की दिशा में आज का दिन देवभूमि उत्तराखंड के लिए विशेष है। देश का संविधान हमें समानता और समरसता के लिए प्रेरित करता है और समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की प्रतिबद्धता इस प्रेरणा को साकार करने के लिए एक सेतु का कार्य करेगी।'' इसके साथ सदन में पहुंचकर उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को सदन के पटल पर रख यह बता दिया है कि प्रत्येक नागरिक की समानता को लेकर जो शुरूआत उत्तराखंड से हुई है, वह अब अनेक राज्यों में होते हुए केंद्र तक जायेगी। देहरादून स्थित जामा मस्जिद शहर काजी मोहम्मद अहमद कासमी, मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी , इमाम संगठन के अध्यक्ष मुफ्ती रईस, नुमाइंदा ग्रुप याकूब सिद्दीकी, लताफत हुसैन और राज्य बेग , ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, बोर्ड के महासचिव मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दीदी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत देश भर में मुस्लिम रहनुमाई का दम भरने वाले आज कई नेता है जो कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का खुलकर विरोध कर रहे हैं। वास्तव में इन सभी की छोटी मानसिकता से साफ समझ आ रहा है कि वह भारत के तमाम मुसलमानों को गुमराह करने के कार्य रहे हैं। कहना होगा कि आज कहीं न कहीं ये सभी और इन जैसे भारत में मुसलमानों को इस्लाम के नाम पर मजहब को ऊपर रख देश को तोड़ने का ही कार्य कर रहे हैं। जब ये लोग कहते हैं कि मुसलमान का मतलब अपने आपको अल्लाह के हवाले करना है, इसलिए हमें पूरी तरह शरीअत पर अमल करना है।

**देश का संविधान हमें समानता और समरसता के लिए प्रेरित करता है और समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की प्रतिबद्धता इस प्रेरणा को साकार करने के लिए एक सेतु का कार्य करेगी।**

## फेसबुक वॉल से

Surendra Kishore
49 m

बनाइए पुलिस का धावा दल
-------------
सुरेंद्र किशोर
-------------
बिहार सरकार ने इधर पुलिस की कार्य प्रणाली में सुधार की दिशा में कई ठोस कदम उठाये हंै।
उसका सकारात्मक असर पड़ेगा,ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए।
किंतु लगता है कि एक महत्वपूर्ण पहल की जरूरत अब भी है।
यानी, इस दिशा में ठोस पहल होनी चाहिए कि पुलिस जल्द से जल्द घटनास्थल पर पहुंच जाए।
मान लीजिए कहीं किसी सुदूर इलाके में दो पक्षों के बीच हिंसक संघर्ष हो रहा है।
बेहतर संचार के इस दौर में स्थानीय पुलिस थाने में त्राहिमाम का काॅल जाता है।
क्या ऐसे में पुलिस दल आज जल्द से जल्द घटनास्थल पर पहुंचने की कोशिश करता है ?
क्या पुलिस के पास उतने साधन राज्य सरकार ने मुहैया कराए हैं ?
यदि नमूने के तौर पर कुछ अपराधग्रस्त इलाकों में ऐसी व्यवस्था शुरू की जाए तो लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ेगा। आज तो लोगों की जान भगवान भरोसे ही लगता है।
------------
और अंत में
------
कम से कम बिहार के दो पुलिस अफसरों को जानता हूं जो जिलों में तैनाती के समय तो अपराधियों पर काल बन कर टूट पड़ते थे।
जिलों के लोग उनकी वाहवाही करते थे।
पर,जब वे ही अफसर डी.जी.पी.बने तो कारगर साबित नहीं हो सके।
ऐसा क्यों होता है ?
--------------------

## X - से

DC Palamu @DC_Palamu · 23h
सभी बीडीओ संग बैठक कर अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों तथा स्वीकृत आवेदनों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिले के सभी योग्य लाभुकों को इस योजना से लाभान्वित करने को लेकर कई निर्देश दिए।
@JharkhandCMO
@prdjharkhand



CBC Daltonganj (सूचना एवं प्रसार... and 27 others

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

## भाजपा के मिशन 2024 से ही टीम भारत का निर्माण



संजय तिवारी

***भारतीय*** जनता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को एक अवसर मानते हुए अगले 25 वर्ष की नई राजनीतिक अवधारणा पर कार्य करना शुरू कर दिया है। इस बार के चुनाव में युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर टिकट देकर आगामी 25 वर्षों के लिए अत्यंत ऊर्जावान और क्रियाशील टीम भारत का आधार तैयार करने की रणनीति पर कार्य शुरू हो चुका है। यह सब विजन मोदी के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक भी है। इसके संकेत स्वयं प्रधानमंत्री के संसद के बजट सत्र में दिये गये विस्तृत संबोधन में भी दिखे हैं। इसको समझने के लिए प्रधानमंत्री के अमृतकाल की परिधि को भी समझना होगा। वर्ष 2047 तक के कालखंड को अमृतकाल मानते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने का लक्ष्य निर्धारित हो चुका है। तब भारत अपनी स्वाधीनता के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा। उस समय तक राष्ट्र को सक्षम और अयंत ऊर्जावान राजनीतिक टीम की जरूरत होगी। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभी से संकेत दे दिया है कि नई लोकसभा में अब अत्यधिक युवा चेहरों की जरूरत है। इसमें युवा नारीशक्ति की भी बहुत जरूरत होगी। यद्यपि महिला आरक्षण के रूप में नारी शक्ति वंदन कानून पास हो चुका है लेकिन उसको आधिकारिक रूप से लागू होने में अभी कई तकनीकी कार्य शेष हैं। ऐसे में अपने टिकट बंटवारे में भाजपा नारीशक्ति वंदन के संकेत स्पष्ट मानकर महिला प्रतिनिधित्व भी बढ़ा सकती है। यह कदम भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले दलों के लिए सांसत जैसा होगा क्योंकि वे हल्ला तो बहुत करते हैं लेकिन महिलाओं को वैसा प्रतिनिधित्व देते नहीं हैं। इससे भाजपा देश की महिलाओं को स्पष्ट संदेश देकर आधी आबादी को स्वयं से जोड़ सकती है। इस बार का चुनाव वैसे भी बहुत अलग होने जा रहा है। इसका संकेत प्रधानमंत्री का श्रीअयोध्या जी में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय का वह उद्बोधन है जिसमे वह बार-बार कालचक्र के परिवर्तन और अगले एक हजार वर्ष की भारत की सनातन यात्रा की नींव की चर्चा करते हैं।

**वर्ष 2047 तक के कालखंड को अमृतकाल मानते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने का लक्ष्य निर्धारित हो चुका है। तब भारत अपनी स्वाधीनता के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा।**



बोधि वृक्ष

## एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

अपक्षय के कारण इन चट्टानों का बाहरी हिस्सा अपेक्षाकृत नरम होता है और परत-दर-परत निकलता जाता है, जबकि इनका भीतरी भाग कठोर ताजी चट्टानों से बना होता है। कला इतिहासकारों के अनुसार, राजमिस्त्री और मूर्तिकारों ने मिलकर इसपर काम किया होगा। जैसे ही एक समूह चट्टान को बाहर निकालता होगा, दूसरा समूह महीन नक्काशियाँ करना शुरू कर देता होगा। चूँकि इसे ऊपर से नीचे तक उकेरा गया था, इसलिए कारीगरों को बैठने और कोहनी को टिकाकर छेनी-हथौड़ी से नक्काशी करने की पर्याप्त जगह मिलती होगी। इस प्रकार मचान की भी कोई आवश्यकता नहीं पड़ी होगी। यह भी दावा किया जाता है कि वास्तुकारों के पास पहले से ही एक योजना और एक कार्यशील प्रतिदर्श था। पट्टाडकल के विरुपाक्ष मंदिर और कैलाश मंदिर के बीच असाधारण समानता के कारण यह माना जाता है कि दोनों ही मंदिरों की कारीगरी उन्हीं कारीगरों ने की होगी। इस प्रारंभिक चालुक्य मंदिर ने भले ही एक प्रेरणा का काम किया हो, लेकिन यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि कैलाश मंदिर उसके आकार से लगभग दोगुना है। वैसे तो हम केवल अटकलें ही लगा सकते हैं, किंतु संभव है कि मंदिर के निर्माण की वास्तविक प्रक्रिया अलग रही हो। इस बात का कोई पुख्ता सबूत नहीं है कि छेनी और हथौड़े से गहरी खाइयों को खोदे जाने और चट्टानों को तराशने जाने के बाद, उन्हें कैसे और कहाँ छोड़ा गया होगा। यह निर्माण-प्रक्रिया के सभी पक्षों को लेकर बार-बार सवाल खड़ा करता है। आश्चर्य की बात है कि जहाँ वर्तमान आधुनिक तकनीकों के साथ भी ऐसे निर्माण करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण है, वहीं प्राचीन समाजों ने ऐसी चमत्कारिक संरचनाएँ कैसे बनाई होंगी।

**(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

## बच्चों के फोन पर लागू करें ये 4 अनुप्रयोगी सेटिंग्स

***बच्चों*** को फोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग करने के कई लाभ हैं। इनमें शिक्षा, मनोरंजन, संचार, और तकनीकी कौशलों का विकास शामिल है। विशेष रूप से, आजकल कई शिक्षाविद और शैक्षिक ऐप्स उपलब्ध हैं जो बच्चों को उनकी पढ़ाई में सहायता कर सकते हैं। आधुनिक दुनिया में बच्चों के पास फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग करना एक आम बात हो गई है। यह डिवाइस उनके लिए एक मनोरंजन का स्रोत हो सकता है, लेकिन क्या यह उनके शिक्षा और विकास के लिए सही है? क्या बच्चों को इन डिवाइसों को पढ़ाई के लिए भी उपयोग करना चाहिए? यह विवादित सवाल है, जिस पर माता-पिता, शिक्षक, और विशेषज्ञों के बीच चर्चा होती रहती है। बच्चों को फोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग करने के कई लाभ हैं। इनमें शिक्षा, मनोरंजन, संचार, और तकनीकी कौशलों का विकास शामिल है। विशेष रूप से, आजकल कई शिक्षाविद और शैक्षिक ऐप्स उपलब्ध हैं जो बच्चों को उनकी पढ़ाई में सहायता कर सकते हैं। इन ऐप्स के माध्यम से वे गणित, विज्ञान, भूगोल, और अन्य विषयों में अधिक सक्रिय और प्रभावी तरीके से सीख सकते हैं। हालांकि, बच्चों को इन डिवाइसों का सही उपयोग करना सिखाने के लिए माता-पिता और शिक्षकों को अपनी संवेदनशीलता को बनाये रखना चाहिए। इसके लिए, वे अपने बच्चों को फोन और डिवाइस की सही सेटिंग्स सिखा सकते हैं जो उन्हें पढ़ाई में समर्थ बनाये रखने में मदद कर सकती हैं।



**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**यातायात नियमों में भी बदलाव**

# माघ मेला क्षेत्र में मौनी अमावस्या महास्नान पर्व पर बदले गए रूट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

9 फरवरी को मौनी अमावस्या है। ऐसे में देशभर की पवित्र नदियों में डुबकी लगाने वालों की भीड़ रहेगी। प्रयागराज का माघ मेला पूरी दुनिया में जाना जाता है। ऐसे में वहां लोगों की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं सुरक्षा कारणों से सभी वाहनों के लिए शहरी यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियम और पार्किंग व्यवस्था की जानकारी दी गई है। 7 फरवरी से लेकर 10 फरवरी की रात 12 बजे तक संगम क्षेत्र में प्रशासनिक और चिकित्सीय वाहनों के अतिरिक्त सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पार्किंग स्थलों के बारे में भी सूचना जारी कर दी गई है। वाहन यहां प्लाट नंबर 17 पार्किंग, गल्ला मण्डी दारागंज पार्किंग, हेलीपैड पार्किंग, काली सड़क पर दाहिने एवं बाएं बनी पार्किंग और ओल्ड जी.टी. कछार पार्किंग पर खड़े किए जा सकेंगे। इसके साथ ही



कई और जगहों पर शहर और शहर के बाहर भी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मिजार्पुर- रीवा की ओर से, जौनपुर-वाराणसी की ओर से, कानपुर की ओर से और लखनऊ-प्रतापगढ़ की ओर से आने वाले लोगों के लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था अलग-अलग जगहों पर की गई है। मेले में पैदल आनेवाले श्रद्धालुओं को संगम तक आने के लिए जीटी जवाहर से प्रवेश कर काली सड़क आकर काली रैम्प से होते हुए संगम अपर मार्ग से संगम तक जाना होगा।संगम से वापसी के लिए संगम क्षेत्र से अक्षयवट मार्ग से होते हुए इण्टर लॉकिंग मार्ग से जगदीश रैम्प मार्ग एवं त्रिवेणी मार्ग चौराहे से वापस परेड क्षेत्र में स्थित पार्किंग स्थल पहुंचना होगा।

## ममता बनर्जी की तर्ज पर दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे सिद्धारमैया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरह कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी पार्टी विधायकों के साथ दिल्ली में अपने राज्य के अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। बंगाल भाजपा प्रभारी और भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सिद्धारमैया पर ममता की तरह केंद्र द्वारा राज्य को आवंटित धन के अनुचित इस्तेमाल का आरोप लगाया है। मालवीय ने कहा, 'सिद्दारमैया की कर राजस्व में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर की उम्मीद एक मजाक और झूठ है, यह देखते हुए कि दो साल के लिए कोविड ने राज्य की जीडीपी को प्रभावित किया है। वह जीवन-रक्षक गतिशीलता प्रतिबंधों को नजरअंदाज कर रहे हैं और कर प्रदर्शन के त्रुटिपूर्ण संकेतक का उपयोग कर रहे हैं। मालवीय ने कहा है कि ममता बनर्जी की तरफ वह भी तथ्यों को तोड़मरोड़ कर पेश करने में माहिर हैं।

# 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर तीन दलों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' (वन नेशन, वन इलेक्शन) पर उच्च स्तरीय समिति ने देश में एक साथ चुनाव कराने पर विचार को लेकर तीन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रतिनिधि सुदीप बंदोपाध्याय और कल्याण बंदोपाध्याय ने 11 जनवरी 2024 को पत्र द्वारा देशभर में एक साथ चुनाव पर पार्टी के जो विचार समिति को सौंपे थे, उसी को एक बार फिर समिति के सामने दोहराया। इसके साथ ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सीताराम येचुरी, नीलोत्पल बसु और मुरलीधरन ने भी समिति के सदस्यों से मुलाकात



की और अपना रुख बताया। बता दें कि पार्टी ने पहले ही लिखित रूप में एचएलसी को अपने विचार सौंप दिए थे। वहीं, समाजवादी पार्टी के केके. श्रीवास्तव और हरिश्चंद्र सिंह यादव ने समिति को देश में एक साथ चुनाव कराने पर अपनी पार्टी के रुख से अवगत कराया। इससे पहले समाजवादी पार्टी की तरफ से भी समिति को अपना विचार लिखित रूप से सौंप दिया गया था। दूसरी तरफ भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक राष्ट्र एक चुनाव पर बनाई गई उच्च स्तरीय समिति ने देश में एक साथ चुनाव कराने के विषय पर औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ भी परामर्श किया। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) के एक प्रतिनिधिमंडल ने इसको लेकर समिति से मुलाकात कर इस मामले में अपने विचार रखे।

**एक नजर**

### शामली में अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला

**शामली।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में थाना थानाभवन क्षेत्र के महमूदपुर गांव के बाहरी इलाके में एक गोबर के ढेर से अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। उसकी उम्र करीब 40- 45 साल के आसपास बताई जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और व्यक्ति की पहचान करने की भी कोशिश की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आस-पास के इलाकों के सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं। मामले को सुलझाने की कोशिश की जा रही है।

### मुख्यमंत्री हिमंता ने सोनोवाल से चुनाव की चर्चा

**नई दिल्ली/गुवाहाटी।** असम में आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल से मुलाकात कर पार्टी तैयारियों पर बातचीत की। मंगलवार रात हुई इस मुलाकात में दोनों राजनेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक सोनोवाल लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं और उनके असम से चुनाव लड़ने की संभावना है। सोनोवाल ने 2021 में असम विधानसभा चुनाव तब लड़ा था जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे।

### ईवीएम कंट्रोल यूनिट चोरी पर चुनाव आयोग सख्त, तीन निलंबित

**नई दिल्ली ।** चुनाव आयोग ने 3 फरवरी को पुणे के एक सरकारी कार्यालय से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कंट्रोल यूनिट की चोरी के मामले में तीन वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया है। आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर उप-विभागीय अधिकारी, तहसीलदार और उप-विभागीय पुलिस अधिकारी को निलंबित करने और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है।इसके अलावा आयोग ने पुणे के जिला चुनाव अधिकारी और एसपी (ग्रामीण) से सुरक्षा प्रोटोकॉल सुनिश्चित नहीं किए जाने पर जवाब भी तलब किया है। आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट आयोग को 12 फरवरी तक देने के लिए कहा गया है।

# बिहार विस अध्यक्ष अवध बिहारी ने इस्तीफा देने से किया इंकार

**एजेंसी। पटना**

बिहार में एक ओर जहां भाजपा के विधानसभा सदस्यों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया गया है, वहीं, बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष चौधरी ने इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया। पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि मैं नियमावली प्रक्रिया से चलने वाला व्यक्ति हूं। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि क्या आप इस्तीफा देंगे, तो उन्होंने साफ कहा 'क्यों देंगे इस्तीफा'। विधानसभा में अधिकारियों और विभिन्न समितियों की बैठक के बाद उन्होंने कहा कि विधानसभा नियमावली के हिसाब से जो भी आवश्यकता होगी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं नियम के हिसाब से चलने वाला इंसान हूं और नियम के मुताबिक ही चलूंगा। विधानसभा नियमावली के तहत जो प्रक्रिया होगी। उसका पालन करूंगा। हम नियम से बंधे हैं और नियम के अनुसार कार्यवाही होगी। अवध बिहारी चौधरी ने कहा कि उन्हें अविश्वास प्रस्ताव की जानकारी मिली है। जो अविश्वास प्रस्ताव आया है, उस पर फैसला विधायक करेंगे। उल्लेखनीय है कि 2022 में महागठबंधन सरकार बनने के बाद चौधरी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कोटे से विधानसभा अध्यक्ष बने थे। अब जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद की अगुवाई वाले महागठबंधन को छोड़कर भाजपा नीत एनडीए के साथ सरकार बनाई है तब चौधरी को हटाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**विस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव**



### शिक्षा विभाग व नियोजित शिक्षक फिर आमने-सामने

**पटना।** बिहार में सरकार बदल गई। एक लाख से अधिक शिक्षकों की बहाली हो गई, लेकिन, नियोजित शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। नियोजित शिक्षक अपनी मांगों को लेकर फिर से सरकार के सामने खड़े हैं। नियोजित शिक्षक पहले राज्यकर्मी के दर्जा की मांग को लेकर अपनी लड़ाई लड़ रहे थे। जब बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 की स्वीकृति मिली तो इन शिक्षकों को राज्यकर्मियों का दर्जा देने का प्रावधान तो किया गया, लेकिन, उसके पहले एक परीक्षा पास करने की शर्त लगा दी गई। विभाग द्वारा इसे सक्षमता परीक्षा बताया गया। नियोजित शिक्षकों का कहना है कि वे करीब 20 साल स्कूलों में सेवा दे चुके हैं, इतने दिन सेवा देने के बाद भी उनकी परीक्षा ली जा रही है। शिक्षकों का कहना है कि पहले एक निम्न परीक्षा की बात की बात की गई थी और अब ऑनलाइन परीक्षा ली जा रही है। इस बीच, शिक्षा विभाग ने एक आदेश निकाल दिया कि सक्षमता परीक्षा में तीन बार असफल रहने वाले शिक्षकों को सेवा से हटा दिया जाएगा।

# कांग्रेस छोड़ सकते हैं वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम

**एजेंसी। लखनऊ**

कांग्रेस की टिकट पर लखनऊ सीट से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ने वाले आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि वो निकट भविष्य में कांग्रेस से अपनी राह अलग कर सकते हैं। हालांकि, उन्होंने कांग्रेस से अपने अलग होने से जुड़े कयासों को ना ही कभी खारिज किया और ना ही उसकी पुष्टि की, लेकिन अब उनके करीबी सूत्रों ने दावा किया है कि वो इस संदर्भ में अंतिम निर्णय ले चुके हैं। कृष्णम ने कहा,"राजनीति जिम्मेदारियों का खेल है। अभी तक ना ही मैंने कांग्रेस छोड़ा है और ना ही कांग्रेस ने मुझे छोड़ा है। बता दें कि आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राम मंदिर को लेकर बीजेपी का समर्थन कर हलचल मचा दी थी। इसके अलावा उन्होंने 19 फरवरी को संभल में कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास करने के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित भी किया। आचार्य प्रमोद कृष्णम हाल ही में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा था, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने से किसी पर कोई रोक नहीं है, लिहाजा मेरा इस कार्यक्रम में शामिल होना कोई अपराध नहीं है। वहीं, प्रधानमंत्री



मोदी या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने पर भी कोई प्रतिबंध नहीं है। हालांकि, अगर कांग्रेस को लगता है कि मैंने कोई अपराध किया है, तो मैं हर प्रकार की सजा भुगतने के लिए तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा, हां, मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला था और मैंने उन्हें 19 फरवरी को होने वाले कल्कि धाम कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। वहीं, इससे पहले मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला था और मैंने उन्हें शिलान्यास करने के लिए आमंत्रित किया था। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों ही इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस बीच प्रधानमंत्री ने एक्स पर आचार्य प्रमोद कृष्णम को प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा, आस्था और भक्ति से जुड़े इस पवित्र अवसर का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### वार्षिक खेलकूद के दौरान नाली में गिरने से छात्र की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के एलबी स्टेडियम में एक निजी स्कूल के वार्षिक खेल समारोह के दौरान किंडरगार्टन छात्र की नाबदान में गिरने से मौत हो गई। घटना मंगलवार रात 'सक्सेस द स्कूल' के वार्षिक कार्यक्रम के दौरान हुई। अपर किंडरगार्टन (यूकेजी) का छात्र मोहम्मद आइन (5) कार्यक्रम स्थल पर खेलते समय नाबदान में गिर गया। लड़के को निकालकर पास के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यूकेजी का छात्र इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों में से एक था और उसे एक प्रमाण पत्र भी मिला थी। उसका बड़ा भाई जो उसी स्कूल में चौथी कक्षा का छात्र है, वह भी प्रतिभागी था। वे अपनी मां शफिया सुल्ताना के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए थे। शफि या ने कहा कि वह मोहम्मद आइन के साथ अपने बड़े बेटे के प्रदर्शन का इंतजार कर रही थी। कुछ देर बाद जब आइन नहीं दिखा तो उसने उसे ढूंढना शुरू किया। इस बीच किसी ने उन्हें बताया कि एक बच्चा नाबदान में गिर गया है। महिला ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के कारण उनके बच्चे की मौत हुई।




### शाहजहां ईडी के दूसरे समन पर भी नहीं आए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में संदेशखाली हमले के मास्टरमाइंड और तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां ने ईडी के दूसरे समन का भी पालन नहीं किया। ईडी ने शेख शाहजहां को मामले में आत्मसमपर्ण के लिए बुधवार दोपहर 12 बजे तक केंद्रीय एजेंसी के साल्ट लेक कार्यालय में उपस्थित होने को कहा था। फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां 5 जनवरी को संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ अधिकारियों पर हुए हमले का मास्टरमाइंड है। सूत्रों ने कहा कि ईडी के साल्ट लेक कार्यालय में जरूरी व्यवस्थाएं तैयार रखी गई थीं, ताकि फरार शेख शाहजहां नोटिस के सम्मान में उपस्थित हो सकें। हालांकि, रिपोर्ट दर्ज होने तक आरोपी नेता केंद्रीय एजेंसी कार्यालय नहीं पहुंचे थे। यह दूसरी बार है जब शाहजहां ने इस मामले में ईडी के समन को खारिज कर दिया है। शेख शाहजहां 5 जनवरी की सुबह पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हुए हमले के बाद से फरार है।




### रील्स बनाने के चक्कर में ट्रेन से कटकर 2 की मौत

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के परसा रेलवे हॉल्ट के समीप बुधवार को ट्रेन से कटकर दो किशोरों की मौत हो गई। कहा जा रहा है कि दोनों किशोर मोबाइल फोन से रील्स बना रहे थे तभी ट्रेन की चपेट में आ गए। पुलिस के मुताबिक, बहुअरवा रेलवे गुमटी नंबर 178 'सी' के पास एक ट्रैक पर मालगाड़ी गुजर रही थी। दोनों दोस्त दूसरे ट्रैक पर कान में ईयरफोन लगाकर रील्स बना रहे थे, इसी बीच सप्तक्रांति सुपर फास्ट ट्रेन पहुंच गई और दोनों किशोर उसकी चपेट में आ गये। मझौलिया थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि मृतकों की पहचान सेनुअरिया पंचायत के अमवा बैरागी टोला निवासी सुरेंद्र महतो के पुत्र सूरज कुमार (18) और अमेरिका महतो के पुत्र कन्हैया कुमार (16) के रूप में की गयी है। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### फर्जी वीजा रैकेट का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एक साल से अधिक की तलाश के बाद हरियाणा और दिल्ली से तीन एजेंटों की गिरफ्तारी के साथ, पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में वकील और ट्रैवल एजेंसी की आड़ में चल रहे फर्जी अंतरराष्ट्रीय वीजा के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। आरोपियों की पहचान जनकपुरी निवासी उदित मोघा (32), लाडपुर निवासी सागर डबास (25) और हरियाणा के जिला कैथल निवासी केवल सिंह (45) के रूप में हुई। अधिकारियों ने कहा कि तीनों एक सिंडिकेट में शामिल थे जो आकर्षक कीमतों पर विदेशी देशों के अप्रूव्ड पासपोर्ट/वीजा की पेशकश करके लोगों को विदेश भेजने के बहाने पीड़ितों को लुभाते थे। उनकी गिरफ्तारी तब हुई जब 2022 में तीन भारतीय नागरिक गुरमीत सिंह, साहिल कुमार और विक्रम सिंह एक फ्लाइट से इस्तांबुल से निर्वासित होकर आईजीआई हवाईअड्डे पहुंचे। मामले का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई।



### किसानों को गाली देने वाले एसडीएम को हटाया

**भोपाल/रतलाम।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के जावरा में किसानों को गाली देना अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को महंगा पड़ गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने एसडीएम को हटाकर जिला मुख्यालय में संलग्न कर दिया है। दरअसल, रतलाम के जावरा क्षेत्र के एसडीएम अनिल भाना का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह कथित तौर पर किसानों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली दे रहे हैं। इस वीडियो को मुख्यमंत्री यादव ने गंभीरता से लिया और उन्हें जावरा से हटा दिया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्स पर लिखा, ''रतलाम जिले के जावरा एसडीएम द्वारा ग्रामीणों से अभद्रता का कृत्य दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। मेरे निर्देश पर एसडीएम को जिला मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है। सुशासन हमारा मूल मंत्र है। मध्य प्रदेश में नागरिकों से इस तरह का अशोभनीय व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह बड़ायला चैरासी क्षेत्र का है, जहां किसानों ने दोहरीकरण, पहुंच मार्ग का काम रुकवा दिया था। उनकी मुआवजा की मांग थी। इसी दौरान यह घटनाक्रम हुआ। इससे पहले भी मोहन यादव अभद्र व्यवहार करने वाले अफसर के खिलाफ कार्रवाई कर चुके हैं। इससे पहले एक कलेक्टर और एक तहसीलदार को आमजन से अभद्र भाषा का प्रयोग करना महंगा पड़ चुका है।

# चुनाव आयोग के फैसले से नाखुश शरद गुट जाएगा सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के स्वामित्व को लेकर छह महीने से ज्यादा समय तक चली सुनवाई के बाद आज चुनाव आयोग ने एनसीपी विवाद का निपटारा करते हुए अजीत पवार के पक्ष में फैसला सुनाया। आयोग से अजित गुट को असली एनसीपी का दर्जा मिलने के बाद महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है और कई राजनीतिक हस्तियों ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग के फैसले का स्वागत करते हुए महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि आयोग ने हमारे वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला हमारे पक्ष में सुनाया है। हम विनम्रतापूर्वक निर्णय का स्वागत करते हैं। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने भी चुनाव आयोग के फैसले का स्वागत किया और कहा कि किसी भी सियासी दल के लिए चुनाव चिह्न जरूरी होता है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग का फैसला साबित करता है कि पार्टी के ज्यादातर कार्यकर्ता और चुने हुए प्रतिनिधि अजित पवार के साथ हैं। वहीं, शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, मुझे लगता है कि जो शिवसेना के साथ हुआ वही आज हमारे साथ हो रहा है। इसलिए यह कोई नया आदेश नहीं है, बस नाम हैं, बदल दिए गए हैं, लेकिन सामग्री वही है। उन्होंने कहा कि दबाव में फैसला लिया गया है। हम इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। सुप्रिया सुले ने कहा कि अमिताभ बच्चन अमिताभ बच्चन हैं और हमारा अमिताभ बच्चन शरद पवार हैं।

## अयोध्या में नई मस्जिद के लिए पहली ईंट मक्का से मुंबई पहुंची

**मुंबई।** मेल-मिलाप और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक, अयोध्या में प्रस्तावित भव्य मस्जिद की नींव के लिए पहली ईंट पवित्र शहरों मक्का और मदीना की पवित्र यात्रा के बाद बुधवार को यहां पहुंची। मुंबई के भट्ठे में पकाई गई ईंट को यहां वापस लाने से पहले मक्का में पवित्र आब-ए-जम-जम और मदीना में इत्र में 'गुस्ल' (धोने) के लिए भेजा गया था। यह ईंट मध्य अप्रैल के आसपास अयोध्या के धन्नीपुर गांव में पैगंबर मोहम्मद के सम्मान में नामित नई मस्जिद मोहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद तक पहुंचने वाली है, जो संभवतः रमजान और ईद-उल-फितर समारोह के बाद होगी। ईंट की शुभयात्रा इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के सदस्य और मोहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद विकास समिति के अध्यक्ष हाजी अरफात शेख के घर से शुरू होगी, जो तैयारियों की देखरेख कर रहे हैं। शेख ने कहा, नई मस्जिद और उसके आस-पास की संस्था भारत में प्रार्थना और उपचार का एक महत्वपूर्ण केंद्र होगी।

# स्पेन यात्रा लाभदायक, 3,440 करोड़ के निवेश के समझौते



**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को कहा कि उनकी आठ दिवसीय स्पेन यात्रा लाभदायक रही। यात्रा के दौरान 3,440 करोड़ रुपये के निवेश के समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। स्टालिन ने चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें राज्य में और अधिक निवेश आने की उम्मीद है। जर्मन शिपिंग और कंटेनर परिवहन प्रमुख हापाग-लॉयड एजी ने 2,500 करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। तकनीकी शिक्षण, अनुसंधान उपकरण डिजाइन और निर्माण करने वाली स्पेन स्थित एडिबॉन ने 540 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एक समझौता भी किया है। स्पेन की सैनिटरी कंपनी रोकाटो राज्य में 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एमके स्टालिन ने कहा कि उन्होंने एक्सिओना, एबर्टिस, गेस्टैम्प और टैल्गो सहित कई अन्य कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं और उन्हें उद्योग जगत के नेताओं, स्पेन के वित्त और वाणिज्य मंत्रालयों के अधिकारियों से भी मिलने का अवसर मिला। 2024 के आम चुनाव में एनडीए के 400 सीटें जीतने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर एक सवाल के जवाब में स्टालिन ने कहा, यदि प्रधानमंत्री सभी 543 सीटों पर एनडीए की जीत का दावा करें तो आश्चर्य नहीं होगा।"उन्होंने अभिनेता विजय के राजनीतिक पार्टी बनाने और राजनीति में शामिल होने के फैसले का भी स्वागत किया।

**हमला** यूपी जितना भ्रष्टाचार कहीं नहीं : अखिलेश

# भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति जीरो

**एजेंसी। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में इस समय जितना भ्रष्टाचार है उतना कभी नहीं रहा। सरकार की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति जीरो हो गई है। सपा मुखिया अखिलेश यादव बुधवार को विधानसभा में बजट सत्र के मौके पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि थाने और तहसीलों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति जीरो हो गई है। राज्यपाल का सदन में दिया गया अभिभाषण एक सरकारी दस्तावेज है। जो सरकार चाहती है, अभिभाषण में वही बातें होती हैं। सरकार पर तंज कसते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी सबसे ज्यादा कार्यवाहक डीजीपी बनाने में नंबर एक है। झूठे प्रचार पर खर्च करने में यूपी नंबर एक है। बेरोजगारों पर लाठी चलवाने में नंबर वन है। महिलाओं के खिलाफ अपराधियों को बचाने में यूपी नंबर वन है। यूपी दलितों-पिछड़ों के उत्पीड़न में नंबर वन है। केंद्र व राज्य की टकराहट में नंबर वन है। यूपी आज पीडीए (पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों) को प्रताड़ित करने में नंबर वन है। यही सच्चाई है। सपा मुखिया ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में किसान कितना खुशहाल हुआ है। क्या किसान सम्मान निधि से ही आय दोगुनी हो जाएगी या सरकार वो फॉमूर्ला बताएगी, जिससे आय दोगुनी होगी। किसानों के बच्चों की सेना में भर्ती रोक दी गई है। ये हमारे गांव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ थी। किसान की आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन आधी जरूर हो गई है। सपा ही हमेशा किसानों की पार्टी रही है, किसानों की सच्ची आवाज उठाई है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अग्निवीर योजना लागू होने से सर्वाधिक नुकसान यूपी के नौजवानों का हुआ है। पहले फौज में 70 हजार युवाओं की भर्ती होती थी पर अब नहीं होती है। सेना में भर्ती नौजवानों को वेतन, पेंशन और मेडिकल सुविधाएं मिलती थी ।



# छह माह से कम काम करने वालों के परिजनों को भी अनुग्रह राशि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और सामान्य अभियांत्रिकी रिजर्व फोर्स (जीआरईएफ) में काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों (सीपीएल) को अनुग्रह राशि का एकमुश्त भुगतान करने के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक 179 दिन काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों को ही पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाता था। इस वजह से दिवंगत मजदूरों के परिवार इस अनुदान से वंचित रह जाते थे। दरअसल, बीआरओ की इकाइयां दूर-दराज, बर्फ से घिरे और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां कोई उचित सार्वजनिक और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। प्रतिकूल वातावरण, दुर्गम पहाड़ी इलाके, खतरनाक कार्य स्थल आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों के जीवन के लिए भारी खतरा पैदा करते हैं। अभी तक 179 दिन काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों को ही पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाता था।

**रक्षा मंत्री ने 179 कार्य दिवस पूरा करने के प्रावधान में छूट को मंजूरी दी**

**सरकारी ड्यूटी के दौरान मरने वाले मजदूरों के परिजनों को होगा फायदा**



# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बने जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के दूसरे मैच में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। बुमराह टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं।

30 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच में नौ विकेट लेकर पैट कमिंस, कैगिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही वह स्पिनर अश्विन, रवींद्र जडेजा और बिशन सिंह बेदी के बाद नंबर एक स्थान हासिल करने वाले अपने देश के चौथे खिलाड़ी भी बन गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की 106 रनों की जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला बराबर करने में मदद करने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए बुमराह ने अश्विन के 11 महीने के लंबे शासन को समाप्त किया। बुमराह के अब 881 रेटिंग अंक हैं।

बता दें कि इससे पहले अश्विन (904) और जडेजा (899) भारत के अन्य गेंदबाज हैं जिन्होंने अधिक रेटिंग अंक जुटाए हैं। मार्च 2017 में अश्विन और जडेजा को संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहने का अनूठा गौरव भी प्राप्त हुआ था। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव चार पायदान ऊपर 45वें स्थान पर पहुंच गये हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल पहली पारी में शानदार दोहरा शतक पूरा करने के बाद 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं, वहीं, दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए।

### संदीप सूरी मेमोरियल क्रिकेट

## एनी स्पोर्ट्स क्लब ने रवींद्र अकादमी को हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



संदीप सूरी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के 35वें संस्करण के दूसरे दिन के मैच में बुधवार को एनी स्पोर्ट्स क्लब ने रवींद्र क्रिकेट अकादमी को 52 रनों से हराया।

टॉस जीतकर एनी स्पोर्ट्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 35 ओवर में 264 रनों का मजबूत स्कोर। खड़ा किया। शौर्य सरन ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 97 गेंदों पर 116 रन की शानदार पारी खेली। अंश खुराना ने रवींद्र क्रिकेट अकादमी के लिए 3 विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रवींद्र क्रिकेट एकेडमी 32 ओवर में 212 रन पर ऑल आउट हो गए और 52 रनो से मैच गंवा दिया। अविनाश थापा और अंश चौधरी ने एनी स्पोर्ट्स क्लब के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया। प्रत्येक ने 3 विकेट हासिल करके रवींद्र क्रिकेट अकादमी की बल्लेबाजी लाइनअप को ध्वस्त कर दिया।

सिद्धांत जून ने रवींद्र क्रिकेट अकादमी के लिए 80 गेंदों पर 93 रन बनाए। शौर्य शरण को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सिद्धांत जून को मैच का फाइटर चुना गया।

### तीसरे टेस्ट से पहले नासिर हुसैन ने कहा

# भारत का पलड़ा भारी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मिली 106 रनों की जीत के बाद भारत अब इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में मजबूत स्थिति में है।

इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में काफी अच्छा क्रिकेट खेला और अब तक इसने मुझे भारत के पिछले दौरे की याद नहीं दिलाई है। जब उन्होंने पहला मैच जीता था और फिर श्रृंखला 3-1 से हार गए थे, लेकिन मुझे लगता है कि भारत बिल्कुल मजबूत होगा।

हुसैन ने डेली मेल से कहा यह इंग्लैंड के लिए एक अवसर था, लेकिन यह मत भूलो कि उन्हें जैक लीच और हैरी ब्रूक जैसे खिलाड़ियों की भी कमी खल रही है। वहीं जो रूट दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। केएल राहुल और संभवतः विराट कोहली की वापसी से इंग्लैंड के लिए चुनौती और बढ़ सकती है।

विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रुख को जारी रखने की सकारात्मकता दिखाई, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि वे 69.2 ओवर में 292 रन पर आउट हो गए।

## मिगुएल एंजेल गोंजालेज का 76 वर्ष की आयु में निधन



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के पूर्व गोलकीपर मिगुएल एंजेल गोंजालेज का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 1947 में उत्तर-पश्चिमी स्पेन के ऑरेन्से शहर में जन्मे मिगुएल एंजेल ने क्लब के लिए 1968 और 1986 के बीच 346 मैच खेले और आठ ला लीगा खिताब, दो यूईएफए कप और पांच कोपा डेल रे खिताब जीते। रियल मैड्रिड ने एक बयान में कहा रियल मैड्रिड उनकी पत्नी मारिया डेल पिलर, उनके बेटे मिगुएल एंजेल, उनके पोते डेनिएला और माउरो, उनके रिश्तेदारों, उनके टीम के साथियों और उनके सभी प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करता है।

# पंत को विश्वास है कि वह आईपीएल 2024 में हर मैच खेलेंगे : पोंटिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल 2024 में हर मैच खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अभी यह तय करना बाकी है कि वह टीम की कप्तानी करेंगे या सिर्फ विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे।



पोंटिंग ने कहा कि अगर पंत आईपीएल 2024 में अधिक से अधिक मैच खेलते हैं, तो यह कैपिटल के लिए एक बोनस होगा। आईपीएल 2024 मार्च के आखिरी सप्ताह से शुरू होने की संभावना है और कैपिटल्स पिछले सीजन में नौवें स्थान पर रहने के बाद बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं।

26 वर्षीय पंत 30 दिसंबर 2022 को अपने गृहनगर रूड़की जाते समय एक कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे। इस हादसे की वजह से उनकी सर्जरी भी हुई और तब से लेकर अब तक वो एक्शन से बाहर हैं।

फिलहाल बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब से गुजर रहे हैं। पंत अपनी रिकवरी में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। आईपीएल 2024 के लिए उनका फिट होना प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की एक अच्छी संभावना के रूप में देखा जा रहा है। पोंटिंग ने कहा ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह वापसी के लिए तैयार हैं। हालांकि उनका रोल क्या होगा हम अभी इसको लेकर निश्चित नहीं हैं लेकिन मैं गारंटी देता हूं कि अगर मैंने अब उससे पूछा तो वह कहेगा मैं हर मैच खेलने के लिए तैयार हूं और कीपिंग के साथ-साथ नंबर 4 पर बल्लेबाजी करूंगा।

## अष्टलक्ष्मी 2023 की मेजबानी करेगा गुवाहाटी

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स -अष्टलक्ष्मी 2023 के चौथे संस्करण की मेजबानी करेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 29 फरवरी 2024 तक होगा।

**खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स**

यह प्रतिष्ठित खेल आयोजन देश भर के विश्वविद्यालय एथलीटों को गौरव हासिल करने के लिए उनमें से सर्वश्रेष्ठ के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इस आयोजन में देश भर के 163 विश्वविद्यालयों के 5000 से अधिक प्रतिभागी और अधिकारी भाग ले रहे हैं। उत्तर पूर्वी राज्यों को दशार्न वाला लोगो और शुभंकर, थीम गीत और जर्सी के साथ, 8 फरवरी 2024 को गुवाहाटी में एक समारोह में असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक द्वारा लॉन्च किया जाएगा।

**खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स :** अष्टलक्ष्मी में एथलेटिक्स, रग्बी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, तैराकी, बैडमिंटन, हॉकी, तलवारबाजी, कबड्डी, फुटबॉल, टेनिस, मल्लखंभ, जूडो, टेबल टेनिस, मुक्केबाजी, शूटिंग, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, कुश्ती, और योगासन सहित खेल विषयों की एक श्रृंखला शामिल होगी। यह आयोजन विविधता में एकता के सार का प्रतीक है।

# मूकबधिर क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

**एजेंसी। हजारीबाग**



झारखंड मुक बधिर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में बुधवार को क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मैच हजारीबाग बनाम पश्चिम सिंहभूम के बीच खेला गया। संत कोलंबस ग्राउंड हजारीबाग में आयोजित फाइनल मुकाबले में पश्चिमी सिंहभूम की टीम को हजारीबाग की टीम ने 18 रन से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

फाइनल मुकाबले में हजारीबाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 125 रन बनाए, जबाबी पारी खेलते हुए पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने 10 विकेट के नुकसान पर 107 रन ही बना सकी। हजारीबाग की ओर से निरंजन ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 28 रन की पारी खेली और विपक्षी टीम के तीन विकेट भी झटके।

हजारीबाग की ओर से जीतू ने 27 रनों की पारी खेली। हजारीबाग के संत कोलंबस मैदान में 3 से 6 फरवरी तक आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में हजारीबाग, बोकारो, रांची, पश्चिमी सिंहभूम, धनबाद सहित कुल 8 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। टूनार्मेंट के प्रायोजक के रूप में एनटीपीसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फाइनल मुकाबले के दिन बतौर मुख्य अतिथि जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार, सांसद प्रतिनिधि चौधरी प्रसाद साहू के अलावे झारखंड डीफ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक यादव, कोषाध्यक्ष विशाल कुमार, सचिव रणजीत कुमार, दीपक शर्मा, अरुण कुमार, जोय रमैन, दीपक शर्मा, प्रदीप शर्मा, अरुण कुमार, रिमा साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम का बदल जायेगा नाम

**राजकोट।** भारत और इंग्लैंड टेस्ट से पहले राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम रखा जायेगा। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम का नाम बदलकर पूर्व बीसीसीआई सचिव निरंजन शाह के नाम पर रखा जायेगा। 15 फरवरी से शुरू होने वाले टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर एससीए स्टेडियम का नाम शाह के नाम पर रखा जायेगा। शाह ने 1965/66 और 1974/75 तक सौराष्ट्र के लिए 12 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे। उन्होंने क्रिकेट प्रशासन में भी हाथ आजमाया और करीब चार दशकों तक एससीए सचिव रहने के अलावा, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मानद सचिव के रूप में भी कार्य किया है।

## इंग्लैंड की बेखौफ 'बैजबॉल' से टेस्ट क्रिकेट को मिला नया जीवन : इयान बॉथम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज ऑलराउंडर इयान बॉथम ने टेस्ट क्रिकेट में दर्शकों की वापसी का श्रेय टीम की बैजबॉल शैली को दिया है।

जब से ब्रैंडन मैक्कुलम और बेन स्टोक्स को इंग्लैंड के मुख्य कोच और कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया, तब से टीम ने 'बैजबॉल' खेल खेलने की एक निडर और आक्रामक शैली अपना ली है।

मैकुलम-स्टोक्स का कार्यकाल शुरू होने के बाद से इंग्लैंड ने खेले गए 24 टेस्ट में से 15 जीते हैं।

हालांकि, वे विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट 106 रनों से हार गए, लेकिन उनके बैजबॉल दृष्टिकोण का मतलब था कि इंग्लैंड कड़ी मेहनत किए बिना हार नहीं मानेगा।

इंग्लैंड फिलहाल भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-1 से बराबरी पर है, तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। 12 टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड की कप्तानी करने वाले इयान बॉथम ने बैजबॉल' की प्रशंसा करते हुए सुझाव दिया कि अन्य देश भी यह शैली के बारे में विचार करे।

## वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच नियुक्त हुए रिकी पोंटिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को संयुक्त राज्य अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सीजन से पहले मंगलवार को वाशिंगटन फ्रीडम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह सिडनी सिक्सर्स के कोच और अपने लंबे समय के गुरु ग्रेग शिपर्ड का स्थान लेंगे। जिन्होंने फ्रीडम को उद्घाटन सत्र में तीसरे स्थान पर पहुंचाया था।

पोंटिंग ने क्लब द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा मैं 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। क्रिकेट वास्तव में अमेरिका में बढ़ रहा है और मैं मेजर लीग क्रिकेट में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। मैं वाशिंगटन

**मेजर लीग क्रिकेट**



फ्रीडम में शामिल सभी लोगों से प्रभावित हूं और जबकि मेरे साथी ग्रेग शिपर्ड की जगह लेना थोड़ा अवास्तविक है। एक सफल फ्रेंचाइजी स्थापित करने के लिए शायद उनसे बेहतर कोई नहीं है। मैं उनके काम को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हूं क्योंकि हम आने वाले सीजन की ओर देख रहे हैं।

# देशभर से 617 बाल खिलाड़ी, 74 कोच और 63 मैनेजर लेंगे प्रतियोगिता में भाग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद की मेजबानी में आयोजित हो रही 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2023-24 के तहत 8 फरवरी से 12 फरवरी तक रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंडर 14/17/19 बालक-बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता आयोजन के सचिव सह विभागीय पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग और झारखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र पाठक ने बुधवार को खेलगांव में संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता कर यह जानकारी दी। इस राष्ट्रीय स्तर

### आठ फरवरी से होगी 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता




की प्रतियोगिता में झारखंड से 44 प्रतिभागी शामिल होंगे।

**रोड इवेंट और ट्रैक इवेंट दोनों शामिल :** अंडर-14/17/19 बालक-बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में रोड इवेंट रिंग रोड के नेवरी चौक से पांच किलोमीटर आगे न्यू टोल प्लाजा तक होगा। प्रतियोगिता का ट्रैक इवेंट 8 फरवरी की सुबह 8 बजे से मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए देशभर से प्रतिभागी रांची पहुंच चुके हैं। प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

पत्रकार वार्ता में खेल कोषांग के शशांक भूषण सिंह, समीर कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, प्रभात रंजन तिवारी, रणवीर कुमार, सुरजीत कुमार समेत अन्य खेल पदाधिकारी मौजूद थे।

# खबरें व्यापार जगत की

## पेटीएम का शेयर लगातार दूसरे दिन 10 फीसदी उछलकर 496.75 रुपये पर बंद हुआ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑनलाइन पेमेंट सर्विसेज मुहैया कराने वाली पेटीएम का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर लगातार दूसरे दिन उछले। बुधवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में कंपनी का शेयर 10 फीसदी उछलकर 496.75 रुपये पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 9.99 फीसदी चढ़कर 496.25 रुपये पर पहुंच गया।

पिछले तीन कारोबारी सत्र की भारी गिरावट के बाद मंगलवार को वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर में तीन फीसदी से अधिक की तेजी आई थी। दो दिनों की तेजी में कंपनी का बाजार मूल्यांकन 3,720.17 करोड़ रुपये बढ़कर 31,547.62 करोड़ रुपये हो गया है। दरअसल, आरबीआई की सख्ती के बाद पिछले तीन सत्रों (एक से पांच फरवरी के बीच) कंपनी के शेयर में 42 फीसदी से अधिक की गिरावट आई, जिससे उसके बाजार मूल्यांकन में 20,471.25 करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट आई थी।

पेटीएम के शेयरों में आई तेजी की कई वजहें बताई जा रही हैं। इनमें एक वजह ये है कि रेवेन्यू सेक्रेटरी संजय मल्होत्रा ने साफ कर दिया है कि कंपनी के खिलाफ ईडी की कोई जांच नहीं चल रही है। इसके अलावा पेटीएम के फाउंडर और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक की खबर प्रमुख रही है। इससे पहले कंपनी का शेयर भाव पांच दिनों में 760.65 रुपये से गिरकर 395.50 रुपये पर आ गया था।

## केनरा बैंक निदेशक मंडल 26 फरवरी को शेयर विभाजन के प्रस्ताव पर करेगा फैसला




**नई दिल्ली।** केनरा बैंक शेयर तरलता बढ़ाने के लिए अपने इक्विटी शेयरों के विभाजन की योजना बना रहा है। बैंक का निदेशक मंडल 26 फरवरी को होने वाली बैठक में इस प्रस्ताव पर निर्णय लेगा। केनरा बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना बताया कि उसके निदेश मंडल की 26 फरवरी को होने वाली बैठक में शेयर विभाजन के प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इस बैठक में उसके इक्विटी शेयरों के विभाजन के लिए निदेशक मंडल से सैद्धांतिक मंजूरी लेने की योजना है। हालांकि, यह निर्णय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं अन्य नियामकीय मंजूरियों के अधीन होगा। उल्लेखनीय है कि शेयर विभाजन की योजना के तहत कंपनी अपने शेयरों को दो हिस्से में विभाजित करती है। नियामक मंजूरी मिलने के बाद कंपनी के शेयरधारकों को उसके पास मौजूद प्रत्येक शेयर पर एक अतिरिक्त शेयर दी जाती है। इससे शेयरधारक के पास पहले से मौजूद शेयरों की संख्या दोगुनी हो जाती है।

## माइक्रोसॉफ्ट 20 लाख भारतीयों को एआई का देगी प्रशिक्षण



**मुंबई।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट वर्ष 2025 तक 20 लाख से अधिक भारतीयों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के कौशल में दक्ष बनाने का प्रशिक्षण देगी। माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला ने बुधवार को मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान यह ऐलान किया। नडेला एआई पर अमेरिका और भारत के बीच सहयोग से जुड़े एक सवाल पर कहा कि माइक्रोसॉफ्ट वर्ष 2025 तक भारत में 20 लाख लोगों को एआई में दक्ष बनने के अवसर मुहैया कराएगी। उन्होंने भारत को उच्च वृद्धि दर वाले बाजारों में से एक बताते हुए कहा कि एआई देश में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि को गति देने में मदद कर सकती है। उन्होंने इस अवसर पर एआई से संबंधित नियमों और अन्य मानदंडों पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत भी की। भारत के दो दिवसीय दौरे पर आए नडेला ने कहा कि मुझे लगता है कि खास तौर पर भारत और अमेरिका के लिए यह जरूरी है कि वे इस पर सहयोग करने में सक्षम हों और संबंधित मानदंडों एवं नियमों को तय करें। उन्होंने कहा कि एआई पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापक साझेदारी से आर्थिक वृद्धि के समान वितरण में भी मदद मिल सकती है।

## उतार-चढ़ाव बीच सपाट बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 34 अंक लुढ़का




नई दिल्ली। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार उतार-चढ़ाव के बीच सपाट बंद हुआ। बुधवार को कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 34.09 अंक यानी 0.04 फीसदी टूटकर 72,152.00 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1.10 अंक यानी 0.0050 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 21,948.75 के स्तर पर बंद हुआ। इससे एक दिन पहले शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 454 अंक की उछाल के साथ 72,186 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 157 अंक की तेजी के साथ 21,929 के स्तर पर बंद हुआ था।

## नेस्ले को अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 655.61 करोड़ रुपये का मुनाफा




**नई दिल्ली।** रोजमर्रा इस्तेमाल का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनी नेस्ले इंडिया लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 4.38 फीसदी उछलकर 655.61 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 628.06 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। नेस्ले इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा 4.38 फीसदी बढ़कर 655.61 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 628.06 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। इस दौरान उसकी शुद्ध आय 8.27 फीसदी बढ़कर 4,583.63 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही मे यह 4,233.27 करोड़ रुपये थी।

## भारतीय रेलवे में अब तक 82 वंदे भारत ट्रेन पटरी पर

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने विकास के पथ पर कदम बढ़ा दिए हैं। मोदी सरकार के एजेंडे में रेलवे का विकास भी प्राथमिकता में है। रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण, वर्ल्ड क्लास स्टेशनों का निर्माण, रेलवे स्टेशनों और खासकर ट्रेनों की साफ-सफाई, रेलवे ट्रैकों का विद्युतीकरण, नए रेलवे ट्रैक बिछाना आदि के साथ यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुपर फास्ट ट्रेनों के परिचालन पर भी सरकार का जोर रहा है। ऐसे में रेल मंत्रालय की मानें तो 31 जनवरी 2024 तक 82 वंदे भारत ट्रेन भारतीय रेलवे में शामिल कर दी गई हैं। जिसके जरिए ब्रॉड गेज विद्युतीकृत नेटवर्क वाले राज्यों को जोड़ा गया है। इसके अलावा, वंदे भारत ट्रेन की संख्या को विस्तार देने के साथ इसमें अन्य नई सुविधाओं को जोड़ने पर भी काम जारी है।

# लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री का दावा बड़ी साजिश की ओर इशारा : झामुमो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने लोकसभा और राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बार 400 पार की बातों को लेकर जमकर निशाना साधा है। झामुमो के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश अब लोकसभा चुनाव की ओर तेजी से बढ़ चला है। वर्तमान में संसद सत्र चल रहा है।

देश के प्रधानमंत्री ने पहले लोकसभा और अब राज्यसभा में कई बातें कहीं। इसमें पहला अबकी बार, 400 के पार। मजे की बात यह है कि देश अभी जिस दौर से गुजर रहा है। यह किसी से छिपी नहीं है। चारों ओर संघर्ष ही संघर्ष नजर आ रहा है। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह बयान एक बड़ी सोच और साजिश की ओर बहुत कुछ इशारा कर रहा है। वह सोच है भारत में लोकतंत्र को समाप्त करना। इसकी पुष्टि खुद भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने चंढ़ीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर कर दी है। बड़ी अदालत ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है, हम चुप नहीं रह सकते हैं। ऐसे में यह भी स्पष्ट है कि लोकतंत्र का हत्यारा कौन है। निश्चित तौर पर भाजपा है। इस प्रसंग में वो बातें कही वो मेयर चुनाव के पीठासीन पदाधिकारी और वर्तमान पार्षद के बारे में कही गयी। ये बातें करीब 2023 से चल रही है। लोकतंत्र की हत्या महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और ताजा-ताजा झारखंड में हुई। उन्होंने कहा कि चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड और पड़ोसी बिहार में भाजपा एक अंक में सिमट जाएगी। बंगाल में प्रधानमंत्री सपना देखते रहे। वहां भी ऐसा ही हश्र होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री संसद में बोल रहे हैं, सुप्रीम कोर्ट अपने कक्ष में बोल रहा है। उनका स्पष्ट इशारा है कि चुनाव एक और अवसर होगा, नतीजा तय है। लोकतंत्र की हत्या का नंगा नाच यहां हुआ है। जब एक मुख्यमंत्री राजभवन जाते हैं और उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है। अब तो लगता है कि हम अपनी फरियाद लेकर भी उच्च न्यायालय और उच्चत्तम न्यायालय में जाएं, ऐसा ना हो वहां पहले से नाटा मल्लिक बैठा हो और हमें सीधे फांसी पर लटका दे। क्योंकि जो जल्लाद का

# झामुमो एक परिवार की पार्टी, झारखंड के लोगों से सरोकार नहीं : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बुधवार को पाकुड़ के झामुमो नेता देविधन टुडू घर वापसी कर भाजपा में शामिल हुए। देवीधन टुडू पूर्व में दो बार महेशपुर विधानसभा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष रहे है। भाजपा पाकुड़ जिला के जिला अध्यक्ष का कमान भी संभाल चुके हैं।

वे वर्तमान में झामुमो जिला कमेटी के सदस्य हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें माला एवं पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोगो का मोह झारखंड मुक्ति मोर्चा से भंग होता जा रहा है। आदिवासी और झारंड हित की बात करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा में सिर्फ एक परिवार का हित होता है, किसी दूसरे आदिवासी व्यक्ति का नही। झामुमो में पिता, मां, भाई, भाभी ही एक पार्टी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी का बात बोल बोलकर सत्ता में बैठने वाले झामुमो के नेता बताए कि चार सालों में



आदिवासियों के लिए राज्य सरकार ने क्या किया है। झामुमो सरकार में सबसे ज्यादा बलात्कार आदिवासी महिलाओं के साथ हुआ एवं रूपा तिर्की, राबिका पहाड़िया, संध्या टोपनो, रामेश्वर मुर्मू, सुभाष मुंडा की हत्या यह दशार्ता है कि इस सरकार में आदिवासी कितना असुरक्षित है। देवीधान टुडू ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में घुटन सी हो रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से प्रभावित होकर पुनः भाजपा में शामिल हुआ हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होकर सुकून से महसूस कर रहा हूं। झामुमो में किसी आदिवासी का भला नहीं हो सकता। वहां दलाल, भ्रस्टाचारी, बिचौलियों का का बोल बाला है। केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनानी है एवं प्रदेश में भाजपा सरकार बनानी है।

मिलन समारोह में झामुमों पाकुड़िया प्रखंड समिति सदस्य लखीराम सोरेन, पाकुड़ मांझी परगना लहान्ति वैशी अध्यक्ष निर्मल टुडू, झामुमो के प्रखंड समिति सदस्य आशीष हांसदा, झामुमों के पाकुड़िया प्रखण्ड सदस्य सनातन देहरी सहित कई लोगो ने झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री बनने के बाद चंपई सोरेन पहली बार पहुंचे पैतृक गांव



**सरायकेला।** मुख्यमंत्री का पद संभालने के के बाद चम्पाई सोरेन का बुधवार को सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में पहली बार पहुंचे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से अभिवादन और स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने यहां अमर वीर शहीद डीबा-किशुन जी व जागेश्वर टुडू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सरना पूजा स्थल-जाहेरस्थान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति और राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

### मुख्यमंत्री से मिली जेपीएससी की अध्यक्ष



**रांची।** मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बुधवार को झारखंड लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष मैरी नीलिमा केरकेट्टा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री और केरकेट्टा के बीच कई विषयों पर चर्चा हुई।

### सीएम ने नक्सली मुठभेड़ में दो जवानों के बलिदान होने पर गहरा दुख व्यक्त किया

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को चतरा जिले में नक्सली मुठभेड़ में दो जवानों के बलिदान होने पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस तरीके से नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मुठभेड़ में बलिदान दोनों जवानों के परिवार के साथ सरकार खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। नक्सली गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है। नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा। किसी भी हाल में सुरक्षा बलों के मनोबल को गिरने नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग और पुलिस महानिदेशक को नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करने और इस मुठभेड़ में घायल जवान के समुचित और बेहतर इलाज सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

### राज्य में स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लें : कोचे मुंडा

**खूंटी।** विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के हाटिंगहोड़े में विधायक मद से बने सामुदायिक भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसकें पूर्व विधायक गौरीशंकर मंदिर के समारोह के दौरान आयोजित कलश यात्रा और संकीर्तन में शामिल हुए। मौके पर विधायक ने कहा कि सनातन संस्कृति की एकता और मजबूती के कारण आज भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। आज केंद्र की मोदी सरकार विकसित भारत की संकल्प के साथ काम कर रही है।

## गुलाम मो. मीर ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार

# राहुल की न्याय यात्रा बेहद सफल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के झारखंड में सफलतापूर्वक आयोजन के लिए कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर ने प्रदेश के नेताओं और कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बैठक के माध्यम से प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर ने राज्य की जनता को विशेष कर धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य की जनता ने जिस तरह न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर राहुल गांधी के नेतृत्व में निकली यात्रा को अपना अपार समर्थन दिया।

उन्होंने कहा कि रांची की जनसभा से राहुल ने शंखनाद कर कह दिया है कि एचईसी के ऊपर अडानी का ठप्पा नही लगने देंगे और इसे किसी भी कीमत पर बंद नहीं होने देंगे। झारखंड के आदिवासी समुदाय को सरना धर्म कोड आवंटन दिलाने के लिए कांग्रेस की स्पष्ट नीति का खुलासा करते हुए कोड दिलाने की भी बात की है।

मीर ने कहा कि यात्रा झारखंड में ऐसे समय में प्रवेश कर रही थी जिस समय पूरे झारखंड में राजनीतिक उथल-पुथल का माहौल था। केंद्रीय एजेंसियों के इशारे पर झारखंड में सरकार को अपदस्थ करने का पूरा माहौल तैयार किया जा रहा था। लेकिन कांग्रेस एवं महागठबंधन कार्यकर्ताओं के धैर्य और संयम का परिचय देते हुए न्याय के हक के लिए लड़ रहे हैं। राहुल की यात्रा को झारखंड में शानदार सफलता दिलाई। न्याय यात्रा के जरिए झारखंड की जनता की मूल समस्याओं को राष्ट्रीय फलक पर उठाया गया और हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं की समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस नेतृत्व सतत प्रयत्नशील रहेगा।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत न्याय यात्रा ने सफल मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की एक छोर से लेकर दूसरे छोर तक पाकुड़ से लेकर सिमडेगा तक कार्यकर्ता एवं जनता में स्वः स्फूर्त जोश था। न्याय के पांच स्तंभों सामाजिक न्याय, महिला न्याय, भागीदारी न्याय, किसान न्याय को लेकर जारी न्याय यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

# ईडी के हाथ लगा विनोद सिंह का व्हाट्सएप चैट, कई खुलासे होने की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जांच के दौरान सत्ता के आला नेताओं के करीबी रहे विनोद सिंह का व्हाट्सएप चैट हाथ लगा है। इसमें कई खुलासे होने की संभावना है। किसी को डीसी तो किसी को डीडीसी बनाने का आफर दिया गया है। इतना ही नहीं इसके लिए डिमांड भी की गई है। इससे साफ है कि बिनोद सिंह आईएएस अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग भी करवा रहा था। ईडी को जो चैट हाथ लगा है वह जून 2020 का है। चैट में कोई रिप्लाई नहीं मिला है। बताया गया है कि विनोद सिंह के ठिकाने पर छापेमारी के दौरान ईडी को जेएसएससी की नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड की फोटो कॉपी भी मिली है। उल्लेखनीय है कि छह फरवरी को ईडी ने आर्किटेक्ट



विनोद सिंह को ईडी ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था। दस्तावेजों की जांच और पूछताछ करने के बाद ईडी ने उन्हें वापस भेज दिया था।

बताया जा रहा है कि आर्किटेक्ट विनोद सिंह सत्ता शीर्ष के करीबी है। इस साल तीन जनवरी को आर्किटेक्ट विनोद सिंह के घर पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 15 जनवरी को ईडी ने विनोद सिंह को एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे थे।

### ईडी की कार्रवाई के बाद झामुमो हताश-निराश : प्रदीप वर्मा



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने बुधवार को सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। वर्मा ने कहा कि ईडी की कार्रवाई के बाद झामुमो हताश-निराश है। अपने काले कारनामों को छुपाने का कोई रास्ता झामुमो को नहीं दिख रहा। रोज भ्रष्टाचार के नए नए मामले उजागर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो को अब भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने वाले लोकतंत्र के जल्लाद दिखते हैं। झामुमो को अब न्यायालय में, मीडिया में भी जल्लाद दिखाई पड़ रहे। झामुमो तो लोकतंत्र के जल्लाद के साथ सत्ता चला रही है। झामुमो को बताना चाहिए कि जिस कांग्रेस ने 90 बार राष्ट्रपति शासन के माध्यम से लोकतंत्र का गला घोंटा उससे बड़ा लोकतंत्र का हत्यारा और कौन हो सकता है।

### झारखंड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने कोलकाता में की छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी झारखंड में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोलकाता में एक प्रतिष्ठित व्यवसायी के आवास और कार्यालय पर छापेमारी और तलाशी अभियान चला रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि अन्य व्यवसायों के अलावा, व्यवसायी शहर के टॉप रेटेड मोटर-ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूलों में से एक का भी मालिक है। एक महिला जांचकर्ता सहित तीन ईडी अधिकारियों की एक टीम सबसे पहले दक्षिण कोलकाता के मुदियाली स्थित उक्त व्यवसायी के आवास पर पहुंची। इसके तुरंत बाद केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों की एक अन्य टीम ने दक्षिण कोलकाता के बिधान सारणी में उसी व्यवसायी के कार्यालय पर समानांतर छापेमारी और तलाशी अभियान शुरू किया। सूत्रों ने कहा कि छापेमारी और तलाशी अभियान चलाने के अलावा, ईडी के अधिकारियों ने उक्त इकाई से जुड़े कर्मचारियों से भी पूछताछ की। इस बीच, एक अलग घटनाक्रम में, ईडी के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के स्कूल घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के तृणमूल कांग्रेस पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता को नोटिस जारी किया है।

उक्त पार्षद को पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी का करीबी विश्वासपात्र माना जाता है, जो पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। दासगुप्ता को गुरुवार को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में ईडी के सॉल्ट लेक कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि दासगुप्ता को अन्य संबंधित विवरणों जैसे आयकर रिटर्न और बैंक खाते के विवरण के साथ केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इससे पहले, स्कूल भर्ती घोटाले में समानांतर जांच कर रहे सीबीआई अधिकारियों ने पहले ही दासगुप्ता के आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया था और वहां से कई दस्तावेज जब्त किए थे। सूत्रों ने कहा कि छापेमारी और तलाशी अभियान, कुछ रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए कुछ संस्थागत वित्तपोषण में जाली दस्तावेजों के उपयोग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के संबंध में है। हालांकि अनियमितता का स्त्रोत रांची में था, ईडी के अधिकारी कथित घोटाले के कोलकाता लिंक के इनपुट के आधार पर पूछताछ कर रहे हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**शादी की सालगिरह पर हेमंत से...**

वर्ष 2006 में हुई थी। दोनों के दो पुत्र हैं। हेमंत सोरेन के जेल जाने पर कल्पना सोरेन के सीएम बनने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन परिवार और पार्टी में अंतर्विरोध की वजह से यह फैसला नहीं लिया जा सका। अब कल्पना सोरेन ने सार्वजनिक जीवन में सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। उन्होंने बीते 5 फरवरी से अपने पति हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया अकाउंट्स को खुद संभालने का ऐलान कर दिया है।

**पलामू में महिला की गोली मारकर...**

ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर डीएसपी मणिभूषण प्रसाद,प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी, शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुशार गोली महिला की कनपट्टी में लगी है। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

**पति और बेटे की भी हो चुकी है...**

दोनों युवक लगातार नमिता देवी पर जमीन के मामले को मैनेज करने का दबाव बना रहे थे।

**राज्य के लोगों को 125 यूनिट तक...**

ज्यादा आवेदन मिले हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत से ज्यादा का निष्पादन किया जा चुका है। सीएम ने पांच वर्ष से ज्यादा पुरानी सभी सड़कों की मरम्मत का निर्देश अफसरों को दिया। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 15,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की मरम्मत की जानी है। इसमें 9,000 किलोमीटर सड़क मरम्मत की स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने रांची और बोकारो में मेडिकल कॉलेज खोले जाने को लेकर हो रही पहल की भी जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि बोकारो मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिल चुकी है और रांची मेडिकल कॉलेज के लिए डीपीआर बनाया जा रहा है। वहीं, रिनपास, रांची के परिसर में मेडिको सिटी बनाया जाएगा। मंत्रीपरिषद से इस प्रस्ताव को अप्रूवल मिलने के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का काम शुरू कर दिया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे और विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव उपस्थित थे।

**हेमंत सोरेन की ईडी रिमांड...**

रिमांड मंजूर की। ईडी ने रांची के बरियातू स्थित जिस साढ़े आठ एकड़ जमीन के घोटाले के आरोप में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है, उस मामले में पहले से जेल में बंद एक राजस्वकर्मी भानु प्रताप को भी रिमांड पर लिया गया है। अब एजेंसी इन दोनों को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी। इस राजस्व कर्मी ने ईडी को दिए अपने बयान में बताया है, ह्लअफसरों ने मुझसे कहा था कि बरियातू स्थित जमीन बॉस की है। अफसरों की सर्किल में बॉस का मतलब हेमंत सोरेन होता था। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन ने विधानसभा में विश्वास मत पर चर्चा के दौरान सोमवार को चुनौती भरे अंदाज में कहा था कि जिस साढ़े आठ एकड़ जमीन पर कब्जे के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया है, अगर उससे संबंधित कोई भी कागज अगर वे पेश कर दें तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा और झारखंड छोड़कर चला जाऊंगा।

### राजीव अरुण एक्का सीएम के अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने सदस्य राजस्व पर्षद रांची के पद पर पदस्थापित राजीव अरुण एक्का (अतिरिक्त प्रभार मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव झारखंड, अपर मुख्य सचिव वन विभाग तथा अपर मुख्य सचिव पंचायती राज विभाग) को मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में उन्हें मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के पद पर नियुक्त किया गया था लेकिन उनके इस्तीफा देने के राज्य में नये मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अपना प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे को नियुक्त किया है। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

# विपक्ष लाख कोशिश कर ले, 2024 में केंद्र में भाजपा की ही सरकार बनेगी : कड़िया मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

भाजपा के दिग्गज नेता और खूंटी से आठ बार सांसद रहे पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि विपक्ष लाख कोशिश कर ले लेकिन 2024 में केंद्र में भाजपा की ही सरकार बनेगी। पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है। उन्हें हरा पाना फिलहाल संभव नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की झारखंड में हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर मुंडा ने कहा कि राहुल गांधी के झारखंड दौर से कांग्रेस को कोई फायदा होनेवाला नहीं है। मुंडा ने अनिगड़ा स्थित आवास पर हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि सिर्फ बड़े नेताओं के आने से चुनाव नहीं जीता जा सकता। हां, इतना जरूर है कि बड़े नेताओं के आने से कार्यकताओं में उत्साह का संचार होता है और काम करने के लिए उन्हें संजीवनी मिलती है। कांग्रेस अपने संगठन और काम के बल पर आज तक चुनाव नहीं जीती है। उन्होंने कहा कि खूंटी में भाजपा का किला काफी मजबूत है।

उन्होंने कहा कि खूंटी के आदिवासी अपने नेताओं से नाराज तो होते हैं, लेकिन जल्द ही भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी के नेता के आने-जाने से वोट मिलता



है, यह गलत है। कड़िया मुंडा ने कहा कि राहुल बेचारा क्या करेगा, पूरी मिशनरी परेशान है। डिलिस्टिंग को लेकर रांची में भी रैली हुई लेकिन सफल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि डिलिस्टिंग के मुद्दे को जिस तरह से मीडिया हवा बन रहा है, वह गलत है। मिशनरियों को डर सताने लगा है कि अब वे क्या करेंगे और कहां जाएंगे। इसलिए राहुल की शरण में जा रहे हैं। कांग्रेस के लिए सॉफ्ट कॉर्नर बने मिशनरी के पास करने के लिए कुछ नहीं बचा है। कड़िया मुंडा ने कहा कि अगर कांग्रेस डिलिस्टिंग के मामले पर कुछ बोलती है, तो उसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा। कांग्रेस जितना इसका विरोध करेगी, उतना ही लाभ भाजपा को होगा और यदि वह इस मुद्दे पर चुप रहती है, तो शायद कांग्रेस को कुछ फायदा हो जाए। कड़िया मुंडा का दावा है कि धर्मांतरण करने वाले आज कहने लगे हैं कि हुए वे हम लोगों का ही हिस्सा का फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों का धर्मांतरण किया गया है। फिलहाल भाजपा ने तो डिलिस्टिंग करने की बात कही है और अभी से ही विशेष समुदाय के लोगों को तकलीफ होने लगी है। उन्होंने कहा कि मिशनरी समुदाय जितना मामले का विरोध करेगा, उतनी परेशानी और फजियत उनकी होगी। हेमंत सोरेन पर टिप्पणी करते हुए कड़िया मुंडा ने कहा कि हेमंत दावा करते हैं कि उनके पिता शिबू सोरेन ने अलग राज्य की लड़ाई लड़ी और झारखंड मिला। कड़िया ने कहा कि उनके पिता ने झारखंड की लड़ाइ तो कभी लड़ी, नहीं झारखंड आंदोलन के बेचा जरूर है। उसके बाद भी कहते हैं कि उनके पिता झारखंड के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने कह कि इनका चरित्र ही है कि वे दूसरे की कमाई को अपनी कमाई बताते हैं। उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है, यहां बोलने का सबको अधिकार है, इसलिए बोलने दीजिए।

# अनुसूचित जाति मोर्चा पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करें : अमर बाउरी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास का बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी ने पगड़ी बांधकर किशुन कुमार दास का उनके पद का दायित्व सौंपा।अमर बावरी ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा का विशाल जन समूह झारखंड प्रदेश में है और सभी एकजुट होकर पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करें। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि झारखंड प्रदेश में अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के हितों की रक्षा हर संभव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में सामाजिक आर्थिक और प्रशासनिक किसी भी तरह के अत्याचार जुल्म होगा तो अनुसूचित जाति मोर्चा एक परिवार की भांति उन पीड़ित परिवारों के लिए एकजुट होकर उनको न्याय दिलाएगी। किशुन कुमार दास ने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि झारखंड में तकरीबन 50 लाख आबादी अनुसूचित जाति की है। झारखंड प्रदेश में अनुसूचित जाति की 22 जातियां हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह दायित्व मुझ पर सौंपा गया है और यह मेरी पूरी जिम्मेवारी है कि सभी 50 लाख परिवार के लिए हमेशा उनकी सेवा में उपलब्ध रहूंगा। कर्मवीर सिंह ने संगठन के दायित्व और अनुसूचित जाति मोर्चा के कर्तव्यों से कराया रूबरूभाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष की जिम्मेदारी काफी बड़ी है और सभी पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
आरसीटी
पायरिया का ईलाज
टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
स्माईल डिजाइन
इनविजिवल क्लिप
दंत रोपण
फिक्स दाँत लगाना
अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। पीएमओ ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर यह जानकारी दी।

### हेलीकॉप्टर दुर्घटना में चिली के पूर्व राष्ट्रपति सेबेस्टियन पिनेरा का निधन



**सैंटियागो।** चिली गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति 74 वर्षीय सेबेस्टियन पिनेरा का मंगलवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने पिनेरा के निधन पर तीन दिन के राष्ट्रीय क की घोषणा की है। अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पिनेरा सैन्य तानाशाही के खात्मे के बाद चिली के पहले रूढ़िवादी नेता बने। उन्होंने देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में मदद की। रिपोर्ट के अनुसार, चार लोगों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर दोपहर करीब साढ़े तीन बजे दक्षिणी चिली के लॉस रियोस क्षेत्र में रैंको झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तीन लोग बच गए और तैरकर किनारे आ गए। चिली की नौसेना ने दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति पिनेरा का शव बरामद कर लिया है।

### एआईडीएमके दल के 16 नेताओं ने थामा भाजपा का हाथ



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु की राजनीति को लेकर अहम खबर है। बुधवार को एआईडीएमके के 16 नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लिया। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई, राज्य मंत्री एल मुरुगन और राजीव चंद्रशेखर ने इन सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इनमें पूर्व विधायक और पूर्व सांसद भी हैं। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन भी मौजूद थीं।

### संदिग्ध आतंकी को एटीएस ने नासिक से किया गिरफ्तार



**मुंबई।** महाराष्ट्र के एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने नासिक जिले के तिड़के नगर में बुधवार तड़के छापा मार कर एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया। संदिग्ध आतंकी की पहचान हुजीफ अब्दुल अजीज शेख के रूप में हुई है। अब तक की छानबीन में पता चला है कि हुजीफ अब्दुल शेख विदेश में कई आतंकी संगठनों के जरिए आईएसआईएस के आतंकियों को आर्थिक मदद पहुंचा रहा था। महाराष्ट्र एटीएस के सूत्रों के अनुसार हुजीफ अब्दुल अजीज शेख के बारे में गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने अमृत उद्यान के लिए शटल बस सेवा को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमृत उद्यान आने वालों की सुविधा के लिए बुधवार को केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से शटल बस सेवा को हरी झंडी दिखाई। यह शटल सेवा केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के गेट संख्या 4 से अमृत उद्यान के गेट संख्या 35 के बीच चलेगी। यह बुधवार की सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति भवन का 'अमृत उद्यान' 2 फरवरी से आम लोगों के लिए खुला है। घूमने-फिरने के शौकीन लोग 31 मार्च तक सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यहां घूमने जा सकते हैं। प्रत्येक सोमवार को रखरखाव के लिए उद्यान आम लोगों के लिए बंद रहेगा। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा। आगंतुकों की सुविधा के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे के बीच हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेगी। अमृत उद्यान 22-23 फरवरी तथा 1 और 5 मार्च को विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा। यह 22 फरवरी को दिव्यांग व्यक्तियों, 23 फरवरी को रक्षा, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के कर्मियों के लिए जबकि 1 मार्च को महिलाओं एवं आदिवासी महिला एसएचजी के लिए और 5 मार्च को अनाथालयों के बच्चों के लिए खुला रहेगा।

ऑनलाइन बुकिंग राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है और और साथ ही गेट नंबर 35 के बाहर स्थित सेल्फ सर्विस कियोस्क के माध्यम से भी स्लॉट की बुकिंग मुफ्त है। आगंतुक मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक चाबियां, पर्स, हैंडबैग, पानी की बोतलें और शिशुओं के लिए दूध की बोतलें ले जा सकते हैं। सार्वजनिक मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा, चिकित्सा सुविधाओं का इंतजाम किया जाएगा।

आगंतुकों को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे के बीच छह घंटे के स्लॉट में यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। दो पूर्वाह्न स्लॉट (10 बजे से 12 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में 7,500 आगंतुकों और सप्ताहांत पर प्रत्येक स्लॉट में 10,000 आगंतुकों की होगी। दोपहर के चार स्लॉट (12 बजे से सायं 4 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में प्रत्येक स्लॉट में 5,000 आगंतुकों और सप्ताहांत पर 7,500 आगंतुकों की होगी। इस दौरान आगंतुक 225 साल पुराना शीशम का पेड़, बोनसाई गार्डन में 300 से अधिक बोनसाई जिनमें से कई दशकों पुराने हैं, म्यूजिकल फाउंटेन, सेंट्रल लॉन में दुर्लभ और विदेशी फूल, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन से गुजरेंगे। थीम गार्डन में 18 किस्मों के 42,000 ट्यूलिप लगाए गए हैं। बाहर निकलने पर उनके लिए फूड कोर्ट होंगे। यहां एक सुंदर सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है। अमृत उद्यान के अलावा लोग सप्ताह में छह दिन (मंगलवार से रविवार तक) राष्ट्रपति भवन और राष्ट्रपति भवन संग्रहालय भी देख सकते हैं। वे राजपत्रित छुट्टियों को छोड़कर प्रत्येक शनिवार को चेंज-ऑफ-गार्ड समारोह भी देख सकते हैं। उद्यान उत्सव के दौरान स्कूली छात्र संग्रहालय का निःशुल्क भ्रमण कर सकते हैं।

### राष्ट्रपति ने स्कूली बच्चों के साथ दिल्ली मेट्रो में की सवारी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो की सवारी की। यात्रा के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से भी बातचीत की। सोशल मीडिया पर 27 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप में मुर्मू को खाली मेट्रो वैगन में अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए दिखाया गया है। इस दौरान उनके साथ दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के एमडी डॉ. विकास कुमार भी थे। 58 सेकंड की एक अन्य वीडियो क्लिप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली मेट्रो में अपनी यात्रा के दौरान स्कूली छात्रों से बातचीत करती हुई दिखाई दीं। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति के इस अप्रत्याशित कदम का उद्देश्य शहर के निवासियों के दैनिक जीवन के साथ संबंध स्थापित करना था।

### पीएम मोदी ने पढ़ी नेहरू की चिट्ठी, कहा

# 'पूर्व पीएम ने किया था आरक्षण का विरोध'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने राज्यसभा में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की चिट्ठी पढ़ी और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। पीएम मोदी ने जिक्र किया कि नेहरू जी कहते थे कि अगर एससी/एसटी, ओबीसी को नौकरी में आरक्षण मिला तो सरकारी कामकाज का स्तर गिर जाएगा। आज जो ये आंकड़े गिनाते हैं, उसका मूल यही है। अगर उस समय सरकार में भर्ती हुई होती, तो वो प्रमोशन के बाद आगे बढ़ते और आज यहां पहुंचते। मोदी ने कहा, एक बार नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखी थी, जिसमें लिखा था कि मैं किसी भी आरक्षण को पसंद नहीं करता और खासकर नौकरी में आरक्षण तो कतई नहीं। मैं ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ हूं जो अकुशलता को बढ़ावा दे। इसी के आधार पर मैं कहता हूं कि कांग्रेस आरक्षण की जन्मजात विरोधी है। कहा, कांग्रेस ने ओबीसी को पूरी तरह से आरक्षण नहीं दिया, कभी सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण नहीं दिया, जिसने बाबा साहब को भारत रत्न देने योग्य नहीं समझा, वह सिर्फ अपने परिवार को ही भारत रत्न देते रहे। वे अब हमें सामाजिक न्याय का उपदेश दे रहे हैं। जिनके पास नेता के रूप में कोई गारंटी नहीं है, वे मोदी की गारंटी पर सवाल उठा रहे हैं।" पीएम मोदी ने कहा कि ये लोग आज भी लोकल फॉर वोकल बोलने से बच रहे हैं, आत्मनिर्भर भारत की बात उनके मुंह से नहीं निकलती है। मेक इन इंडिया कोई बोलता है तो उनके पेट में चूहे दौड़ने लग जाते हैं।

#### हम देश को कठिन दौर से बाहर लाए हैं : पीएम



पीएम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए कहा कि हम देश को कठिन दौर से बहुत मेहनत करके सोच समझकर कर संकट से बाहर लाए हैं। पीएम मोदी ने यूपीए सरकार के 10 साल पर तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह का दिया गया एक वक्तव्य बुधवार को राज्यसभा में पढ़ा। तब मनमोहन सिंह ने कहा था, सदस्य गण जानते हैं कि हमारी ग्रोथ धीमी हो गई है और फिजिकल डेफिसिट बढ़ गया है। महंगाई दर बीते 2 वर्षों से लगातार बढ़ रही है, करंट अकाउंट डेफिसिट हमारी उम्मीदों से कहीं अधिक हो चुका है।

#### टैक्स कलेक्शन में भ्रष्टाचार, जीएसटी जरूरी : मनमोहन



पीएम मोदी ने तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह का एक और वक्तव्य दोहराया, देश में व्यापक गुस्सा है। पब्लिक ऑफिस के दुरुपयोग को लेकर भारी गुस्सा है। मोदी ने कहा तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक अन्य वक्तव्य में कहा था, टैक्स कलेक्शन में भ्रष्टाचार होता है, इसके लिए जीएसटी लाना चाहिए। राशन की योजना में लीकेज होती है, जिस देश का गरीब सबसे अधिक पीड़ित है। इसको रोकने के लिए उपाय खोजने होंगे। सरकारी ठेके जैसे दिए जा रहे हैं, उस पर शक होता है।

#### स्थानीय भाषा में पढ़ाई के प्रति आपकी बेरुखी क्यों थी

अगर आप अंग्रेजों से प्रभावित नहीं थे तो भारतीय भाषाओं को हीन भावना से क्यों देखा। स्थानीय भाषा में पढ़ाई के प्रति आपकी बेरुखी क्यों थी। अगर आप अंग्रेजों से प्रभावित नहीं थे तो भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी बताने से कौन रोकता था। कांग्रेस ने नैरेटिव फैलाया और उस नैरेटिव का प्रभाव क्या हुआ, भारत की संस्कृति और संस्कार मानने वाले लोगों को बड़ी हीन भावना से देखा गया, दकियानूसी माना गया। इंपोर्टेड सामान को स्टेटस सिंबल बना दिया गया था। आज आत्मनिर्भर भारत की बात उनके मुंह से नहीं निकलती है।

#### बीमारी का पता था लेकिन सुधार को कोई तैयार नहीं था

प्रधानमंत्री मोदी ने राजीव गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि एक और पूर्व प्रधानमंत्री का वक्तव्य है कि दिल्ली से एक रुपया जाता है और केवल 15 पैसा पहुंचता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीमारी का पता था लेकिन सुधार करने की तैयारी नहीं थी। आज बातें तो बड़ी-बड़ी की जा रही है, कांग्रेस के 10 साल का शासन देखा जाए तो देश की अर्थव्यवस्था दुनिया भर में फ्रेजाइल फाइव में थी। जबकि हमारे 10 वर्ष टॉप फाइव इकोनामी वाले हैं।

#### अंग्रेजों की बनाई दंड संहिता आपने क्यों नहीं बदली

इस सदन में अंग्रेजों को याद किया गया। मैं पूछना चाहता हूं कि अंग्रेजों से कौन प्रभावित था। मैं यह नहीं पूछूंगा कि कांग्रेस पार्टी को जन्म किसने दिया था। आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता को किसने बढ़ावा दिया। उन्होंने कांग्रेस से प्रश्न किया कि अंग्रेजों की बनाई दंड संहिता आपने क्यों नहीं बदली। अंग्रेजों के जमाने के बनाए गए सैकड़ों कानून क्यों चलाते रहे। उन्होंने कहा कि भारत का बजट शाम को 5 बजे इसलिए आता था क्योंकि तब सुबह ब्रिटिश पार्लियामेंट के शुरू होने का समय होता था।

#### सेनाओं के प्रतीक चिह्न अंग्रेजों के क्यों थे

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर आप अंग्रेजों से प्रभावित नहीं थे तो हमारी सेनाओं के प्रतीक चिह्नों पर गुलामी के प्रतीक क्यों बने हुए थे। अब हम एक के बाद इन चिह्नों को हटा रहे हैं। अगर आप अंग्रेजों से प्रेरित नहीं थे तो राजपथ को कर्तव्य पथ करने के लिए क्यों मोदी का इंतजार करना पड़ा। अंडमान और निकोबार दीप समूह पर आज भी अंग्रेजों की सत्ता के निशान क्यों लटके हुए हैं। देश के जवान देश पर मर मिट रहे, लेकिन उनके सम्मान में एक वार मेमोरियल नहीं बनाया।

### पटाखा फैक्टरी विस्फोट : दूसरे दिन भी मलबे से उठ रहा धुआं

# राहत कार्य शुरू, आ रही परेशानी

**एजेंसी। हरदा/भोपाल**

पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के दूसरे दिन बुधवार को भी मलबे में जगह-जगह आग धधक रही है और धुआं उठ रहा है। तेज तपिश बरकरार है। इससे बचावकर्मियों को मलबा हटाने में दिक्कत आ रही है। पटाखा फैक्ट्री की साइट पर वाराणसी स्थित हेडक्वार्टर से एनडीआरएफ का 35 सदस्यीय दल बुधवार सुबह पहुंचा। फैक्ट्री में जहां तलघर में बारूद और कर्मचारी मौजूद थे, वहां मलबा हटाने का काम किया जा रहा है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के बचाव दल आग बुझाने और कूलिंग करने का काम कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के हरदा जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर बैरागढ़ गांव स्थित पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार सुबह विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई थी। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 172 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

कई घायलों को इंदौर, भोपाल के अलावा आसपास के जिलों के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय कमेटी गठित की है। मुख्यमंत्री आज स्वयं हरदा पहुंचकर हालात का जायजा लेंगे।



हरदा : पटाखा फैक्ट्री के पास पीड़ितों के परिवार के सदस्य

#### फैक्ट्री मालिक समेत चार आरोपी गिरफ्तार

हरदा में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री के मालिक राजेश अग्रवाल और सोमेश अग्रवाल समेत तीन आरोपितों को पुलिस ने मंगलवार देर रात ही गिरफ्तार कर लिया था। दोनों फैक्टरी मालिक हरदा छोड़ कर नेशनल हाईवे के जरिये भाग रहे थे, इसी बीच पुलिस ने राजगढ़ जिले के सारंगपुर के समीप हाईवे पर इन्हें पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, तीसरे आरोपित का नाम रफीक खान है। इस मामले में हरदा के सिविल लाइन थाना में एक अपराध दर्ज किया गया है। फिलहाल तीनों आरोपित पुलिस कस्टडी में हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं, बुधवार सुबह पटाखा फैक्टरी में हुए हादसे के एक और आरोपित रफीक उर्फ मन्नी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि रफीक कांग्रेस पार्षद का भाई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## आईएफएस सुशांत पटनायक के आवास पर ईडी की छापेमारी



**एजेंसी। देहरादून**

उत्तराखंड में ईडी की छापेमारी का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। डॉ. हरक सिंह रावत के बाद इसका दूसरा शिकार कैनाल रोड निवासी एवं चर्चित आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक हैं, जिनके यहां डॉ. हरक सिंह रावत के साथ ही साथ ईडी की रेड चल रही है। डॉ. हरक सिंह रावत वन मंत्री और सुशांत पटनायक कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक के रूप में कार्य कर रहे थे। सुशांत पटनायक पर अभी हाल में ही एक युवती ने छेड़छाड़ का आरोप भी लगाया है। कार्बेट टाइगर में अवैध निर्माण और पेड़ कटान के मामले में डीजी फारेस्ट की जांच में सुशांत पटनायक का नाम भी शामिल है।

## ईडी की शिकायत पर केजरीवाल 17 को दिल्ली कोर्ट में तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को पेश होने के लिए समन जारी किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री को ईडी द्वारा उनके खिलाफ अनुपालन न करने की शिकायत पर तलब किया गया है। ईडी ने आप नेता पर शराब घोटाले में समन का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा कि उन्होंने शिकायत पर संज्ञान लिया है।

### सीडीएस जनरल चौहान ने 3 दिवसीय अंतरिक्ष संगोष्ठी-प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# भारत के लिए आत्मनिर्भर होने का समय

#### अंतरिक्ष-रोधी क्षमताओं पर काम करने के लिए भारतीय उद्योग जगत से आह्वान

**एजेंसी। नई दिल्ली**






चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि अब भारत में अत्यधिक सक्षम आत्मनिर्भर 'डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम' के निर्माण का समय है। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत से देश की अंतरिक्ष संपत्तियों की सुरक्षा के लिए काउंटर-स्पेस क्षमताओं को बढ़ाने पर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा है कि चूंकि देश अमृत काल से गुजर रहा है, इसलिए अंतरिक्ष संवर्धन से लेकर अन्वेषण तक सरकार ने राष्ट्र के लिए बड़े लक्ष्यों की कल्पना की है। सीडीएस चौहान बुधवार को दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर में तीन दिवसीय अंतरिक्ष संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। सीडीएस ने निजी अंतरिक्ष उद्योग भागीदारों की विभिन्न तकनीक प्रगति को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। भारतीय सशस्त्र बलों में संयुक्तता, एकीकरण और परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के साथ थिंक टैंक 'संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र' और सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन के साथ यह सेमिनार आयोजित की गई। इसका उद्देश्य नागरिक, वाणिज्यिक और रक्षा अंतरिक्ष कार्यक्रमों के बीच समन्वय और तालमेल को बढ़ावा देना है।

मानव जाति और युद्ध में लगे सशस्त्र बलों के लिए अंतरिक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि भूमि, वायु, समुद्र और यहां तक कि साइबर के पारंपरिक क्षेत्रों में युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष का उपयोग किया जा सकता है। सशस्त्र बलों की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अंतरिक्ष का उपयोग करने की सरकार की प्रमुख पहलों का उल्लेख करते हुए सीडीएस ने आई-डेक्स पहल के तहत मिशन डेफस्पेस 2022 के हिस्से के रूप में 75 अंतरिक्ष संबंधी चुनौतियों का उल्लेख किया।

जनरल चौहान ने कहा कि इस पहल के तहत कुल पांच अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और चार अनुबंध प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। सीडीएस ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार देश के भीतर एक भरोसेमंद अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए स्टार्ट-अप सहित सभी हितधारकों को प्रोत्साहित कर रही है। हमारे पास अंतरिक्ष क्षेत्र में 2014 में एक स्टार्टअप था, जो 2023 में 204 तक बढ़ गए हैं। सरकार ने 2023 में इस क्षेत्र में 123 मिलियन डॉलर का निवेश किया है, जिससे कुल फंडिंग 380.25 मिलियन डॉलर हो गई है। सीडीएस ने वर्ष 2033 तक स्वदेशी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 44 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद जताई है।

## अपीलीय अदालत के आदेश को चुनौती देंगे डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी। वाशिंगटन**



पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपीलीय अदालत के उस फैसले के खिलाफ अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का फैसला किया है, जिसने उनके सभी राष्ट्रपति प्रतिरक्षा बचाव को खारिज कर दिया था। यह देखते हुए कि चुनाव सिर्फ 10 महीने दूर हैं, अपील अदालत ने देरी को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील के लिए एक समय सीमा निर्धारित की। अपील अदालत की समय सीमा को ध्यान में रखते हुए ट्रम्प शीघ्र ही शीर्ष अदालत में अपील कर रहे हैं। अभियान के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग के एक बयान के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति इस फैसले से 'सम्मानपूर्वक असहमत' हैं। चेउंग ने कहा कि 'पूर्ण प्रतिरक्षा के बिना, अमेरिका का राष्ट्रपति ठीक से काम नहीं कर पाएगा।' ट्रम्प सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे, जहां वह उम्मीद कर सकते हैं कि रूढ़िवादी बहुमत - जिनमें से तीन सदस्य उन्होंने नियुक्त किए हैं - उनके पक्ष में फैसला सुनाएंगे। संघीय अपील अदालत ने मंगलवार को आपराधिक आरोपों के चलते राष्ट्रपति की छूट हासिल करने की ट्रम्प की क्षमता को नकारने का फैसला सुनाया, जो पूर्व राष्ट्रपति के लिए नया कानूनी झटका है।